

15:11:2023
web: www.rashtriyakhabar.com

अखबार जो बदल दे नजरिया

# राष्ट्रीय ख़बर
## हमारी नज़र

पेज ›› 12 मूल्य ›› 3 रुपये ›› वर्ष ›› 14 अंक ›› 310 epaper.rashtriyakhabar.com कार्तिक, शुक्लपक्ष द्वितीया, विक्रम संवत 2080

### विदुर नीति

धर्मेन राज्यं विंदेत धर्मेण परिपालयेत।
धर्ममूलां श्रियं प्राप्य न जहाति न हीयते॥

भावार्थ : लेकिन धर्मपूर्वक ही राज्य का पालन तथा रक्षण करना चाहिए, क्योंकि धर्ममूलक लक्ष्मी प्राप्त हो जाये तो न राजा ही कभी उसे छोड़ता है, न वह लक्ष्मी ही कभी राजा को छोड़ती है।

### रांची पारा अपडेट

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 26.00 °c | 13.00 °c |

सूर्यास्त (आज) ›› 17 .03 बजे
सूर्योदय (कल) ›› 06 .02 बजे

## पूर्ण स्टारशिप रॉकेट सिस्टम की दूसरी परीक्षण उड़ान 17 नवंबर को:मस्क

**वाशिंगटन:** अमेरिका में पूर्ण स्टारशिप रॉकेट प्रणाली की दूसरी परीक्षण उड़ान आयोजित करने के लिए 17 नवंबर को संघीय मंजूरी समय पर दी जा सकती है। स्पेसएक्स के संस्थापक एलन मस्क ने यह जानकारी दी है। श्री मस्क ने सोमवार देर रात कहा,अभी सूचित किया गया है कि प्रक्षेपण की मंजूरी शुक्रवार के प्रक्षेपण के समय पर मिलनी चाहिए। स्टारशिप रॉकेट प्रणाली राज्य के दक्षिणी सिरे पर दक्षिण पाद्रे द्वीप के पास स्थित स्टारबेस, टेक्सास से प्रक्षेपित होगी। पूर्ण स्टारशिप रॉकेट प्रणाली का पहला प्रक्षेपण 20 अप्रैल को हुआ, जो अब तक का सबसे बड़ा और सबसे शक्तिशाली रॉकेट बन गया। परीक्षण उड़ान के दौरान अंतरिक्ष यान को जानबूझकर समाप्त कर दिया गया था क्योंकि कई इंजनों के विफल होने पर इसकी ऊंचाई कम होने लगी थी।

## पाकिस्तान में सैन्य कार्रवाई में एक आतंकवादी ढेर

**इस्लामाबाद:** पाकिस्तान के उत्तर पश्चिम खैबर पख्तूनख्वा (केपी) प्रांत में खुफिया आधारित सैन्य अभियान के दौरान एक आतंकवादी मारा गया है। पाकिस्तानी सेना ने एक बयान में यह जानकारी दी। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने सोमवार देर रात कहा कि यह अभियान प्रांत के खैबर जिले के बारा इलाके में चलाया गया। आईएसपीआर के बयान में कहा गया है कि मारे गए आतंकवादी के पास से हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किया गया। यह आतंकवादी कई आतंकी गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल रहा। सेना के अनुसार इससे पहले केपी प्रांत के उत्तरी वजीरिस्तान जिले में झड़प के दौरान दो पाकिस्तानी सैनिक और एक आतंकवादी मारा गया था।

## एनआईए ने पुलवामा में की दो लोगों की संपत्ति कुर्क

**श्रीनगर:** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने मंगलवार को गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में दो लोगों की संपत्तियां जब्त कर ली। अधिकारियों ने कहा कि जम्मू में विशेष एनआईए अदालत के आदेश पर कई अचल संपत्तियां कुर्क की गई। उन्होंने कहा कि पुलवामा के सिंगू नारबल के रहने वाले मोहम्मद शफी वानी और मोहम्मद टीका खान की संपत्तियों को एनआईए के अधिकारियों ने कुर्क कर लिया है। अधिकारियों ने कहा, दोनों की कम से कम छह संपत्तियां यूएपीए के तहत कुर्क की गई। छापेमारी के बारे में और भी जानकारियां सामने आ रही हैं।

## जबालिया शरणार्थी शिविर पर बमबारी में 31 मारे गये

**गाजा:** उत्तरी गाजा पट्टी में जबालिया शरणार्थी शिविर में कई घरों को निशाना बनाकर की गई इजरायली बमबारी में 31 फिलिस्तीनी मारे गए। फिलिस्तीनी सुरक्षा और चिकित्सा सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। गाजा में हमास द्वारा संचालित सिविल डिफेंस ने एक बयान में कहा कि इजरायली विमानों ने जबालिया शरणार्थी शिविर में एक आवासीय क्षेत्र को निशाना बनाया, जिससे 12 घर पूरी तरह नष्ट हो गए और 31 लोगों की मौत हो गई। बयान में कहा गया है कि बमबारी में कम से कम दस अन्य घायल हो गए। गाजा में सरकारी मीडिया कार्यालय ने पहले दिन में घोषणा की कि इजरायली हमलों में फिलिस्तीनी मरने वालों की संख्या बढ़कर 11,240 हो गई है, जबकि 28,000 से अधिक अन्य घायल हुए हैं।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक 12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है।

प्रचार › मध्यप्रदेश के चुनाव प्रचार में फिर विपक्ष पर बरसे पीएम

# कांग्रेस को उपलब्धियां ना देखने की बीमारी : मोदी

- राहुल गांधी को महाज्ञानी बताया
- मोबाइल उत्पादन की चर्चा की
- सिर्फ झूठ बोलकर गुमराह किया

**एजेंसियां**



**बैतूल:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज बिना किसी का नाम लिए कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर जोरदार हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस के नेताओं को अपने देश की उपलब्धियों को ना देखने की मानसिक बीमारी है। श्री मोदी मध्यप्रदेश मे चुनाव प्रचार के दौरान बैतूल जिले में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि कांग्रेस आजकल सातवें आसमान पर उड़ रही है। पार्टी के नेता जमीनी सच्चाई नहीं जानते। कल एक महाज्ञानी नेता कह रहे थे कि भारत में ज्यादातर लोगों के पास मेड इन चाइना मोबाइल होता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लोग किस दुनिया में रहते हैं। पार्टी नेताओं को अपने देश की उपलब्धियों को ना देखने की मानसिक बीमारी है। पता नहीं कांग्रेस के नेता कौन सा विदेशी चश्मा लगाते हैं, उन्हें देश की स्थिति पता ही नहीं है। इसी क्रम में श्री मोदी ने कहा कि भारत दुनिया में मोबाइल फोन का दूसरा सबसे बड़ा निर्माता है। जब कांग्रेस केंद्र सरकार में थी तो भारत में 20 हजार करोड़ रुपए से कम के मोबाइल बनते थे। आज साढ़े तीन लाख करोड़ रुपए से ज्यादा के मोबाइल बन रहे हैं। करीब एक लाख करोड़ रुपए के मोबाइल तो भारत निर्यात करता है। उन्होंने कहा कि चुनाव के समय मेक इन इंडिया की बात करने वाले कभी लोकल के लिए वोकल क्यों नहीं होते। कांग्रेस के नेताओं को स्वदेशी का प्रचार करने में शर्म क्यों आती है। इनकी विदेशों से क्या सांठगांठ है कि वहीं का माल लाना चाहिए। श्री गांधी ने मध्यप्रदेश में एक चुनवी सभा में कहा था कि ज्यादातर भारतीयों के पास मेड इन चाइना मोबाइल होता है। कांग्रेस इस परिपाटी को बदल कर मेड इन मध्यप्रदेश मोबाइल का इस्तेमाल बढ़ाना चाहती है। उन्होंने कहा कि जैसे जैसे 17 नवंबर मतदान की तारीख पास आ रही है, वैसे ही कांग्रेस नेताओं के दावों की पोल खुलती जा रही है। पूरे मध्यप्रदेश से रिपोर्ट मिल रही है कि कांग्रेस ने हार मान कर खुद को भाग्य भरोसे छोड़ दिया है। साधु महात्माओं के पास डोरे-धागे के लिए जा रहे हैं, कुछ नसीब खुल जाए। कांग्रेस के पुराने लोग कहीं दिख ही नहीं रहे। कांग्रेसियों को लगता है कि वे जनता से किस मुंह से बात करें। उन्होंने मान लिया है कि मोदी की गारंटी के सामने झूठे वादे एक पल भी नहीं टिक सकते।

प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने दशकों तक आदिवासियों के वोट झूठ बोल कर बटोरे। सड़क, बिजली, पानी, स्कूल, अस्पताल जैसी सुविधओं से वंचित रखा। कर्जमाफी का वादा किया, पर डेढ़ साल बाद तक पूरा नहीं कर पाए। भाजपा जितना वादा करती है, उससे ज्यादा करने का प्रयास करती है। क्या घोषणा पत्र में था कि आदिवासी बेटी को राष्ट्रपति बनाएंगे। भाजपा देश भर में आदिवासी संस्कृतियों के भव्य स्मारक बना रही है।

उन्होंने कहा कि कल जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर वे झारखंड में बिरसा मुंडा के जन्म स्थान पर जा रहे हैं और कल ही सरकार आदिवासी कल्याण के लिए 24 हजार करोड़ रुपए की एक अहम योजना शुरु करने वाली है। बैतूल की विशाल जनसभा को देखते हुए श्री मोदी ने कहा कि वे संगठन के कार्यकर्ता रहे हैं। कितना ही बड़ा नेता क्यों ना आता हो, लेकिन सुबह 11 बजे चुनाव की सभा करना लोहे के चने चबाना जैसे काम है, लेकिन बैतूल ने कमाल कर दिया है। उन्होंने कहा कि ›› शेष पेज 2 पर

मणिपुर हिंसा पर अब गृह मंत्रालय ने कार्रवाई की

# आठ मैतेई संगठनों के खिलाफ प्रतिबंध बढ़ाया



**राष्ट्रीय खबर**

**नईदिल्ली:** गृह मंत्रालय ने आठ मैतेई चरमपंथी संगठनों के खिलाफ यूएपीए प्रतिबंध बढ़ाया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय (एमएचए) ने 13 नवंबर को सशस्त्र संघर्ष के माध्यम से भारत से मणिपुर को अलग करने की वकालत करने वाले आठ मैतेई चरमपंथी संगठनों के खिलाफ गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत प्रतिबंध बढ़ा दिया। एक सरकारी अधिसूचना में कहा गया है कि इसने मणिपुर के स्वदेशी लोगों को इस तरह के अलगाव के लिए उकसाने के लिए आठ संगठनों को गैरकानूनी संघ घोषित किया है। यह आठ संगठन हैं पीपुल्स लिबरेशन आर्मी जिसे आम तौर पर पीएलए के नाम से जाना जाता है, और इसकी राजनीतिक शाखा, रिवोल्यूशनरी पीपुल्स फ्रंट (आरपीएफ), यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट (यूएनएलएफ) और इसकी सशस्त्र शाखा, मणिपुर पीपुल्स आर्मी (एमपीए), पीपुल्स रिवोल्यूशनरी पार्टी ऑफ कांगलेईपाक (पीआरईपीएके) और उसकी सशस्त्र शाखा, रेड आर्मी, कांगलेईपाक कम्युनिस्ट पार्टी (केसीपी) और उसकी सशस्त्र शाखा, जिसे रेड आर्मी भी कहा जाता है, कांगलेई याओल कनबा लुप (केवाईकेएल), समन्वय समिति (कोरकॉम) और एलायंस फॉर सोशलिस्ट यूनिटी कांगलेइपक (एएसयूके)।

गृह मंत्रालय की अधिसूचना में इन संगठनों को सामूहिक रूप से मैतेई चरमपंथी संगठन के रूप में संदर्भित किया गया है। इसमें कहा गया है कि केंद्र सरकार की राय है कि संगठन भारत की संप्रभुता और अखंडता के लिए हानिकारक गतिविधियों में संलग्न रहे हैं; अपने उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए सशस्त्र साधनों ›› शेष पेज 2 पर

विधानसभा चुनाव में जीत पर कांग्रेसी नेता ने मंच से दावा किया

# एमपी में कांग्रेस का तूफान आने वाला है: राहुल गांधी

- डेढ़ सौ के करीब सीट का दावा
- तोमर के पुत्र के वीडियो की चर्चा
- भाजपा के मामले में एजेंसियां चुप

**एजेंसियां**



**विदिशा:** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने आज दावा करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव में कांग्रेस का तूफान आने वाला है और पार्टी 145 से 150 सीटों पर विजय हासिल कर राज्य में सरकार बनाएगी। श्री गांधी ने राज्य के विदिशा में कांग्रेस प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए यह दावा किया। उन्होंने कहा, मैं सौ प्रतिशत कह सकता हूं कि यहां पर कांग्रेस पार्टी का तूफान आने वाला है। आप लिखकर रख लो, मध्यप्रदेश की जनता कांग्रेस को 145 से 150 सीट तक देने जा रही है। श्री गांधी ने कहा कि पिछले विधानसभा चुनाव में प्रदेश की जनता ने कांग्रेस पार्टी की सरकार चुनी थी, लेकिन नरेंद्र मोदी, अमित शाह और शिवराज सिंह चौहान ने मिलकर विधायकों को खरीदा और जनता के द्वारा चुनी सरकार को चोरी करने का काम किया।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने कहा कि मध्यप्रदेश में उनके काफी दौरे लग चुके हैं और इसके आधार पर वे राज्य में 145 से 150 सीटें आने की बात कह रहे हैं। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और उसके नेताओं पर हमला करते हुए कहा कि इन लोगों की नीतियों के कारण युवा बेरोजगार है। किसान परेशान है। इनके राज में भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच गया है। श्री गांधी ने केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के पुत्र के वीडियो वायरल होने की घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि इन वीडियोज में सैकड़ों करोड़ रुपयों के लेनदेन की बात हो रही है। ये जनता का पैसा है और इसे नेता अपनी तिजोरियों में भर रहे हैं। उन्होंने भाजपा नेताओं का निशाने पर लेते हुए कहा कि इस मामले में ईडी, इनकम टैक्स और सीबीआई जैसी एजेंसियां क्यों ›› शेष पेज 2 पर

म्यांमार में सैन्य शासन और पीडीएफ के बीच बढ़ा संघर्ष

# म्यामांर के 39 सैन्यकर्मियों का आत्मसमर्पण

- मिजोरम सीमा पर म्यांमार के दो शिविरों पर कब्जा
- भागकर मिजोरम आने के लिए सीमा के पास है लोग
- सेना के अधिकांश कर्मियों को दो शिविरों में मार दिया

**भूपेन गोस्वामी**



**गुवाहाटी :** म्यांमार में जुंटा सेना पीपुल्स डिफेंस फोर्स (पीडीएफ) से विद्रोहियों से लड़ रही है। ये विद्रोही लगातार सैन्य शासन को चुनौती दे रहे हैं। म्यांमार के सैकड़ों नागरिक शरण लेने के लिए सीमा के पास खड़े हैं। म्यांमार की सीमा से सटे मिजोरम में हलचल तेज हो गई है। इस बीच, भारतीय सेना की असम राइफल्स ने म्यांमार की मौजूदा स्थिति पर चर्चा करने के लिए म्यांमार सीमा के पास मिजोरम की बस्तियों में ग्राम प्रधानों और नागरिक समाज समूह के नेताओं से मुलाकात की। पीपुल्स डिफेंस फोर्स द्वारा पीछा किए जाने के बाद म्यांमार सीमा को अवैध रूप से पार करने के लिए कम से कम 39 म्यांमार सेना को मिजोरम के जोखावथार पुलिस स्टेशन में भेज दिया गया है। म्यांमार सेना के 43 जवानों ने असम राइफल्स के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। मिजोरम बॉर्डर सुरक्षा असम राइफल्स संभाल रही है इसीलिए म्यांमार के आर्मी ने असम राइफल्स के सामने आत्म समर्पण कर दिया जो आर्मी को मिजोरम पुलिस और भारतीय सेवा ने पकड़ लिया था।

स्थानीय सूत्रों ने बताया कि म्यांमार के दोनों सैन्य शिविरों में करीब 80-80 सैन्यकर्मी हैं। ऐसी खबरें हैं कि पीडीएफ ने म्यांमार सेना के अधिकांश कर्मियों को दो शिविरों में मार दिया है। म्यांमार सेना द्वारा जेट लड़ाकू विमानों और हेलीकॉप्टरों का उपयोग करने के बावजूद, पीडीएफ सेनानियों ने मिजोरम सीमा पर म्यांमार के दो शिविरों पर कब्जा कर लिया है।

यंग मिजो एसोसिएशन (वाईएमए) कल से शरणार्थियों और गोलीबारी में घायल हुए लोगों की सक्रिय रूप से देखभाल कर रहा है। वाईएमए उप-मुख्यालय चंफाई ने घायल व्यक्तियों के लिए 42 यूनिट रक्त दान किया।

इस बीच, नागरिकों सहित 42 घायलों को चंफाई जिला अस्पताल ले जाया गया; जोखावथार से अस्पताल ले जाते समय 1 की मौत हो गई।मिजोरम के छह जिले चंफई, सियाहा, लोंगतलाई, सेरछिप, हनथियाल और सैतुअल म्यांमार के चिन राज्य के साथ 510 किलोमीटर लंबी बिना बाड़ वाली अंतरराष्ट्रीय सीमा साझा करते हैं। मिजोरम के पड़ोसी राज्य मणिपुर में शरणार्थियों और अवैध प्रवासियों की संख्या में वृद्धि के बीच सिकुड़ती भूमि, संसाधनों और राजनीतिक शक्ति के मुद्दे पर पहाड़ी बहुल कुकी जनजातियों और घाटी बहुल मैतेई समुदाय के बीच जातीय संघर्ष हुआ है। मणिपुर में दो समुदायों के बीच तीन मई से संघर्ष चल रहा है। चिन नेशनल आर्मी ने रिहखावदर शहर पर पूर्ण नियंत्रण किया, भारत-म्यांमार सीमा पर झंडा उठाया। म्यांमार चिन नेशनल आर्मी (सीएनए) में जातीय सशस्त्र संगठन ने अपने देश की सेना के साथ झड़पों के बीच पश्चिमी राज्य म्यांमार के सीमावर्ती शहर पर पूर्ण नियंत्रण कर लिया है।

सीएनए ने चिन राज्य के फलाम टाउनशिप में स्थित एक उप-शहर रिखावदार पर पूर्ण नियंत्रण हासिल करते हुए भारत-म्यांमार सीमा पर अपनी पकड़ बढ़ा दी है। चिन नेशनल आर्मी और उसके सहयोगी बलों ने 13 नवंबर को भारत-म्यांमार सीमा पर झड़पों के बाद कई जुंटा सैनिकों और सुरक्षा बलों को जिंदा गिरफ्तार कर लिया है, जबकि कई जुंटा सैनिकों को मार डाला है। इस बीच, नागरिकों सहित 47 घायलों को मिजोरम के चंफाई जिला अस्पताल ले जाया गया, जबकि 1 नागरिक ने जोखावथार से अस्पताल ले ›› शेष पेज 2 पर

प्रयोग › यह लेजर ऊंगलियों पर रखे जा सकते हैं

# लेजर उपकरण के भी नैनो चिप विकसित किये गये

- इतना छोटा उपकरण पहले नहीं बना
- टीएफएलएन से तैयार होता है यह
- कई अच्छे कामों में इस्तेमाल होगा

**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** लेजर की दुनिया में फिर से एक महत्वपूर्ण तरक्की हुई है। दरअसल प्रकाश की यह किरण कुछ ऐसी है कि इसे चांद तक भी भेजा गया था जो वहां अपोलो यान के शीशे से टकराकर लौटी थी। हाल ही में कई देशों ने चीन की नौसेना पर यह आरोप लगाया था कि उसके पोतों ने दूसरे जहाजों पर हल्के प्रभाव के लेजर किरण छोड़े थे। इस लिहाज से लेजर एक सटीक तथा दूर तक वार करने वाला हथियार भी है। अब फोटोनिक्स की टीम ने उच्च प्रदर्शन वाले अल्ट्राफास्ट लेजर विकसित किए हैं जो उंगलियों पर फिट हो जाते हैं। लेजर प्राकृतिक दुनिया में उन चीजों को देखने, पता लगाने और मापने के लिए आवश्यक उपकरण हैं जिन्हें हम नग्न आंखों से नहीं देख सकते हैं। लेकिन इन कार्यों को करने की क्षमता अक्सर महंगे और बड़े उपकरणों का उपयोग करने की आवश्यकता से प्रतिबंधित होती है।



जर्नल साइंस में प्रकाशित प्रबंध में, शोधकर्ता क्यूशी गुओ ने नैनोफोटोनिक चिप्स पर उच्च प्रदर्शन वाले अल्ट्राफास्ट लेजर बनाने के लिए एक दृष्टिकोण का प्रदर्शन किया है। उनका काम लघु मोड-लॉक लेजरों पर केंद्रित है - एक अनोखा लेजर जो फेमटोसेकंड अंतराल में अल्ट्राशॉर्ट, सुसंगत प्रकाश दालों की एक ट्रेन का उत्सर्जन करता है, जो एक सेकंड का आश्चर्यजनक चतुर्भुज है।

अल्ट्राफास्ट मोड-लॉक लेजर प्रकृति में सबसे तेज टाइमस्केल के रहस्यों को अनलॉक करने के लिए अपरिहार्य हैं, जैसे कि रासायनिक प्रतिक्रियाओं के दौरान आणविक बंधन बनाना या तोड़ना, या अशांत माध्यम में प्रकाश प्रसार। मोड-लॉक लेजर की उच्च गति, पल्स-पीक तीव्रता और ब्रॉड-स्पेक्ट्रम कवरेज ने कई फोटोनिक्स प्रौद्योगिकियों को भी सक्षम किया है, जिनमें ऑप्टिकल परमाणु घड़ियां, जैविक इमेजिंग और कंप्यूटर शामिल हैं जो डेटा की गणना और प्रक्रिया करने के लिए प्रकाश का उपयोग करते हैं। दुर्भाग्य से, अत्याधुनिक मोड-लॉक लेजर वर्तमान में महंगे, बिजली की मांग करने वाले टेबलटॉप सिस्टम हैं जो प्रयोगशाला उपयोग तक ही सीमित हैं।

सीयूएनवाई एडवांस साइंस रिसर्च सेंटर के फोटोनिक्स इनिशिएटिव और एक संकाय सदस्य गुओ ने कहा, हमारा लक्ष्य बड़े लैब-आधारित सिस्टम को चिप-आकार वाले सिस्टम में परिवर्तित करके अल्ट्राफास्ट फोटोनिक्स के क्षेत्र में क्रांति लाना है, जिन्हें बड़े पैमाने पर उत्पादित और क्षेत्र में तैनात किया जा सकता है। न केवल हम चीजों को छोटा बनाना चाहते हैं, बल्कि हम यह भी सुनिश्चित करना चाहते हैं कि ये अल्ट्राफास्ट चिप आकार के लेजर संतोषजनक प्रदर्शन प्रदान करें। उदाहरण के लिए, सार्थक चिप-स्केल बनाने के लिए हमें पर्याप्त पल्स-पीक तीव्रता की आवश्यकता है। हालाँकि, चिप पर एक प्रभावी मोड-लॉक लेजर को साकार करना कोई सीधी प्रक्रिया नहीं है। गुओ का शोध एक उभरते हुए सामग्री प्लेटफॉर्म का लाभ उठाता है जिसे थिन-फिल्म लिथियम नाइओबेट (टीएफएलएन) के रूप में जाना जाता है। यह सामग्री बाहरी रेडियो फ्रीक्वेंसी विद्युत सिग्नल को लागू करके लेजर पल्स को बहुत कुशल आकार देने और सटीक नियंत्रण में सक्षम बनाती है। अपने प्रयोगों में, गुओ की टीम ने विशिष्ट रूप से खास किस्म के सेमीकंडक्टर्स के उच्च लेजर लाभ और टीएफएलएन नैनोस्केल फोटोनिक वेवगाइड्स की कुशल पल्स आकार देने की क्षमता को ›› शेष पेज 2 पर

# शरणार्थियों को जबरन बाहर निकाल रहा है पाकिस्तान

- अफगानिस्तान सीमा पर अजीब किस्म का तनाव

**एजेंसियां**



**काबुल:** दुनिया का ध्यान गाजा और यूक्रेन पर केंद्रित होने के बीच अफगानिस्तान और पाकिस्तान की सीमा पर अजब किस्म का तनाव है। यह तनाव पाकिस्तान से 1.7 मिलियन अफगान शरणार्थियों के दुखद निष्कासन पर छाया हुआ है। वर्तमान स्थिति में न केवल अवैध प्रवासियों का प्रत्यावर्तन शामिल है। यह पूर्व सहयोगियों और दोस्तों, अफगान तालिबान के खिलाफ पाकिस्तानी सत्ता प्रतिष्ठान के गुस्से और हताशा की अभिव्यक्ति है। कार्यवाहक प्रधान मंत्री अनवर काकर ने तर्क दिया है, पाकिस्तान के अंदर हिंसक चरमपंथ के कृत्यों में लगे हुए हैं।

काकर का दावा है कि अफगानों ने इस साल अक्टूबर में पाकिस्तान में 15 आतंकी वारदातें कीं। कार्यवाहक सरकार ने अपनी खुफिया एजेंसियों को, जो एक मजबूत डेटासेट रखने के लिए जानी जाती हैं, लक्ष्य बनाने के बजाय दोषियों पर ध्यान केंद्रित करने का काम क्यों नहीं सौंपा। इसके बदले एक पूरी आबादी को निशाना बनाया जा रहा है। ›› शेष पेज 2 पर

## शहर >> अपडेट

### प्रखण्ड अध्यक्षों एवं मंडल अध्यक्षों की एक महत्वपूर्ण बैठक

रांची: पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत कांके विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत रिंग रोड, सुकुरहुटू, कांके, रांची में रांची जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो के अध्यक्षता में प्रखण्ड अध्यक्षों एवं मंडल अध्यक्षों की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश महासचिव सह रांची जिला प्रभारी शिवकुमार भगत, विधानसभा प्रभारी महेंद्र मिश्रा जी, राजकुमार यादव, जवाहर बाल मंच के अध्यक्ष एस तारिक अनवर, ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष के साथ सभी प्रखंड और पंचायत के अध्यक्ष उपस्थित हुए। बैठक में मुख्य रूप से संगठन सशक्तिकरण पर विशेष जोर दिया गया और कैसे कांके विधानसभा में कांग्रेस पार्टी अच्छा प्रदर्शन करे उस पर विशेष रूप विचार विमर्श कर रणनीति बनाई गई। इसके साथ ही रांची जिला कांग्रेस कमिटी ने प्रखंड प्रभारियों की कार्यसूची दी जिसमें प्रखंड कमिटी द्वारा समर्पित प्रखंड कमिटी, मंडल कमिटी, पंचायत कमिटी की समीक्षा एवं सत्यापन करना, अपूर्ण पंचायत कमिटी को तत्काल गठन करने में सहयोग, प्रखंड स्तरीय कांग्रेस समन्वय समिति की समीक्षा, बीएलए की नियुक्ति, बूथ कमिटी का निर्माण, प्रखंड, मंडल, पंचायत कमिटी के प्रत्येक पदाधिकारियों के मध्य कार्य विभाजन, प्रखंड में कार्यालय की व्यवस्था, डिजिटल मेंबरशीप को प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया। इसके साथ ही प्रत्येक महीने 10-15 तारीख को प्रखंड कार्यसमिति की बैठक करने एवं अगामी माह के कार्यक्रम की पूर्व तैयारी पर निर्णय कर जिला कांग्रेस कार्यालय को प्रतिवेदन करने पर बात हुई।

संकल्प यात्रा

बिरसा मुंडा की जन्मस्थली से 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' की शुरूआत

# बिरसा मुंडा की धरती से 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' शुरू करना गर्व की बात: अर्जुन

राष्ट्रीय खबर



रांची: केंद्रीय जनजातीय मामलों के मंत्री अर्जुन मुंडा ने मंगलवार को कहा कि यह गर्व की बात है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी झारखंड में जनजातीय लोगों द्वारा भगवान के रूप में पूजे जाने वाले बिरसा मुंडा की जन्मस्थली से 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' की शुरूआत कर रहे हैं।बिरसा मुंडा ने ब्रिटिश साम्राज्य के खिलाफ स्वतंत्रता के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया। उनके जन्मदिन को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी दिन झारखंड का निर्माण भी हुआ था। अर्जुन मुंडा ने आईएएनएस के साथ एक साक्षात्कार में कहा कि यह न केवल झारखंड के लिए बल्कि पूरे देश के लिए गर्व की बात है कि 15 नवंबर को बिरसा मुंडा की जन्मस्थली से विकसित भारत संकल्प यात्रा शुरू की जाएगी। खूंटी से लोकसभा सांसद अर्जुन मुंडा ने कहा, खूंटी के लोग प्रधानमंत्री का स्वागत करने के लिए उत्साहित हैं। पीएम मोदी आम लोगों तक पहुंच रहे हैं और जनोन्मुखी योजनाएं बना रहे हैं। हमारे प्रधानमंत्री आदिवासियों के विकास को लेकर न सिर्फ चिंतित हैं, बल्कि उनके लिए कई योजनाएं बनाकर उन्हें क्रियान्वित भी कर रहे हैं। सिकल सेल एनीमिया आदिवासी समुदाय में पाई जाने वाली बीमारियों में से एक है और योजनाओं में इसका उपचार भी शामिल है। पीएम देश के 10:50 करोड़ आदिवासियों के समग्र विकास के लिए काम कर रहे हैं।

योजना के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा, समयबद्ध तरीके से सभी लक्षित लाभार्थियों तक लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करके सरकार की प्रमुख योजनाओं की संतृप्ति प्राप्त करना प्रधानमंत्री का निरंतर प्रयास रहा है। इस लक्ष्य की प्राप्ति की दिशा में एक बड़े कदम के रूप में, प्रधानमंत्री जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' शुरू करेंगे।

यात्रा का फोकस लोगों तक पहुंचना, जागरूकता पैदा करना और स्वच्छता सुविधाएं, आवश्यक वित्तीय सेवाएं, बिजली कनेक्शन, एलपीजी सिलेंडर तक पहुंच, गरीबों के लिए आवास, खाद्य सुरक्षा, उचित पोषण, स्वच्छ पेयजल, विश्वसनीय स्वास्थ्य देखभाल जैसी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करना है।मंत्री ने कहा,प्रधानमंत्री झारखंड के खूंटी में आईईसी (सूचना, शिक्षा और संचार) वैन को हरी झंडी दिखाएंगे, जो कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ होगा। यात्रा शुरूआत में महत्वपूर्ण आदिवासी आबादी वाले जिलों से शुरू होगी और 25 जनवरी, 2024 तक देश भर के सभी जिलों को कवर करेगी।ह मुंडा ने आगे बताया कि प्रधानमंत्री अपनी तरह की पहली पहल- 'प्रधानमंत्री विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह (पीएम पीवीटीजी) मिशन' भी लॉन्च करेंगे। 18 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में 75 पीवीटीजी 22,544 गांवों (220 जिलों) में रहते हैं, जिनकी आबादी लगभग 28 लाख है।

ये जनजातियां बिखरी हुई, सुदूर और दुर्गम बस्तियों में रहती हैं, अक्सर वन क्षेत्रों में। इसलिए पीवीटीजी परिवारों और बस्तियों को सड़क, दूरसंचार कनेक्टिविटी, बिजली, सुरक्षित आवास, स्वच्छ पेयजल और स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण तक बेहतर पहुंच जैसी बुनियादी सुविधाओं से संतृप्त करने के लिए लगभग 24,000 करोड़ रुपये के बजट वाले एक मिशन की योजना बनाई गई है।

अर्जुन मुंडा ने कहा, इसके अलावा, पीएमजेएवाई, सिकल सेल रोग उन्मूलन, टीबी उन्मूलन, 100 प्रतिशत टीकाकरण, पीएम सुरक्षित मातृत्व योजना, पीएम मातृ वंदना योजना, पीएम पोषण, पीएम जन धन योजना आदि के लिए अलग से संतृप्ति सुनिश्चित की जाएगी।

## आधुनिक भारत के निर्माण थे पं.जवाहरलाल नेहरू : रामेश्वर

राष्ट्रीय खबर

रांची: पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव उन्हें नमन किया। गुमला जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष चैतु उरांव की अध्यक्षता में परिसदन भवन गुमला में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की जयंती मनाई। मौके में मंत्री रामेश्वर उरॉव ने अपने संबोधन में कहा कि पंडित जवाहर लाल नेहरू उत्कृष्ट लेखक, इतिहासकार और आधुनिक भारत के निर्माता थे। पंडित नेहरू को बच्चों से बहुत लगाव और प्रेम था। इसलिए उनकी जयंती को बाल दिवस के तौर पर मनाया जाता है। बच्चे नेहरू जी को प्यार से चाचा नेहरू कहकर पुकारते थे। प्रथम प्रधानमंत्री के रूप में नेहरू का सबसे महत्वपूर्ण कार्य भारतीय राजनीति और जनजीवन में लोकतांत्रिक मूल्यों का विकास करना था। मौके पर मानिकचंद साहू, खालिद साह, फिरोज आलम, निशांत दुबे, कलम आलम, राजनिल तिग्गा, तरूण गोप, आशीष गोप, मुख्तार आलम, अरुण गुप्ता, रोहित उरांव, सुनिल उरांव, जय सिंह आदि उपस्थित थे।

श्री चंपई सोरेन ने किया दिल्ली के भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में झारखंड पवेलियन

## सूक्ष्म और लघु उद्योग को बढ़ावा देना सरकार का मुख्य लक्ष्य:चंपई सोरेन

राष्ट्रीय खबर



रांची: दुनिया के सबसे बड़े मेले में एक भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला प्रगति मैदान का आज से शुभारंभ हुआ।जी 20 समिट के बाद प्रगति मैदान में दूसरा बड़ा आयोजन किया जा रहा है। मेले में इस वर्ष की थीम वसुधैव कुटुंबकम् है। जिसमे झारखंड प्रदेश फोकस स्टेट के रूप में भाग ले रहा है। झारखंड अपने प्रदेश की गरिमामई उपस्थिति दर्ज करा रहा है।

जिसमे मेले में आज झारखंड के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवम पिछड़ा वर्ग कल्याण सह परिवहन मंत्री श्री चंपई सोरेन ने झारखंड मंडप का उद्घाटन किया। उन्होंने भगवान बिरसा की पूजा अर्चना कर मंडप का शुभारंभ किया। माननीय मंत्री ने मंडप की सभी स्टॉल का अवलोकन किया और प्रदर्शित की गई सभी स्टालों को सराहा। इस अवसर पर माननीय मंत्री ने कहा की झारखंड प्रदेश अपने खनिज भंडार और संस्कृत के लिए जाना जाता है। हम अपने प्रदेश के सूक्ष्म और लघु उद्योग को बढ़ावा देने का पूर्ण प्रयास कर रहे है। भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला अपनी परंपरा, संस्कृति और क्षेत्रीय उत्पादों को राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित करने का सुगम पटल है। इस अवसर पर झारखंड सरकार के उद्योग विभाग के सचिव श्री जितेन्द्र कुमार सिंह, उद्योग निदेशक श्री भोर सिंह यादव उपस्थित रहे।

## झारखंड राज्य को विशेष राज्य का दर्जा एवं सरना धर्म का अलग कोड दे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी : नायक

राष्ट्रीय खबर



रांची: राज्य स्थापना दिवस एवं भगवान बिरसा मुंडा के जन्मदिन पर राज्य वासियों को तोहफा के रूप मे झारखंड राज्य को विशेष राज्य का दर्जा एंव सरना धर्म का अलग कोड दे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उपरोक्त बातें आज झारखंड बचाओ मोर्चा के वरिष्ठ नेता सह आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने माननीय प्रधानमंत्री के झारखंड दौरा के क्रम में रांची एवं भगवान बिरसा के जन्मस्थली जाने पर उक्त बातें कही । इन्होंने यह भी आगे कहा की संविधान के भाग 21 के अनुच्छेद 371 से लेकर 371 के तक 12 राज्यों को विशेष राज्य का दर्जा दिया गया है मगर झारखंड राज्य को विशेष दर्जा आज तक नहीं दिया गया जबकि झारखंड राज्य विशेष राज्य का दर्जा देने की जो अहर्ता रखी गई है उसे आहताओं को झारखंड राज्य पूर्ण रूप से पूरा करती है ऐसे में प्रधानमंत्री से हम मांग करते हैं कि वह राज्य स्थापना दिवस एवं भगवान बिरसा के जन्मदिन को ऐतिहासिक बनाने की दिशा में वे झारखंड राज्य को विशेष राज्य का दर्जा देने की घोषणा करें 'श्री नायक ने आगे कहा की झारखंड राज्य विशेष राज्य के दर्जा प्राप्ति करने हेतु जो केंद्र सरकार ने विशेष राज्य को दर्जा देने हेतु जो आहताएं रखी है उन आहताओं को सभी क्षेत्र में राज्य पूरा करती है जैसे राज्य में संसाधनों का अभाव हो प्रति व्यक्ति आय कम हो राज्य के वित्त के लिए विषम परिस्थितियां हों आर्थिक और संरचनाभूत पिछड़ापन आदिवासियों की बड़ी आबादी पहाड़ी और अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं से सटे होने के कारण राज्य का रणनीतिक महत्व आबादी का कम घनत्व होना । इसके बावजूद केंद्र में बैठी सभी सरकारों ने चाहे कांग्रेस की सरकार हो चाहे भारतीय जनता पार्टी की सरकार हो सभी ने झारखंड राज्य को अन्याय करने का काम किया है जिसे अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा 'श्री नायक ने यह भी कहा कि झारखंड की विशेष राज्य के दर्जा की लड़ाई को उसके तार्किक अंत तक ले जाएंगे। रघुराम राजन समिति की रिपोर्ट, जिसने झारखंड को देश के पांचवें सबसे गरीब राज्य के रूप में रखा है, ने झारखंड को विशेष पैकेज देने के उद्देश्य को रेखांकित किया ' अब विशेष राज्य दर्जे की मांग को टाल मटोल की राजनीति से ऊपर उठकर इस बिंदु पर सभी पार्टियों को एक जुट होना चाहिए ।

## पंडित जवाहर लाल नहेरू की जयंती प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मनाई गयी

राष्ट्रीय खबर

रांची: 14 नवम्बर को कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में देश के प्रथम प्रधानमंत्री एवं महान स्वतंत्रता सेनानी पंडित जवाहर लाल नहेरू की जयंती प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, कांग्रेस भवन, रांची में मनाई गयी। इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने नेहरू जी के तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। जयंती समारोह में वक्ताओं ने कहा कि पंडित जवाहर लाल नेहरू ने पूरे विश्व में भारत को अग्रिम पंक्ति में खड़ा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, आज हम उनके इस योगदान को कभी भुला नहीं सकते। पंडित जवाहर लाल नेहरू को देश के गरीबों से प्रेम था, बच्चों से प्रेम था और सबसे बड़ी बात यह थी कि वो हमेशा देश के विकास के प्रति चितिंत रहते थे। इसी मनोभाव ने उन्हें महानता की उपाधि दी। वक्ताओं कहा कि पंडित जवाहर लाल नेहरू न सिर्फ भारत के प्रधानमंत्री थे बल्कि वे आधुनिक भारत के निमार्ता थे। उनके पदचिन्हों पर चलकर ही हम उन्हें सच्ची श्रद्धाजंलि अर्पित कर सकते हैं। वक्ताओं ने कहा कि आज हम एक ऐसे व्यक्ति का जन्म दिवस मना रहें हैं जो कि पूरे हिन्दुस्तान में खास करके सृजन के क्षेत्र में क्रमबद्धता के साथ कार्य किया तथा बोकारो एवं एच.ई.सी. इन्हीं की देन है। श्रद्धासुमन अर्पित करने वालों में सर्वश्री अमुल्य नीरज खलखो, राकेश सिन्हा, दुबे, अमन, धमेन्द्र कुमार रिंकू, राज रजक, रामानंद केशरी सहित अन्य कांग्रेसजन शामिल थे।

निरीक्षण > अधिकारियों को दिया निर्देश आने वाले लाभुकों को कोई परेशानी नहीं हो

# राज्य स्थापना दिवस कार्यक्रम की तैयारियों का सीएम ने लिया जायजा



राष्ट्रीय खबर

रांची:आज मोरहाबादी मैदान में होने वाले राज्य स्थापना दिवस कार्यक्रम की तैयारियों का मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अधिकारियों के साथ जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने मुख्य समारोह की चल रही तैयारी का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां पंडाल, मंच और स्टॉल्स के चल रहे निर्माण कार्य को देखा और अधिकारियों को कई निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि इस समारोह में शामिल होने वाले लोगों और लाभुकों को किसी तरह की परेशानी नहीं हो इसका पूरा ध्यान रखें। मुख्यमंत्री ने यहां व्यवस्थाओं की पूरी जानकारी अधिकारियों से ली। मुख्यमंत्री के निरीक्षण के दौरान मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्रीमती वंदना दादेल, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, सचिव मनीष रंजन, सचिव अमिताभ कौशल, सचिव राजेश शर्मा, सचिव मनोज कुमार, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के निदेशक राजीव लोचन बक्शी और रांची के उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक समेत कई अधिकारी मौजूद थे।



## पेज एक का शेष

### लेजर उपकरण के भी....

मिलाकर एक लेजर प्रदर्शित किया जो 0.5 वाट की उच्च आउटपुट पीक पावर उत्सर्जित कर सकता है। अपने कॉम्पैक्ट आकार के अलावा, प्रदर्शित मोड-लॉक लेजर कई दिलचस्प गुण भी प्रदर्शित करता है जो पारंपरिक लोगों की पहुंच से परे हैं, जो भविष्य के अनुप्रयोगों के लिए गहरा प्रभाव पेश करते हैं। उदाहरण के लिए, लेजर के पंप करंट को समायोजित करके, गुओ 200 मेगाहट्र्ज की एक बहुत विस्तृत श्रृंखला में आउट पल्स की पुनरावृत्ति आवृत्तियों को सटीक रूप से ट्यून करने में सक्षम था। प्रदर्शित लेजर की मजबूत पुनर्संरचना को नियोजित करके, अनुसंधान टीम चिप-स्केल, आवृत्ति-स्थिर कंघी स्रोतों को सक्षम करने की उम्मीद करती है, जो सटीक सेंसिंग के लिए महत्वपूर्ण हैं। गुओ की टीम को स्केलेबल, एकीकृत, अल्ट्राफास्ट फोटोनिक सिस्टम को साकार करने के लिए अतिरिक्त चुनौतियों का समाधान करने की आवश्यकता होगी जिन्हें पोर्टेबल और हैंडहेल्ड उपकरणों में उपयोग के लिए अनुवादित किया जा सकता है, लेकिन उनकी प्रयोगशाला ने इस वर्तमान प्रदर्शन के साथ एक बड़ी बाधा को पार कर लिया है। गुओ ने कहा, यह उपलब्धि अंततः आंखों की बीमारियों का निदान करने या ई. कोली और खतरनाक वायरस जैसी चीजों के लिए भोजन और वातावरण का विश्लेषण करने के लिए सेल फोन का उपयोग करने का मार्ग प्रशस्त करती है। यह भविष्य की चिप-स्केल परमाणु घड़ियों को भी सक्षम कर सकता है, जो जीपीएस से छेड़छाड़ या अनुपलब्ध होने पर नेविगेशन की अनुमति देता है।

### शरणार्थियों को ....

यह निर्णय भावनाओं से प्रेरित प्रतीत होता है और मानवाधिकार संबंधी विचारों से लेकर पाकिस्तान के रणनीतिक हितों की सेवा तक कई मानकों पर खरा नहीं उतरता है। शुरूआत करने के लिए, निर्दोष लोगों को उनके घरों से बाहर निकालना और पीड़ा के अनिश्चित भविष्य में धकेलना क्रूरता का कार्य है। सर्दियाँ पहले से ही शुरू होने के साथ, इन अफगानों को गरीबी और कठिनाई के अनिश्चित भविष्य का सामना करना पड़ता है, एक ऐसी स्थिति जिसके कारण यूएनएचसीआर को इसे आपातकाल घोषित करना पड़ा। यहां पर तर्क यह नहीं है कि पाकिस्तान में, किसी भी अन्य राज्य की तरह, गैर-नागरिकों को निवास से इनकार करने का अधिकार नहीं है। यह अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच संबंधों की प्रकृति है जो जटिलता बढ़ाती है। 2021 में तालिबान के कब्जे के बाद बेदखली का सामना करने वाले लोग अपने देश से भाग गए। ये व्यक्ति पहले से ही तालिबान से खतरे में हैं और काबुल में उन लोगों को बेदखल करने से दंडित करने से इच्छित उद्देश्य हासिल नहीं हो सकता है। पाकिस्तान उन अफगानों को भी निकाल रहा है जिनके पास पूरे दस्तावेज हैं। कार्यवाहक विदेश मंत्री के बयानों के बावजूद, यह दावा करते हुए कि केवल अवैध व्यक्तियों को निष्कासित किया जा रहा है, लक्ष्य व्यापक है, और यह बच्चों को स्कूलों से बाहर निकालकर उनका उत्पीड़न कर रहा है। स्पष्ट रूप से, अफगान शरणार्थी अब एक लाभदायक परियोजना नहीं रह गए हैं जो 1980 के दशक में लाखों डॉलर लेकर आया था। ऐसा प्रतीत होता है कि सुरक्षा प्रतिष्ठान और देश के विभिन्न हिस्सों में सत्तारूढ़ अभिजात वर्ग को अफगानों की पीड़ाओं के प्रति बहुत कम सहानुभूति है। वास्तव में, सुरक्षा आख्यान एक तीव्र नस्लवादी पूर्वाग्रह से ढका हुआ प्रतीत होता है। अचानक, अफगानों को, जिनमें ऐतिहासिक शख्सियतें भी शामिल हैं, जिन्हें कभी भारतीय संस्कृति और सभ्यता से अलग मुस्लिम-पाकिस्तानी विरासत के प्रतिनिधियों के रूप में गर्व था, खारिज किया जा रहा है। यह इतिहास को मिटाने के दूसरे रूप का प्रतिनिधित्व करता है, जिसमें वह सुदूर अतीत भी शामिल है जब पाकिस्तानी राज्य ने अपने हथियारों के नाम अब्दाली सहित मध्य एशिया और अफगानिस्तान के विजेताओं के नाम पर रखे थे।

### म्यामांर के 39 सैन्यकर्मियों ...

जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। अंतिम जानकारी मिलने तक गृह मंत्रालय के निर्देश के अनुसार म्यांमार के सैनिकों को वायु सेना के हेलीकॉप्टर द्वारा म्यांमार वापस भेज दिया गया है। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि म्यांमार के 47 सैनिकों को आज दोपहर 1:00 बजे उनके देश को सौंप दिया गया, जबकि एक सैनिक को उसकी चोट के कारण रिमांड पर भेज दिया गया और चंफाई जिला अस्पताल में उसका इलाज किया जा रहा है। सीडीएफ हुआलंगोरम जनरल सेक्रेटरी के अनुसार, म्यांमार आर्मी कैंप फ्लश-आउट ऑपरेशन चिन नेशनल आर्मी और सीडीएफ हुआलंगोरम द्वारा शुरू किया गया था। सीडीएफ थांटलांग, सीडीएफ जानियातराम और पीडीए की एक संयुक्त टीम म्यांमार सेना के साथ मुठभेड़ में लगी हुई है।

### आठ मैतेई संगठनों ....

का उपयोग करना और उनमें शामिल होना, मणिपुर में सुरक्षा बलों, पुलिस और नागरिकों पर हमला करना और उनकी हत्या करना; धन एकत्र करने के लिए नागरिक आबादी को डराने-धमकाने, जबरन वसूली और लूटपाट के कृत्यों में लिप्त होना; जनता की राय को प्रभावित करने और अपने अलगाववादी उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए हथियारों और प्रशिक्षण के माध्यम से उनकी सहायता हासिल करने के लिए विदेशों में स्रोतों के साथ संपर्क बनाना और अभयारण्यों, प्रशिक्षण और हथियारों और गोला-बारूद की गुप्त खरीद के उद्देश्य से पड़ोसी देशों में शिविर बनाए रखना। इसमें कहा गया कि केंद्र सरकार की राय है कि संगठनों की गतिविधियां भारत की संप्रभुता और अखंडता के लिए हानिकारक हैं और वे गैरकानूनी संगठन हैं। इसमें कहा गया है कि यदि गतिविधियों पर तत्काल अंकुश और नियंत्रण नहीं किया गया, तो वे अपनी अलगाववादी, विध्वंसक, आतंकवादी और हिंसक गतिविधियों को बढ़ाने के लिए अपने कैडरों को संगठित करने का अवसर लेंगे; भारत की संप्रभुता और अखंडता के लिए हानिकारक ताकतों के साथ मिलकर राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों का प्रचार करना; नागरिकों की हत्याओं और पुलिस और सुरक्षा बल कर्मियों को निशाना बनाने में लिप्त; अंतरराष्ट्रीय सीमा पार से अवैध हथियार और गोला-बारूद की खरीद और उसे शामिल करना; और अपनी गैरकानूनी गतिविधियों के लिए जनता से भारी धन उगाही करते हैं। सरकार ने 13 नवंबर से आठ संगठनों को दस साल की अवधि के लिए गैरकानूनी संगठन घोषित कर दिया। संगठनों के खिलाफ प्रतिबंध की घोषणा करने वाली 2018 की अधिसूचना में कहा गया है कि समूह 1 जनवरी, 2013 से 31 जुलाई, 2018 तक 756 हिंसक घटनाओं में शामिल थे और इसी अवधि के दौरान 35 सुरक्षा कर्मियों सहित 86 लोगों की मौत हो गई। सोमवार की अधिसूचना में पिछले पांच वर्षों में संगठनों द्वारा शामिल हिंसक घटनाओं की संख्या का संदर्भ छोड़ दिया गया।

### कांग्रेस को उपलब्धियां ....

सुबह-सुबह, इतने सुदूर क्षेत्र में दीपावली के दूसरे तीसरे दिन इतनी बड़ी सभा करना कार्यकर्ताओं का अद्भुत प्रयास है। आदिवासी बहुल बैतूल जिले में उन्होंने कहा कि देश में ढाई करोड़ किसान मोटा अनाज उगाते हैं। ऐसे छोटे किसानों के बारे में भाजपा ने पहली बार सोचा। उसे श्रीअन्न की पहचान दी। इसी क्रम में उन्होंने कहा कि वे अमेरिका गए, वहां व्हाइट हाउस में उन्हें मोटे अनाज का खाना परोसा गया। जी 20 के नेताओं को भी भारत ने वही खिलाया। अब पांच सितारा होटलों में मोटा अनाज मिलता है। उन्होंने कहा कि भाजपा देश भर में इथेनॉल प्लांट लगा रही है। मक्के से इथेनॉल निकलने से किसानों को अब मक्के का ज्यादा पैसा मिल रहा है।

### एमपी में कांग्रेस....

कार्रवाई नहीं कर रही हैं। श्री गांधी ने राज्य में भाजपा शासनकाल के दौरान हुए व्यापमं घोटाला, पटवारी भर्ती घोटाला और अन्य घोटालों का जिक्र करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी काले धन की बात करते थे, लेकिन नरेंद्र सिंह तोमर के पुत्र के मामले में वे क्यों नहीं बोल रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की राज्य की पूर्ववर्ती सरकार ने किसानों के कर्ज माफ किए थे और फिर से पार्टी की सरकार बनने पर किसानों के कर्ज माफ किए जाएंगे। उन्होंने कांग्रेस के वचनपत्र में दर्ज अन्य वचनों का भी जिक्र किया और कहा कि पार्टी उन्हें पूरा करेगी। मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए चुनाव प्रचार अभियान कल यानी बुधवार की शाम को समाप्त हो जाएगा। इसके बाद सभी 230 सीटों पर एकसाथ 17 नवंबर को मतदान होगा। मतों की गिनती तीन दिसंबर को होगी।

# लालू के यादवों पर भाजपा की सख्त नजर, राजद के वाई समीकरण में सेंधमारी का प्लान

## गोबर्धन महोत्सव पर आयोजित यदुवंशी मिलन में हजारों यदुवंशियों ने थामा भाजपा का दामन

राष्ट्रीय खबर

**पटना :** राजधानी के बापू सभागार में भाजपा का यदुवंशी मिलन समारोह संपन्न हो गया। जहां हजारों लोग कार्यक्रम की सफलता का साक्ष्य बने। सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के मूल मंत्र पर चल रही बीजेपी के निशाने पर इस बार लालू यादव का मुस्लिम-यादव समीकरण है। इसमें भी एम के साथ वाई यानी यादवों के 14 प्रतिशत से ज्यादा वोट पर पार्टी की निगाहें हैं। वैसे भी एनडीए के पार्ट रहे जेडीयू के महागठबंधन में चले जाने से कागजों पर भारतीय जनता पार्टी वोटों के समीकरण में पिछड़ते दिख रही है। जयंती पुण्यतिथि में तो जातीय वोटों को साधने की कोशिश हर दल करता है। पर बीजेपी ने एक नया प्रयोग कर यादव वोटबैंक में सेंधमारी के लिए गोवर्धन पूजा में यादवों के जुटान का जरिया ढूंढा है। जहां



एक साथ 21 हजार यादवों को बीजेपी की सदस्यता दिलाकर राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद को चौंकाने वाला काम किया है।

गोवर्धन पूजा पर यादवों के इस जुटान में जुटी बीजेपी अपने कद्दावर नेताओं के जरिए यादव वोटों में सेंधमारी का प्लेटफार्म तैयार कर रही है। इस प्रक्रिया के जरिए बीजेपी आम आवाम के बीच अपनी सर्व-स्वीकार्यता को भी स्थापित करना चाहती है। बीजेपी की ओर से यादवों के इस जुटान की धमक आरजेडी सुप्रीमो और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार तक भी यह पहुंच गई है। गोवर्धन पूजा पर यादवों के इस भारी जुटान के बारे में यह भी कहा जा रहा है कि यह केवल महागठबंधन को धमकाने के लिए ही नहीं है। बल्कि वो अपनी ताकत से बीजेपी के रणनीतिकारों का भी ध्यान आकर्षित करना चाहते हैं। ऐसी चर्चा है कि बीजेपी अब यादव वोट के साथ ही ज्यादा मेहनत अतिपिछड़ा और दलित मत को साधने के लिए कर रही है। बीजेपी के भीतर एक सोच यह भी चल रही है कि यादवों का वोट तो लालू यादव के साथ ही रहेगा।

केंद्रीय मंत्री और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष नित्यानंद राय भी अब पावरफुल नही रहे। एक समय था जब बीजेपी ने इन्हें प्रदेश अध्यक्ष भी बनाया। पर ये भी यादव मतों का ट्रेंड नहीं बदल पाए। आज की स्थिति यह है कि संगठन में यादव समाज को सिर्फ एक पद दिया गया है। महत्वपूर्ण पद पिछड़ा वर्ग में कुशवाहा समाज से आने वाले सम्राट चौधरी को मिला। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष की कुर्सी सवर्ण को दिया गया। विधान परिषद में नेता विरोधी दल की कुर्सी अतिपिछड़ा वर्ग को मिला है। जातीय सर्वे में यादवों की जनसंख्या 14 फीसदी से भी ज्यादा है। यह वोटरों की एक बड़ी संख्या की ओर भी इशारा करता है। वैसे भी बीजेपी के भीतर कई ऐसे यादव नेता हैं जिन्होंने लालू यादव के रहते जीत हासिल की। ऐसे नेताओं में नित्यानंद राय, अशोक यादव, ओमप्रकाश यादव, नंदकिशोर यादव, रामसूरत राय जैसी शख्सियत हैं। ऐसे में जब तमाम दल वोटरों को साधने के लिए जयंती और पुण्यतिथि के बहाने वोट साधने में लगे हैं तो बीजेपी ने दांव चला। पार्टी के यादव नेताओं ने गोवर्धन पूजा पर अपना निशाना इसी वोट बैंक को साधने की कर रहे हैं।

### छठ महापर्व को लेकर स्वच्छता पर विशेष ध्यान : पार्षद

**नरकटियागंज :** नगर के वार्ड संख्या 14 की नगर पार्षद बसंती देवी ने स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया है। वैसे उपर्युक्त वार्ड में सफाई नियमित है, अलबत्ता लोक आस्था के महापर्व छठ के दृष्टिगत सफाई पर विशेष दृष्टि है। देवी स्थान मन्दिर परिसर साफ और स्वच्छ परिलक्षित है। वार्ड संख्या 14 के विभिन्न मार्ग में सफाई का कार्य प्रगति पर है। किन्तु देवी स्थान के पूर्व कुछ खाली पड़ी भूमि की सफाई आवश्यक है। जिसमें परित्यक्त भवन परिसर भी है। प्रतिदिन की स्वच्छता पर पार्षद प्रतिनिधि अटल भारती उपाख्य मुन्ना ने बताया कि वार्ड वासियों का पर्याप्त सहयोग प्राप्त है।

### पांच साल की मासूम से दरिंदगी और हत्या मामले में कोर्ट ने सुनाई फांसी की सजा

राष्ट्रीय खबर

**पटना :** केरल में पांच साल की मासूम के साथ दरिंदगी और हत्या के मामले में आरोपी को फांसी की सजा सुनाई गई है। मामला अलुवा इलाके का था, जहां एक गेस्ट वर्कर पर पांच साल की बच्ची से दुष्कर्म और फिर हत्या के आरोप लगे थे। घटना का मुख्य आरोपी बिहार का रहने वाला था। मामला सामने आते ही पुलिस पॉक्सो समेत आईपीसी की अन्य धाराओं में केस दर्ज किया। केस कोर्ट में पहुंचा और 100 दिन के अंदर ट्रायल पूरा कर लिया गया। कोर्ट ने आरोपी को दोषी करार देते हुए 14 नवंबर यानी बाल दिवस पर फांसी की सजा सुनाई।

पॉक्सो स्पेशल कोर्ट के जज के. सोमन ने बिहार के 28 वर्षीय प्रवासी मजदूर को मौत की सजा सुनाई। इस सनसनीखेज कांड में 100 दिन के अंदर ट्रायल पूरा कर लिया गया। फैसला सुनने के लिए बच्ची के माता-पिता कोर्ट में उपस्थित थे। फैसला सुनाने के दौरान जज ने इस बात पर जोर दिया कि आरोपी का कृत्य जघन्य श्रेणी का है, इसलिए मौत की सजा दी जानी चाहिए। अभियोजन पक्ष ने भी तर्क दिया कि अपराध की गंभीरता के आधार पर ही सजा होनी चाहिए।

कोर्ट ने सबूतों और गवाहों के आधार पर आरोपी को हत्या का दोषी पाया और उसे मौत की सजा सुनाई। यह फैसला 14 नवंबर यानी बाल दिवस पर सुनाया गया। अदालत ने कहा कि आरोपी को फैसले के खिलाफ अपील करने का मौका दिया जाएगा। अभियोजन पक्ष ने अभियुक्त के खिलाफ सफलतापूर्वक चार आरोप साबित किए थे। अभियोजन पक्ष ने ये भी तर्क दिया कि वारदात बेहद सन्न करने वाली था। दूसरी ओर, बचाव पक्ष ने मृत्युदंड दिए जाने के खिलाफ दलीलें पेश की थीं। हालांकि, अदालत ने अंततः अभियोजन पक्ष के पक्ष में फैसला किया। अपराध की क्रूरता के कारण मामले ने काफी ध्यान आकर्षित किया है। मुकदमे के तेजी से पूरा होने और फैसला आने से पीड़ित परिवार बेहद आशान्वित नजर आया। उन्होंने कहा कि इससे समाज में न्याय की भावना को मजबूती मिलेगी।

### बाल दिवस के अवसर पर विद्यालयों में बाल सभा का हुआ आयोजन

**बगहा/पिपरासी :** पिपरासी व मधुबनी प्रखंड के सभी विद्यालयों में बाल दिवस के अवसर पर बाल सभा का आयोजन शिक्षा विभाग तथा पंचायती राज विभाग के प्रमुख सचिव के द्वारा जारी आदेश के आलोक में किया गया । सेमरा लबेदाहा पंचायत स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय श्रीपतनगर में मुखिया मनोरमा देवी की अध्यक्षता में बाल सभा का आयोजन किया गया । जिसमें अभिभावकों व बच्चों को स्वास्थ्य एवं पोषण, बच्चों के लिए शिक्षा, आदि की जानकारी दिया गया । वही डुमरी भगड़वा पंचायत के लक्ष्नही उत्क्रमित मध्य विद्यालय में मुखिया गुलाब चौहान की अध्यक्षता में बाल सभा का आयोजन किया गया है । पिपरपाती बाबू टोला के एचएम नवीन राय, उत्क्रमित मध्य विद्यालय गौरी टोला के एचएम गुंजन सिंह, बुनियादी विद्यालय के एचएम केदार प्रसाद, नैनहा के एचएम विनोद बैठा, उत्क्रमित मध्य गोबरहिया के एचएम बिस्मिल्लाह अंसारी आदि ने भी बाल दिवस व बाल सभा का आयोजन किया। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्म दिवस के बारे में भी जानकारी बीईओ उमेश कुमार ने उत्क्रमित मध्य विद्यालय परसौनी में बच्चों को दिया। मौके पर महिला शिक्षक अर्चना राय,सोनी कुमारी, आंनद कुमार आदि मौजूद रहे।

### ट्रैक्टर-बाईक की सीधी टक्कर में दो की मौत,एक गंभीर

**बगहा :** वाल्मीकिनगर-बगहा मुख्य सड़क पर गोबरहिया के समीप मंगलवार की शाम ट्रैक्टर व बाइक की जोरदार टक्कर हो गई। जानलेवा हादसे में बाइक पर तीन युवक सवार थे। चालक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो घायलों को इलाज हेतु अनुमंडलीय अस्पताल भेजा गया जहां पहुंचते ही एक और युवक की मौत हो गई।जबकि, एक युवक बुरी तरह से जख्मी हो गया है। घटना की सुचना मिलते ही परिवार में गम का माहौल हो गया और परिजनों में चीख पुकार मच गई है। मृतकों की पहचान नौरंगिया गांव के वार्ड संख्या 12 निवासी जितेन्द्र राम व पवन कुमार के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार तीनों युवक किसी काम से जा रहे थे तभी गोबरहिया के पास ट्रेक्टर ट्राली के चपेट में आ गए।

लौकरिया थानाध्यक्ष अभय कुमार ने बताया कि मामले की सुचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची व घायलों को अनुमंडलीय अस्पताल भिजवाया गया। जहां पर तीन घायलों में से दो की मौत की पुष्टि डाक्टरों द्वारा की गई। वही एक घायल को डाक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए बेतिया रेफर कर दिया गया।

### बिहार केसरी स्व0 रामधनी पहलवान की स्मृति में होगा विराट कुश्ती का आयोजन

**बगहा प.च. :** बिहार केसरी स्व.रामधनी पहलवान के स्मृति में उनके पैतृक गांव बगहा थाना क्षेत्र के भतौड़ा मेंआगामी 21 नवंबर को विशाल कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इस दौरान राजद जिलाध्यक्ष सह चंवलिया प्रतापपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि पप्पू यादव ने मंगलवार को बताया कि मेरे पिता जी पहवलवानी के क्षेत्र में देश के विभिन्न हिस्सों में अपना कला का प्रदर्शन किया था। उनके निधन के बाद उनकी स्मृति में प्रतिवर्ष कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता रहा है। जिसमें बनारस, दिल्ली, गोरखपुर, पडरौना, हरियाणा, नेपाल के अलावा क्षेत्रीय पहलवान भी इस कुश्ती प्रतियोगिता में भाग लेकरअपने अपने कला का प्रदर्शन करते हुए जोर आजमाइश करते हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि कुश्ती का आयोजन प्रत्येक वर्ष बिहार केसरी के सेमरा थाना के कटकुइया ग्राम में आयोजित होती थी । परंतु पंचायतवासियों के आग्रह को ध्यान में रखते हुए ,पहली बार इस दंगल-कुश्ती का आयोजन पापा के जन्मभूमि भतौड़ा गाँव मे सुनिश्चित किया गया है । वही इसमें भाग लेने वाले प्रतिभागियों को उचित प्रतिष्ठा के साथ समान्नित किया जायेगा। वही सुरक्षा के मद्देनजर आयोजन के भलन्टियर तथा पुलिस की अभिरक्षा मौजूद रहेंगे।

### वार्ड सदस्यों ने विकास कार्यों के गुणवत्ता पर बीडीओ को सौंपा ज्ञापन, जांच का आदेश

**बगहा:** बगहा एक प्रखंड अंतर्गत हरदी नदवा पंचायत के वार्ड सदस्यों ने गोलबंद होकर पंचायत के मुखिया के विरोध में मोर्चा खोल दिया है। तथा पंचायत में हुए विभिन्न योजनाओं के तहत सरकारी कार्यों की जांच के लिए बगहा एक प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवेदन सौंपा है। बीडीओ को दिए आवेदन में वार्ड सदस्यों ने पंचायत के मुखिया पर कई गंभीर आरोप लगाये है। आवेदन के अनुसार पंचायत में हुए सभी कार्यों में अनियमितता बरती गई है और एस्टीमेट के विपरीत कार्य को अंजाम दिया गया है। कार्य में प्रयुक्त सभी मटेरियल दो नंबर है जिनकी क्वालिटी की जांच की जाए। साथ ही वार्ड सदस्यों ने मुखिया पर आम सभा नहीं कराने की आरोप लगायी गई है। उन्होंने लिखा है कि आमसभा नहीं करा कर रजिस्टर पर जाली हस्ताक्षर किए गए हैं। आवेदन के उपरांत बीडीओ रवि रंजन कुमार के द्वारा प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी व प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी को पंचायत में जाकर जांच करने व रिपोर्ट सबमिट करने का आदेश दिया गया है। आवेदनकताओं में पंचायत के उपमुखिया अतुल कुमार, टूना यादव, सुखिया नजराना, अनिल कुमार अनिल कुमार, गुल अफसाना खातून, रामकली देवी, सविता देवी, अमरावती देवी, सहित सभी वार्ड सदस्य शामिल रहे। मामले में प्रखंड विकास पदाधिकारी बगहा एक रवि रंजन कुमार ने बताया कि आवेदन प्राप्त होते हीं दो सदस्यीय तीम गठित कर मामले की जांच करने के लिए निर्देशित किया गया है। त्यौहार होने के कारण लगातार कार्यालय बंद चल रहे हैं। जल्द ही टीम के द्वारा जांच पूरी कर ली जाएगी। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### बाल दिवस पर शिक्षक ने बच्चों के बीच किया मिठाई व स्कुली जुते का वितरण

**बगहा:** बाल दिवस के अवसर पर उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय महुअर में चौथी कक्षा के वर्ग शिक्षक रमेश प्रसाद मिश्र ने अपने वर्ग के बच्चो के बीच मिठाई व स्कूल शू का वितरण कर बाल दिवस मनाया। इस दौरान चौथी वर्ग में पढ़ने वाले 34 बच्चे मिठाई व स्कुली जुता पाकर गदगद नजर आए। इस अवसर पर सेमरा कटकुइयां की मुखिया हेवन्ती पासवान सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। बताते चलें कि इसके पूर्व भी श्री मिश्र द्वारा छात्रों के बीच टाई व बेल्ट का वितरण कराया जा चुका है। इस दौरान विद्यालय में वार्ड सदस्य उमेश राम,विवेक यादव, सरपंच उप सरपंच के साथ प्रधानाध्यापक कटकुइयां संतु यादव, प्रभातिरानी, विजय कुमार राम,राम नरेश बैठा ,सुरेश साह सहित विद्यालय के तमाम शिक्षक मौजूद रहे।

### प्रखंड सभागार में नवनियुक्त शिक्षकों का छः दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम जारी

**मधुबनी:** प्रखंड सभागार भवन में नवनियुक्त शिक्षकों का छः दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम किया जा रहा है। दुसरे दिन मंगलवार को भवन निर्माण, जीर्णोद्धार, छात्रवृति योजना आदि का प्रशिक्षण नवनियुक्त शिक्षकों को दिया गया। उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन18 नवम्बर तक चलेगा। मधुबनी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि कुल 172 नवनियुक्त शिक्षकों का उन्मुखीकरण कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के उपरांत वे अपने विद्यालयों में जाकर योगदान देंगे। बीईओ ने आगे बताया कि 13 नवम्बर को शिक्षक गतिविधियो, पाठ योजना वर्ग संचालन, विभागीय कार्यक्रम, एवं साधनसेवी द्वारा एमडीएम योजना,आदि पर प्रशिक्षण दिया गया।

## जब तक आसमां में सूरज रहेगा तब तक लोक आस्था का महापर्व छठ रहेगा

### छठ पर्व में बढ़ी परम्परागत सुपली-दउरा की मांग

नरेंद्र पांडेय

**बगहा प.च :** बिहार की प्रमुख पर्वों में शीर्ष पर मौजूद महापर्व छठ की तैयारियां जोरों पर है। दिपावली से शुरू हुआ लगातार त्योहारों का दिन छठ के पारण तक चलता है। इस बीच लगातार बाजारों में चहल-पहल बनी रहती है। 18 नवंबर को छोटी छठ तथा 19 नवंबर को बड़ी छठ धुमधाम से मनायी जायेगी। अब तो छठी मैया की पूजा विदेशों में भी विधि विधान से किया जा रहा है। छठ पूजा में सुपली दउरा की बिक्री में तेजी देखी जा रही है। चाहे वह अरबपतियों की घर में पूजा हो



चाहे एक गरीब परिवार में बांसफोड़ एक ऐसा जाति का बोध से नवाजे जाते हैं। जो उनके द्वारा बांस की कंछियों से सुपली दउरा तैयार किया जाता है। जो सभी व्रतियों के परिजनों के द्वारा कीमत देकर सम्मान व नमस्कार के साथ खरीद कर घर पर लाया जाता इस दौरान मिट्ठु बांसफोड़ तथा ज्ञानती देवी ने अपने द्वारा निर्मित सुपली दउरा पर कहा कि यह हमारे खानदानी पूर्वजों की रीति रिवाजों का प्रचलन चला आ रहा है। जबतक सूरज चांद रहेगा। छठव्रतियों के लिए यह सामान बनता रहेगा। कीमत के नाम कहा कि 50 रुपये सुपली तथा 350 रुपये दउरा है। महंगाई की वजह से यह रकम अधिक नहीं है। वही जहां पर छठवर्त दिन उसको विधिवत रूप से शुद्ध जल से धोकर हल्दी अपटन लगा सुंदर रूप देकर उस वस्तु में लगभग दर्जनों के रूप में फल फूल मिठाई तथा अन्य सामग्रियों को रख कर उससे माथे पर रख कर छठ घाट को व्रतियों ने नंगे पांव पहुंचते हैं। शाम में डूबते सूर्य को इसी सुपली में वर्तन में जल से अर्घ्य दिया जाता है। ततपश्चात अगले ही सुबह सूर्योदय उपरांत उसी वस्तु में रखे जल से अर्घ्य देकर अपनी पुण्यात्मा शरीर से घर गृहस्थी तथा परिजन रिस्तेदारों व गांव के भलेमानस लोगों की बेहतरी के सूर्य का उपासना करते हैं। जो विधिसम्मत विद्वान पंडितों से आशीर्वाद प्राप्त कर फिर नई जिंदगियों की भूल-भुलैईया में मग्न हो जाते हैं।

बदल गए हालात, अब सरकारी विद्यालयों में भी होने लगी पढ़ाई

## शिक्षक अगर 5-5 बच्चों को भी गोद ले लें त भविष्य संवर जाएगा : केके पाठक

राष्ट्रीय खबर

**पटना :** बिहार में कुछ समय पहले तक सरकारी स्कूलों की कल्पना करने पर एक अलग ही तरह की तस्वीर उभरती थी। जहां मास्टर जी कुर्सी पर ऊंघ रहे हैं और बच्चे क्लास में पढ़ाई के बजाए शोर मचा रहे हैं। किसी स्कूल में भैंसों का तबेला दिखता था तो किसी स्कूल के बाहर भूसों का ढेर दिखता था। लेकिन जैसे ही शिक्षा विभाग में कड़क आईएएस केके पाठक ने अपर मुख्य सचिव का जिम्मा संभाला, उन्होंने बदलाव शुरू कर दिए। उन्होंने इसकी शुरूआत ग्राउंड यानी जमीनी स्तर से की। पहले उन्होंने स्कूलों की व्यवस्था सुधारने पर ध्यान दिया। इसके बाद शिक्षकों को समय पर स्कूल आने और पढ़ाने का टास्क दिया। उनकी कड़ई के आगे किसी की चली भी नहीं। अब केके पाठक ने कुछ



टीचरों को एक नया मिशन दे दिया है। कुछ दिन पहले ही केके पाठक बेगूसराय के दौरे पर थे। इस दौरान रात में ही उन्होंने शिक्षकों की क्लास लगाई थी। यहां तक कहा था कि अगर टीचरों को गांव में पढ़ाना पसंद नहीं तो ये नौकरी उनके लिए नहीं है, वे इसे तत्काल छोड़ दें। इसी कड़ी में केके पाठक बेगूसराय के एक स्कूल में पहुंचे। लेकिन इसी दौरान वो गुस्से में आ गए। उन्होंने टीचरों को उनके कर्तव्य की याद दिलाई और कहा कि अगर वो 5-5 बच्चों को भी 'गोद' ले लें तो इनका भविष्य संवर जाएगा। के-के पाठक ने निरीक्षण के दौरान ही स्कूल में टीचरों से उनकी तादाद के बारे में पूछा। फिर उदाहरण देते हुए कहा कि अगर 20 टीचर हैं तो हर टीचर पांच-पांच बच्चों को गोद ले सकता है। गोद लेने का मतलब ये कि इन बच्चों की पढ़ाई की पूरी जिम्मेवारी उस शिक्षक पर होगी। इतना ही नहीं, रोष में भरे केके पाठक ने कहा कि 'यहां शिक्षकों की पूरी सेना है, तनख्वाह लेते हैं तो 40 हजार करोड़ तक का बजट रहता है। मैं इसी स्कूल से 40 उन छात्रों को निकाल सकता हूं जो ठीक से सबजेक्ट पढ़ तक नहीं सकते। गुस्सा तो तब आता है जब बच्चे किताब की एक लाइन नहीं पढ़ पाते। आखिर अब तक आप लोगों ने किया ही क्या है, जो ये हाल है।'

## गोवर्धन पूजा पर कई कार्यक्रम आयोजित

### दंगल के विजेता पहलवानों को विधायक ने किया सम्मानित

राष्ट्रीय खबर

**जगदीशपुर/भोजपुर :** स्थानीय विधायक राम विशुन सिंह लोहिया ने गोवर्धन पूजा के अवसर पर कई कार्यक्रमों में शामिल हुए। विधायक ने देव टोला, कुसुम्हां, विमवां व जगदीशपुर नगर सहित अन्य जगहों पर पहुंचे। जहां आयोजकों ने फूल-मालाएं पहनाकर बड़े ही जोर-शोर से अंग वस्त्र देकर विधायक को सम्मानित किया। इस सम्मान को पाकर विधायक गदगद दिखे। बता दे की गोवर्धन पूजा के अवसर पर देव टोला,कुसुम्हां व विमवा में गोवर्धन पर्वत के समीप कुश्ती दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें नामी-गिरामी पहलवानों ने भाग लिया। जहां पहलवानों ने दम खम दिखाया व



पहलवानों के दावपेंच देख दर्शक रोमांचित हो उठे। विधायक भी खिलाड़ियों के प्रदर्शन देख तालियां बजाते नजर आएं। इस दौरान सैकड़ो की भीड़ ने पारंपरिक खेल का न केवल आनंद लिया। बल्कि पहलवानों का उत्साह भी बढ़ाया। विधायक ने कहा कि कुश्ती दंगल से शारीरिक विकास के साथ ही शरीर स्वस्थ भी रहता है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से युवा पहलवानों को मजबूत जमीन मिलती है और उनका मनोबल बढ़ता है। विधायक ने सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। इधर, विधायक ने नगर में नवनिर्मित गोवर्धन मंदिर के उद्घाटन समारोह में भी सम्मिलित हुए। जहां भगवान कृष्ण के दर्शन कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की।

## राबड़ी नहीं होती तो आज बिहार में हमारी सरकार नहीं होती : लालू यादव

### भाजपा के यदुवंशी सम्मेलन पर लालू ने कसा तंज

राष्ट्रीय खबर

**पटना :** आरजेडी प्रमुख लालू यादव ने केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय पर जोरदार हमला बोला है। लालू यादव ने आरोप लगाया कि नित्यानंद राय हाजीपुर से गाय ले जाकर कटवाते थे। गाय-भैंस कटवाना ही उनका कारोबार था। इस दौरान लालू यादव ने दावा किया कि नित्यानंद राय आरजेडी में शामिल होने के लिए मेरे पास आए थे। लालू ने दावा किया कि अगर तेज प्रताप यादव को चुनाव में खड़ा कर दूं तो नित्यानंद राय



की जमानत जब्त हो जाएगी। वहीं लालू ने बीजेपी के यदुवंशी सम्मेलन पर भी जोरदार हमला बोला। आरजेडी प्रमुख ने कहा कि बीजेपी में यादव के नाम पर कंस जुटे हुए थे। भगवान कृष्ण की तरह बिहार में सरकार चल रही है। आज 75 फीसदी आरक्षण बिहार में लागू हुआ, जो इतिहास है। इस दौरान लालू यादव ने आरोप लगाया था कि पहले कमजोर लोगों को वोट नहीं देने दिया जाता था। आरजेडी प्रमुख लालू प्रसाद यादव ने कहा कि हाजीपुर में जो केंद्रीय राज्य मंत्री हैं, वे हमारी पार्टी में शामिल होने के लिए अप्रोच करते थे। बीजेपी ने उन्हें यादवों का मुख्यमंत्री बनाने की बात की थी। वे कहते थे कि लालू यादव ने राबड़ी देवी को मुख्यमंत्री बना दिया। लालू यादव ने नित्यानंद राय पर तंज कसते हुए कहा कि राबड़ी देवी को मुख्यमंत्री नहीं बनाते तो क्या तुम्हारी बीवी को मुख्यमंत्री बनाते? लालू ने कहा कि राबड़ी देवी नहीं होती तो आज हमारी सरकार नहीं होती।

### बिक्रमगंज को अपराध मुक्त बनाना मेरा लक्ष्य : एसडीपीओ



**बिक्रमगंज (रोहतास) :** अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कुमार संजय ने पदभार ग्रहण किया। ततपश्चात मीडिया से रूबरू होते हुए उन्होंने कहा कि बिक्रमगंज अनुमंडल में अपराध पर अंकुश लगाना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। साथ ही लोगों के साथ अच्छा व्यवहार न करने वाले और अपराधियों से सांठगांठ रखने वाले पुलिस कर्मियों पर सख्त नजर रखी जा रही है।उन्हें किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जायेगा। उन्होंने महिला अपराध पर अंकुश लगाने के साथ-साथ महिला सुरक्षा पर विशेष ध्यान रखने की बात कही। उन्होंने कहा कि भू-माफियाओं व शराब माफियाओं पर त्वरित कार्रवाई का अभियान और तेज किया जाएगा।

### अचानक लगी आग में कॉस्मेटिक दुकान जलकर राख

**पटना सिटी :** खाजेकलां थाना इलाके के मच्छरहट्टा मनिहारी मंडी स्थित बजाज प्लाजा के कॉस्मेटिक दुकान में सोमवार की देर रात भयंकर आग लग गई। आग कि लपटे इतनी तेज थी कि देखते ही देखते पूरी तरह कॉस्मेटिक दुकान जलकर राख हो गई। स्थानीय लोगों में अफरा-तफरी मच गई। फायर ब्रिगेड की तीन यूनिट मौके पर पहुंची और आग बुझाने का प्रयास जारी रखा। कई घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। घटना में लाखों रुपए का नुकसान बताया जा रहा है। आग कैसे लगी इसका पता अभी तक नहीं चला है। थानाध्यक्ष राहुल ठाकुर ने बताया कि कॉस्मेटिक दुकान में आग लगने की सूचना मिली थी। जिसके बाद फायर ब्रिगेड की 3 यूनिट को बुलाया गया तब आग पर काबू पाया गया है।

### बिस्कोमान भवन में सेंध चोरों ने उड़ाया सरसों तेल

**नोखा (रोहतास):** स्थानीय थाना क्षेत्र के नगर परिषद स्थित बिस्कोमान भवन गोदाम में सेंध मार चोरों ने उड़ाया सरसों का तेल। इस संबंध में बिस्कोमान प्रबंधक शशि रंजन सिंह ने बताया कि विगत सोमवार की रात अज्ञात चोरों ने बिस्कोमान भवन गोदाम में सेंध मारकर गोदाम में रखें 15 लीटर का 24 पीस और 1 लीटर का 105 पीस सरसों तेल ले भांगे। जो चोरी हुई सरसों तेल की कीमत 71 हजार 148 रुपए आकलन कर प्रबंधक द्वारा बताया गया है। दूसरी तरफ इस संबंध में बिस्कोमान प्रबंधक शशि रंजन सिंह ने बताया कि इसकी जानकारी सुबह गोदाम खुलने के बाद पता चलते ही स्थानीय पुलिस को सूचना दी गई। जिसके बाद पुलिस बिस्कोमान गोदाम पहुंच चोरी की घटना का जायजा लिया। दूसरी तरफ घटना के संबंध में अज्ञात चोरों के विरुद्ध स्थानीय थाना में प्रबंधक द्वारा प्राथमिकी दर्ज करा दी गई है।

# जगदीशपुर नगर में नवनिर्मित गोवर्धन मंदिर में भगवान कृष्ण की प्रतिमा स्थापित

## गोवर्धन पूजा पर भगवान कृष्ण की दर्शन करने के लिए दर्शनार्थियों की उमड़ी भीड़

### महाआरती में विधायक व चेयरमैन सहित प्रशासनिक अधिकारी हुए शामिल

राष्ट्रीय खबर

**जगदीशपुर/भोजपुर** : नगर के सवारथ साहू प्लस टू उच्च विद्यालय के पास गोवर्धन पूजा पर मंगलवार को नवनिर्मित गोवर्धन मंदिर में श्रद्धा और उत्साह से भगवान कृष्ण की मूर्ति स्थापित की गई। विद्वान पंडितों के सानिध्य में नपं के चेयरमैन संतोष कुमार यादव ने यादव परिवार की मौजूदगी में पूरे विधि-विधान से पूजा अर्चना कर भगवान कृष्ण की मूर्ति स्थापित कर प्राण प्रतिष्ठा की गई। इस दौरान हवन-पूजन के बाद महाआरती की गयी। इसके बाद पारंपरिक खेल का आयोजन किया गया। ढोल नगाड़ों के थाप पर लाठी भांजने के खेल का करतब दिखाया। कार्यक्रम में जगदीशपुर विधायक राम विशुन सिंह लोहिया, पूर्व विधायक भाई दिनेश, एसडीएम संजीत कुमार, प्रभारी कार्यपालक पदाधिकारी अरुण



कुमार, बीडीओ राजेश कुमार, थानाध्यक्ष राजकिशोर सिंह, जेई रौशन कुमार पांडेय व वार्ड पार्षद अनवारुल हक, लोजपा नेता संजय पासवान सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। आयोजन कर्ता सह पार्षद सुनील कुमार पांडा द्वारा अतिथियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर आयोजन समिति के सदस्यों को विधायक और चेयरमैन सहित अन्य अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। वही भगवान कृष्ण की दर्शन करने के लिए दर्शनार्थियों का भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालुओं द्वारा जय श्री कृष्ण, जय श्री कृष्ण का नारा लगाया जा रहा था। इस दौरान भक्तिमय का माहौल बना रहा। साथ ही लोगों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। इससे पहले सोमवार को नवनिर्मित मंदिर श्री कृष्ण गोवर्धन मंदिर से उत्सवी माहौल में जलभरी यात्रा निकाला गया। दुलौर नदी के तट से पवित्र जल उठाकर महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने नवनिर्मित मंदिर प्रांगण में पहुंचकर वैदिक मंत्र उच्चारण के बीच कलश को रखा। इसके बाद हरिकीर्तन का आयोजन किया गया। इस दौरान कई जगहो के हरिकीर्तन मंडलियों की ओर से हरे राम-हरे राम, हरे कृष्ण-हरे कृष्ण हरे हरे के गायन से पूरा वातावरण गुंजयमान हो उठा। इस आयोजन को सफल बनाने में सुनील कुमार पांडा, कमलेश यादव, जितेंद्र यादव, मनोज यादव, सत्येंद्र यादव, सतनारायण यादव, पिंटू यादव, अशोक यादव, लालबाबू यादव, श्याम बिहारी यादव, पिंटू यादव, सिंटू यादव सहित थाना मोहल्ला परिवार के सभी परिवार के सदस्यों का अहम योगदान रहा। नवनिर्मित गोवर्धन मंदिर की उद्घाटन के मौके पर चेयरमैन संतोष कुमार यादव ने बताया कि नगर निकाय चुनाव के दौरान थाना के पास रहने वाले यादव परिवार के लोगों ने गोवर्धन मंदिर का जीर्णोद्धार व भगवान कृष्ण की मूर्ति स्थापित कराने का मांग किये थे। उन्होंने कहा कि मुझे गोवर्धन पूजा पर नवनिर्मित मंदिर और भगवान कृष्ण की मूर्ति स्थापित करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। आगे उन्होंने कहा कि इससे पहले वार्ड नंबर 18 में डॉ. भीमराव अंबेडकर की मूर्ति का अनावरण किया था। जो हमने वादा चुनाव में लोगों से किया हूं। वह सभी अपने कार्यकाल में पूरा करने का भरपूर प्रयास करूंगा। चेयरमैन ने कहा कि महापर्व छठ पूजा में नगर और छठ घाट को आकर्षक रूप दिया जएगा।

## बाल दिवस पर पूर्व प्रधानमंत्री चाचा नेहरू को बच्चों ने याद किया

**बिक्रमगंज : (रोहतास)** बाल दिवस के अवसर 14 नवंबर को रोहतास जिला के विभिन्न स्कूलों में बाल दिवस की धूम रही। इस मौके पर बहुत से स्कूलों के बच्चों ने उत्साह पूर्वक रंगारंग कार्यक्रम भी आयोजित किया। इस अवसर पर बिक्रमगंज के नगर परिषद के स्थित कृष्ण कोचिंग संस्थान में नन्हें-मुन्नें बच्चों ने मंगलवार को भारत के पूर्व प्रधानमंत्री सह बच्चों के चाचा पंडित जवाहर लाल नेहरू के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन कर याद किया। जबकि मौके पर उपस्थित सैकड़ों बच्चों के बीच कोचिंग संचालक कृष्ण प्रसाद ने किताब, कॉपी, कलम, मिठाई, टॉफी देकर उन्हें सम्मानित किया। साथ ही साथ बताया कि देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू का जन्मदिन 14 नंबर को बाल दिवस रूप में मनाया जाता है। जो अपने जीवन काल में पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरु को बच्चों से काफी ज्यादा प्यार था।

## बांसगांव मंझरिया में क्रिकेट टूनार्मेंट का हुआ आयोजन



राष्ट्रीय खबर

**बगहा/भैरोगंज** : बगहा एक प्रखंड के बांसगांव मंझरिया पंचायत के मंझरिया मे क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन किया गया। टूनार्मेंट मंझरिया क्रिकेट क्लब के सौजन्य से कराया जा रहा है। क्लब के अध्यक्ष अमित पाण्डेय व हीरामन पटेल ने संयुक्त रूप से बताया कि इस टूनार्मेंट में कुल आठ टीम खेल रही है। एक एक मैच खेलने के बाद विजेता टीम 15/11/2023 को सेमी फाइनल मैच खेलेगी। पुनः सेमी फाइनल में जितने वाली विजेता टीम 18/11/2023 को फाइनल मैच खेलेगी। विजेता टीम को क्लब द्वारा रेंजर साइकिल पुरस्कार के तौर पर दिया जाएगा। वही उप विजेता टीम को 2100 सौ नगद राशि दिया जाएगा। सोमवार को मैच का मुख्य अतिथि बगहा एक प्रखंड के उपप्रमुख जयवर्धन मिश्रा,मंझरिया के पंचायत समिति सदस्य जयप्रकाश यादव, हरदी नदवा पंचायत के बीडीसी प्रतिनिधि सुरेश पासवान के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काट कर किया गया। पुनः अतिथियों द्वारा दोनो टीमों क्रमशः हरदी नदवा व कोल्हुवा के खिलाड़ियों से परिचय पात्र हुआ।टूनार्मेंट के शुरूआत रविवार को हुआ। जिसमे खजुरी व मेंहदी के टीमों के बीच खेली गई। जिसमे खजुरी की टीम विजयी रही।अगले दिन दो पाली का खेल हुआ जो क्रमशः हरदी नदवा बनाम कोल्हुआ के बीच हुआ। जिसमे कोल्हुआ की टीम विजेता रही। दूसरे पालियों का खेल भुलहवा बनाम बांसगांव के बीच हुआ। जिसमे बांसगांव विजेता रही। आयोजन कार्यकताओं में क्लब के भोला यादव, राजू पाण्डेय के साथ अन्य सभी सदस्य मौजूद थे।

# कुसुम्हाँ में गोवर्धन पूजा पर दंगल प्रतियोगिता आयोजित, पहलवानों ने दिखाया दम

## सफल प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत, जमकर बजी तालियां

राष्ट्रीय खबर

**भोजपुर/जगदीशपुर** : अनुमंडल के कुसुम्हाँ गांव में श्रीगोवर्धन पूजा महोत्सव का आयोजन किया गया। गोवर्धन पूजा एम गाय पूजा और श्री कृष्ण पूजा के रूप में मनाया गया। श्री कृष्ण मंदिर समिति के द्वारा भव्य तरीके से कुश्ती, लम्बी दौड़, लंबी कूद , हर साल के भांति इस साल भी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें देश के अन्य राज्य से आए पहलवानों ने हिस्सा लिया। जैसे पहलवानों का जत्था पूर्वांचल केसरी, बनारस केसरी, गाजीपुर केशरी,बंगाल केसरी पहलवानों को हौसला अफजाई करने के लिए माला अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का अखाड़ा संचालक एवं स्वागत कर्ता हरी नारायण सिंह रहे।



इस दंगल प्रतियोगिता में तीन दर्जन से अधिक पहलवानों ने कुश्ती का दाव आजमाया, जिसका हजारों लोगों ने भरपूर आनन्द उठाया। जिसमे विजेता विकाश पहलवान, शमशेर पहलवान, रिंटू पहलवान, आनंद पहलवान, और उपविजेता बंगाली पहलवान एवं अन्य पहलवान रहे। पहलवान की कुश्ती आकर्षण का केंद्र रहा। जिसमें सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया । पहलवानों को देखने दूरदराज से लोग आए थे। भीड़ ज्यादा होने कारण कई लोग ऐसे लोगों को दूर से सिर्फ माइक के आवाज से ही संतोष करना पड़ा।तमाम नेता एवं सामाज सेवक लोगों को अंग वस्त्र और माल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में माननीय विधायक राम विशुन सिंह उर्फ लोहिया जी, संदेश विधायक माननीय श्रीमती किरण देवी, पूर्व विधायक अरुण कुमार सिंह, विधायक पुत्र दीपू रावत, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी राजू यादव, पूर्व विधायक भाई दिनेश, राजद नेता विनोद सिंह, पूर्व जिला परिषद सह युवा जिला अध्यक्ष श्री शैलेंद्र राम जी, राजद प्रदेश महासचिव गोरख यादव,मनोज सिंह, पूर्व जिला परिषद असमंजस यादव, पूर्व युवा राजद जिला अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह,सहित कई कुश्ती प्रेमी मौजूद थे।

## जे पी सेनानी प्रो. प्रकाश के निधन उपरान्त, तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि



राष्ट्रीय खबर

**बेतिया** : अग्रणी मानवाधिकार संस्था लोक स्वातंत्र्य संगठन (पीयूसीएल) के राज्य परिषद सदस्य प्रो. प्रकाश के निधन पर जिला शाखा बेतिया ने रामकृष्ण विवेकानंद विद्या मंदिर, बेलबाग, बेतिया में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। प्रदेश सचिव डॉ. जगमोहन कुमार, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. शमसुल हक, जिला उपाध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद ने कहा कि हमने एक जनप्रिय, जागरूक, सक्रिय व विद्वान मानवाधिकार व सामाजिक कार्यकर्ता को खो दिया। गरीबों, अवश्यकतापरक लोगों की आवाज रहे और उनके अधिकारों के लिए आजीवन संघर्षरत प्रो. प्रकाश का जाना अपूरणीय सामाजिक क्षति है। जिला सचिव रमेश कुमार, कोषाध्यक्ष राधाकांत देवनाथ, पूर्व कोषाध्यक्ष रामचंद्र साह, आजीवन सदस्य रेमी पीटर हेनरी व जगदेव प्रसाद, फैजान अशरफ, सुजायत आलम, बसंत पड़ित ने कहा कि संस्था और समाज को आगे बढ़ाने, जरुरतमंदों के लिए आगे आने और कुछ करने की उनकी भावना हमें सर्वदा प्रेरित करती रहेगी। वे अपने विचारों से सूक्ष्म रूप में हमारे बीच हमेशा जीवित रहेंगे। कार्यक्रम के शुरू में उपस्थित सदस्यों ने प्रो. प्रकाश के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की, अपने विचार और संस्मरणों को साझा किया। अंत में उनकी आत्मा की शांति को दो मिनट का मौन रखा गया।

## तेज रफ्तार पिकअप वैन टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत

**काराकाट (रोहतास)** : बिक्रमगंज-नासरीगंज मुख्य पथ पर थाना क्षेत्र अंतर्गत काराकाट बाजार स्थित पुल पर तेज रफ्तार की कहर ने एक महिला की जान ले ली। बाइक पर सवार महिला को पिकअप वैन ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें बाइक पर पीछे बैठी महिला मुख्य सड़क पर गिर पड़ी । जिससे घटना स्थल पर ही महिला की मौत हो गई। घटना को अंजाम देकर पिकअप वैन को लेकर चालक भागने में सफल रहा। महिला की पहचान तरारी थाना क्षेत्र के करथ, डिलिया निवासी मुन्ना शर्मा, अपनी पत्नी 32 वर्षीय रीना देवी के रूप में की गई। सूचना पर पहुंचे स्थानीय पुलिस को विरोध का सामना करना पड़ा। आक्रोशित लोग उचित मुआवजा एवं वैसे चालकों के विरुद्ध कठोर से कठोर कार्रवाई करने की मांग पर अड़े हुए थे। जिससे घंटों भर के लिए यातायात बाधित रहा। हलाकि, थानाध्यक्ष के समझाने-बुझाने एवं उचित मुआवजे के आश्वासन के बाद जाम को हटवाया गया। थानाध्यक्ष मोहम्मद अख्तर ने बताया कि मृतिका 32 वर्षीय रीना देवी के शव को कब्जे में लेकर उनके परिजनों के समक्ष कानूनी प्रक्रिया पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया गया। उन्होंने कहा कि मुख्य सड़कों पर फर्राटे की तरह वाहनों को दौड़ा रहे वैसे चालकों के विरुद्ध कठोर से कठोर कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

## साइलेंट किलर है उच्च रक्तचाप, नियमित कराएं जांच

**मुंगेर** : उच्च रक्तचाप या हाई ब्लड प्रेशर को साइलेंट किलर भी कहा जाता है। ज्यादातर लोग उच्च रक्तचाप के कारण आने वाली स्वास्थ्य समस्याओं से अंजान होते हैं। उच्च रक्तचाप दिल की बीमारी, स्ट्रोक, दिल की विफलता जैसी कई अन्य बीमारियों के खतरे में डालता है। उक्त बातें गुरुवार को विश्व हृदय दिवस के अवसर पर जिला गैर संचारी रोग पदाधिकारी डॉ. के रंजन ने कही। उन्होंने बताया कि जिला के सभी प्रखंडों के सरकारी अस्पतालों में रक्तचाप की जांच के लिए विशेष व्यवस्था उपलब्ध है। 30 वर्ष की उम्र के बाद पुरुष हो या महिला हर किसी को एक निश्चित अंतराल पर अपनी रक्तचाप की जांच कराते रहना चाहिए। चक्कर आना, गंभीर सरदर्द, घबराहट, सीने में दर्द या भारीपन, मूत्र में रक्त, नजर में परिवर्तन, थकान या भ्रम

सांस लेने में तकलीफ होने पर इग्नोर नहीं करे। मोटापा, आलस्य व तम्बाकू सेवन से बचें।

डॉ. के. रंजन ने बताया कि उच्च रक्तचाप को ठीक नहीं किया जा सकता है। यह एक क्रोनिक बीमारी है और 90% रोगियों में उच्च रक्तचाप का कारण अज्ञात है। इसे दवा के साथ-साथ जीवनशैली और खाने की आदतों में कुछ संशोधन के साथ नियंत्रित भी किया जा सकता है। तनाव, नियमित जांच, धूम्रपान से परहेज नियंत्रण में कारगर है।

# अचानक आग लगने से घर व मवेशी सहित लाखों की संपत्ति जलकर हुआ राख

राष्ट्रीय खबर

**सुगौली, पू. च**: थाना क्षेत्र के करमवा-रघुनाथपुर पंचायत के करमवां गांव वार्ड 5 में अचानक लगी आग ने एक व्यक्ति का घर और सभी सामान सहित लाखों की संपत्ति जलकर खाक हो गई। साथ ही एक भैस ही जलकर घायल हो गई। पंचायत के मुखिया बिरजाभार शाह और पंचायत समिति सदस्य प्रदीप गिरी ने बताया कि वार्ड 5 के मोहन प्रसाद के घर में आग लग गई,आगलगी में मोहन प्रसाद का घर एक बकरी,एक साइकल,कपडा,बिछावन और राशन सहित लाखों कि संपत्ति जल गई। ग्रामीणों ने आगलगी की सूचना स्थानीय थाना और अंचल



कार्यालय को दी। सूचना के बाद थाना की फायर ब्रिगेड पहुंची तब तक सब कुछ जल चूका था। ग्रामीणों ने घटना स्थल पर पहुंच कर आग बुझाने का काफी प्रयास किया लेकिन आग लपटे इतनी तेज थी उस पर काबू पाया नही जा सका। कोशिश के बाद भी पर कोई फायदा नही हुआ। अंचल कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार आग से हुई क्षति के लिए अंचल कर्मी को भेज कर क्षति का आंकलन कराकर आपदा प्रबंधन के नियम के अनुकूल राहत व्यवस्था उपलब्ध कराई जाएंगी।

## देसी शराब के साथ धंधेबाज गिरफ्तार

**चेनारी (रोहतास)**: स्थानीय पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर अवैध शराब धंधेबाज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना तहत थाना क्षेत्र के बेलाशपुर गांव में शराब की बिक्री की जा रही थी। इसको लेकर एक टीम गठित कर चिन्हित स्थान पर पुलिस बल के साथ छापेमारी कर निर्मित शराब के साथ स्व० शिव पूजन पासवान के पुत्र भोला पासवान ग्राम बेलाशपुर निवासी को 5 लीटर देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। जिसके खिलाफ मध निषेध कानून तहत प्राथमिकी दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया।

## पूर्व कांड का फरार आरोपी गिरफ्तार

राष्ट्रीय खबर

**चेनारी (रोहतास)** : पूर्व कांड का फरार आरोपी गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि पूर्व कांड में संलिप्त फरार आरोपी को थाना क्षेत्र के मुनेश्वर प्रसाद के पुत्र शिव कुमार प्रजापति, शिव कुमार प्रसाद के पुत्र दीपक कुम्हार, ग्राम कर्णपुरा निवासी को गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर जेल दिया गया। जिनके खिलाफ पूर्व से ही स्थानीय थाना में प्राथमिकी दर्ज थी। जबकि थाना क्षेत्र के अन्य चार आरोपी को भी गिरफ्तार किया गया है। जो नगर पंचायत चेनारी के भरंदुआ निवासी शंकर सेठ के पुत्र राजू सेठ, विंध्याचल सेठ, संजय सेठ सहित सुनील सेठ को पुलिस ने गुप्त सूचना पर धर दबोचा। जिनके उपर न्यायालय द्वारा एनबीडब्ल्यू अंतर्गत वारंट निर्गत किया गया था।

## अनुमंडल क्षेत्र में धूमधाम से मनायी गई प्रकाश पर्व दीपावली

**बिक्रमगंज (रोहतास)** : अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत सभी प्रखंडों के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में हर्षोल्लास एवं सादगी के साथ प्रकाश पर्व मनाया गया। जिस पर्व में छोटे-छोटे बच्चों के अलावे युवा और बूढ़े लोग भी दीपोत्सव का पर्व सादगी के साथ मनाया। साथ ही साथ सभी श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव के साथ मां लक्ष्मी और भगवान श्रीगणेश जी का पूजन-अर्चन कर आशिर्वाद प्राप्त की। उसी क्रम में बिक्रमगंज व काराकाट प्रखंड क्षेत्र में विश्व हिंदू परिषद के नेतृत्व में संपूर्ण गांव के नर-नारी एवं बच्चों ने मिलकर एक साथ मां के प्रांगण में 5101 दीप प्रज्वलित किया गया। दीप प्रज्वलित को देखकर पूरे लोग आनंद के साथ प्रफुल्लित नजर आए। उक्त प्रखंड में पहली बार दीप प्रज्वलित करने का कार्यक्रम किया गया। विश्व हिंदू परिषद के संयोजक सुमंत तिवारी ने कहा कि आज के दिन प्रभु श्री राम अयोध्या 14 वर्ष वनवास के बाद आए थे। जिस कारण से प्रभु श्रीराम के आते ही पूरे देश में खुशियां ही खुशियां भर गई और इस खुशी के इजहार में दीप प्रज्वलित करके दीपोत्सव का पर्व मनाया गया था। इस दिन अंधकार पर प्रकाश का विजय और अन्याय पर न्याय का विजय और प्रभु श्री राम के अयोध्या लौटने की खुशी में हर साल पूरे देश भर में यहां तक की विदेश में भी रहने वाले सभी सनातनी दीप प्रज्वलित करते हैं। साथ ही साथ मिठाइयां बांटकर और खुशियों का इजहार करते हैं।

## विद्युत चोरी में 11 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

**कोचस (रोहतास)**: मगंलवार को विद्युत चोरी उपयोग करने के मामले मे विद्युत विभाग ने परसथुआ ओपी थाने मे 11 लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। इसकी जानकारी देते हुए कनीय अभियंता संतोष कुमार ने बताया कि मीटर बायपास कर चोरी से विद्युत उपयोग कर रहे लोगों के विरुद्ध विभाग धावा दल के साथ छापेमारी अभियान चला रही है, जहां मंगलवार को धावा दल के टीम ने थाना क्षेत्र के सोभीपुर व कथराई मे छापेमारी अभियान चलाई जिसमे ग्राम कथराई निवासी अर्जुन शाह पर 4856 रु ,बहादुर पासवान पर 13964 रु व बबलू शाह पर 6909 रु लालजी पासवान पर 13864 रु तथा संतोष शाह पर 17754 रुपए जुमार्ना लगाया गया। जबकि ग्राम सोभीपुर निवासी विपिन कुमार पर 10379 इसशरावती देवी पर 29764 रु कोमल चौधरी पर 7398 रु कामता सिंह पर 4484 रु विनोद चौधरी पर 11239 रुपए तथा मनिंदर पाल पर 20072 रु का थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

# परसौना तपसी में बिशल दंगल आयोजित, खेल प्रेमियों की जुटी भीड़

## विधि मंत्री डॉ. शमीम, विधायक व पूर्व महागठबंधन प्रत्याशी सहित अन्य उपस्थित

### बिहार, यूपी, दिल्ली, हरियाणा व नेपाल के पहलवानों ने दिखाया दम

राष्ट्रीय खबर

**रक्सौल, पू.च** : गोवर्धन पूजा के अवसर पर परसौना तपसी में विशाल दंगल का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि बिधि मंत्री शमीम अहमद, विधायक व राजद जिलाध्यक्ष मनोज कुमार यादव, पूर्व महागठबंधन प्रत्यासी व राजद के वरिष्ठ नेता रामबाबू यादव,कांग्रेस जिलाध्यक्ष गप्पू राय, जिला पार्षद उपाध्यक्ष पति अखिलेश्वर प्रसाद आदि लोगो ने दंगल का शुभारंभ पहलवानों से हाथ मिलवाकर किया। दंगल में बिहार, यूपी, दिल्ली, हरियाणा, नेपाल के पहलवानों ने भाग लिया। दंगल में पहुचे अतिथियो का स्वागत मेला समिति के



अध्यक्ष पूर्व मुखिया बृजकिशोर यादव व समाजसेवी सौरजन यादव, पूर्व मुखिया बिर बहादुर सिंह, बाबुनन्द सिंह, सचिदानंद सिंह, राजू सिंह आदि लोगो ने फूलमाला पहनकर व दो शाला ओढ़कर किया। दंगल मे पहुँचे लोगो को सम्बोधित करते हुवे बिधि मंत्री शम्मीम अहमद ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रो में ऐसे दंगल का आयोजन कराने से कुश्ती के प्रति युवाओं में उत्साह बढ़ेगा, खेल के साथ साथ कुश्ती को भी बढ़ावा मिलना चाहिये, राज्य सरकार इसके लिये प्रयासरत है, केंद्र सरकार को भी इस पर ध्यान देना चाहिये। इस आयोजन में सहदुल राजा पहलवान, प्रेम यादव पहलवान, जोखू पहलवान, धनन्जय पहलवान, बृज नारायण पहलवान, विजय यादव पहलवान, सहदेव पहलवान, सुजीत पहलवान, सहदेव पहलवान सहित दर्जनों पहलवानों ने कुश्ती का दाव-पेच आजमाया, जिसका दर्शकों ने भरपूर आनन्द उठाया। विजेता व उप विजेता पहलवानों को मेला समिति के सदस्यों ने नगद राशि देकर सम्मानित किया। इस मौके पर राजद नेता सुरेश सहनी, जे पी यादव, रवि मस्करा, जिला पार्षद पति मंजू यादव, जिला पार्षद पति कमरुद्दीन अंसारी, मुखिया पति अलखदेव यादव, अरुण, सर्वदेव यादव, सुनील यादव, छोटेलाल यादव, सनोज यादव कुशवाहा, संजय निराला, राजेश सिंह सहित भारी संख्या में दंगल प्रेमी उपस्थित थे ।

## अन्नकूट पूजन : छप्पन भोग एवं विशाल भंडारा का हुआ आयोजन

**सुगौली, पू. च**: नगर के मुख्य बाजार स्थित राधा कृष्ण ठाकुरबाड़ी मंदिर के द्वारा मंगलवार को अन्नकूट पूजन छप्पन भोग के विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। इसको लेकर मंदिर परिसर में महंथ मनीष दास के द्वारा विशेष तैयारी की गई थी। भंडारे में सैकड़ों की संख्या में महिला,पुरुष और बच्चे शामिल हुए।जिन्होंने पंक्तिबद्ध होकर भोजन का आनन्द लिया। भंडारे की शुरूआत बाबा जयराम दास,बाबा मनीष दास और व्यवसायी संघ के अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता ने संयुक्त रूप से प्रसाद का वितरण कर शुरू कराया।इसका महत्व बताते हुए महंथ मनीष दास ने कहा कि छप्पन भोग का काफी महत्व है। अन्नपूर्णा माता के द्वारा ही सभी लोगो को भोजन नसीब होता है। जिसको लेकर अन्नकूट पूजन किया जाना है। सभी जीवों को जीवित रहने के लिए भोजन की जरूरत है। इसके लिए ही सभी मनुष्य काम करते है। नौकरी, व्यवसाय, किसानी व मजदूरी करके भोजन की व्यवस्था करते है। पूरे जीवन मे अन्नपूर्णा माता का काफी महत्व है।

## शहर >> अपडेट

**डीएमपीएस में हुआ बाल मेला का आयोजन**

**चांडिल** : चांडिल उमेशनगर स्थित दयावती मोदी पब्लिक स्कूल प्रांगण में मंगलवार को बाल दिवस के अवसर पर बाल मेला का आयोजन किया गया। मेला का उद्घाटन विद्यालय के प्राचार्य शंपा बनर्जी ने फीता काटकर किया और बच्चों को बाल दिवस की शुभकामनाएं दी। मेला में विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टॉल, गेम्स और डांस म्यूजिक के कॉर्नर लगे हुए थे।

## क्राइम शॉर्ट अपडेट्स >>

**आज धूमधाम से मनायी जाएगी धरती आबा वीर बिरसा मुंडा की जयंती**

**बोकारो** : आज नया मोड़ स्थित बिरसा चौक पर धरती आबा वीर बिरसा मुंडा की 148वीं जयंती समारोह धूमधाम से मनाया जाएगा। यह समारोह प्रत्येक वर्ष भगवान बिरसा मुंडा जयंती समारोह समिति बोकारो द्वारा आयोजित की जाती है। समिति के सदस्यों ने जानकारी देते हुए बताया कि समारोह की तैयारी पूरी कर ली गई है। बुधवार सुबह 9:30 बजे आदिवासी रीति रिवाज से भगवान बिरसा मुंडा की पूजा अर्चना की जाएगी। उसके बाद अतिथियों द्वारा कार्यक्रम का उद्घाटन किया जाएगा। सुबह 10:30 बजे पुष्पांजलि कार्यक्रम की जाएगी। अपराहन 2:30 बजे संकल्प सभा का आयोजन किया जाएगा। सम्मान समारोह का कार्यक्रम 3:00 बजे से 4:00 बजे तक होगी। वही 4:00 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत की जाएगी, जो देर रात तक चलेगी। मौके पर समिति के रेंगो बिरूवा, झारीलाल पात्रा, रूपलाल मांझी, सुनील पिंगुवा, राम कुमार मांझी सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

**प्रधानमंत्री के आगमन पर जनसंम्पर्क अभियान**

**बेड़ो** : भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष गंगोत्री कुजूर ने भाजपा मंडल के कार्यकताओं के साथ मंगलवार को प्रखंड के विभिन्न गांवों में घर घर जाकर जनसंपर्क अभियान चलाया। जहां उन्होंने झारखंड राज्य के 23 वें स्थापना दिवस पर भगवान बिरसा मुंडा के जन्मस्थली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन पर उनके स्वागत के लिए लोगों को उलिहातू आने का न्योता दिया। साथ ही उन्होंने लोगों से उलिहातू चलने का आग्रह किया। इस दौरान श्रीमती कुजूर ने कहा कि प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए भाजपा द्वारा दस स्थलों पर स्वागत शिविर से प्रधानमंत्री पर पुष्प वर्षा की जाएगी। साथ ही प्रधानमंत्री का अभूतपूर्व भव्य स्वागत किया जाएगा। किसी भी प्रधानमंत्री की बिरसा की जन्मस्थली आगमन की यह पहली यात्रा होगी। जिन्होंने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जन्मभूमि पर पधार कर यहां के जनजातीय की गौरव बढ़ाने का काम किया। उन्होंने आम जनो से लाखों की संख्या में शामिल होकर उनकी यात्रा को सफल बनाने का आह्वान किया। मौके पर भिखा उरांव, आलोक मिश्रा, बलराम सिंह, सुखदेव कच्छप, आलोक मिश्रा, राजेश साहू, अनिल साहू, मनोज साहू, मोती गुप्ता, अमीन संसारी, नवदीप महतो, गणेश महथा, अरुण साहु,लाल मोहन बड़ाईक समेत कई लोग मौजूद थे।

**बीडीओ ने किया छठ घाट का निरीक्षण**

**बेड़ो** : प्रखंड स्थित छठ घाट के साफ-सफाई को लेकर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की के निदेर्शानुसार प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रताप मिंज ने जन प्रतिनिधियों के साथ मंगलवार को घाट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के उपरांत बीडीओ ने छठ घाट का जल्द से जल्द साफ सफाई का निर्देश दिया।

**बरद खूटा पर्व**

## कसमार में धूमधाम से मना बरद खूटा पर्व

# 9 दिनों तक मवेशियों की सेवा करने के बाद बैलों के साथ झूमे ग्रामीण

राष्ट्रीय खबर



**कसमार** : अहिरे, केथिञ साजाबअ बरदा, तरे आठअ अंगा रे बाबु हअ केथिञ साजाबअ दुइअ सिंग, आर, केथि साजाबअ बरदा, तरे दुइअ चंइखा रे केथि साजाबअ दुइअ कान आदि गीतों के साथ मंगलवार को कसमार प्रखंड के मुरहुलसुदी, हिसीम, सिंहपुर, खैराचातर, बगदा, टांगटोना, दुगार्पुर, मंजूरा, मधुकरपुर, बरईकला, कसमार आदि गांवों में झारखण्ड की संस्कृति से जुड़ा पर्व सोहराय बरदखुंटा धूमधाम से मनाया गया। गांव के विभिन्न टोलों मोहल्लों में सैकड़ों अखाड़ा बनाया गया था। इस अवसर पर ग्रामीण किसानों की उत्साह देखते ही बन रही थी। प्रति वर्ष की भांति परंपरानुसार किसानों ने छः दिनों तक अपने-अपने पशुधन की सेवा की। उनके पैरों और सींग में तेल सिन्दूर लगाया गया। इस दौरान बैलों व गायों को किसी भी प्रकार का कष्ट नहीं होने दिया जाता है और न ही उनसे खेतों में जोताई ही कराई जाती है। गोहाल पूजा के बाद पशुधन का चुमावन के करने के उपरांत धान का मडवर बनाकर उन्हें पहनाकर चावल के गुड़ी से पाक पकवान बनाकर गिरि गोवर्धन की पूजा अर्चना की गई। बैलों को खुंटे में बांधकर झारखंडी गीत व संगीत के साथ ढोल-नगाड़े और मांदर की थाप पर जानवर को नचाया गया तत्पश्चात शाम को गांव के अखाड़े में चाअचयर, सोहराय नृत्य का आयोजन किया गया। परंपरा को आज भी युवा पीढ़ि जीवित रखने का भरपूर प्रयास कर रहा है।

मंजूरा में बरदखुंटा से पूर्व गोठ पूजा का आयोजन किया गया।कुड़माली भाखी चारी अखाड़ा के संजय पुनअरिआर ने बताया कि किसानों में बरद खूंटा की मान्यता फसल पकने के बाद धान कटनी की खुशी में मनाया जाने वाला त्योहार सहराई को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में काफी उत्साह का माहौल है। यह माहौल चास व चंदनकियारी क्षेत्र सहित झारखंड के हर गांव में है। हर्ष और उल्लास के साथ छः दिनों तक चलने वाला यह पर्व कृषि से जुड़ा है और कृषि से जुड़ी सभी का जिसमें हल, बैल, गौ धन एवं घर आए नए धान का बड़ी आदर भक्ति के साथ आराधना कर कृतज्ञता प्रकट किया जाता है। इन छह दिनों में पशुधन की सेवा की जाती है। इस अवसर पर छह दिनों तक नियमित बैलों के सींग पर तेल विशेषकर कोचरा का तेल लगाने की रस्म पूरी की जाती है। इस अवसर पर सबसे विशिष्ट आयोजन बरद खूंटा का होता है। इसमें बैल को खूंटे से बांधकर सहराई के गीतों पर मांदर की थाप पर नचाया जाता है। कहा जाता है कि जबसे मानव सभ्यता का विकास हुआ, तब से लोगों ने अन का उत्पादन करना सीखा। कृषि के साथ पशुपालन कर व्यवस्थित ढंग से जीना सीखा। तब से ही इसे एक उत्सव के रूप में मनाने की परंपरा चली आ रही है। बोडो पहाड़, महामाय, बुढाबाबा गोरैया गोसाईं आदि देवाभूता की कृपा हुई कि मनुष्य ने अन्न उत्पादन करना सीखा। जिस गाय की दूध से अपने बच्चों को पुष्ट आहार मिला और जिस अन्न से क्षुधा शांत हुई, उनके प्रति आभार, आस्था और कृतज्ञता प्रकट करने का महान पर्व है सहराई।

गौ व बैलों को सहराई के गीतों के माध्यम से जागरण गीत गाई जाने की परंपरा रही है। कहते हैं पशुधन बढ़े, घर में गौ माता का संवर्धन हो दूध की धारा बहे, इसी कामना के साथ अमावस्या की रात गौ जागरण की जाती है। सहराई के गीतों से अपने गौ धन के प्रति आदर का भाव प्रकट किया जाता है। गौरइया पूजा दूसरे दिन गौरइया पूजा की परंपरा है। इसके पूर्व गौशाला, गौठपूजा के साथ-साथ हल-जुआंठ की पूजा, धान की नई बाली से बैलों को सजाने एवं उसे महिलाओं द्वारा चुमावन व आरती उतारने के बाद चावल से बने पीठा का भोग चढ़ाया जाता है।

## सोहराई जतरा का आयोजन



राष्ट्रीय खबर

**बुढ़मू** : ठाकुरगांव थाना क्षेत्र के खिजुरटोला गुरुगाई में मंगलवार को दीपावली के अवसर पर सोहराई जतरा का आयोजन किया गया। जतरा का उदघाटन अतिथि प्रमुख सत्यनारायण मुंडा, जिप सदस्य रामजीत गंझु, थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार, पूर्व जिप उपाध्यक्ष पार्वती देवी ने किया। मौके पर प्रमुख ने कहा कि जतरा सभी सम्प्रदाय को जोड़ने का एक सशक्त माध्यम है। मेला में समिति द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जिसका दर्शकों ने देर रात्रि तक लुत्फ उठाया। मेला के सफल आयोजन में समिति के गणेश गोप, बलिंद्र गोप, गिरधारी गोप, सीताराम मुंडा, विकास लोहरा, संदीप गोप आदि की सराहनीय भूमिका रही।

## बोकारो के सेक्टर 2 में काली पूजनोत्सव में कलाकारों ने भक्ति गीतों से बांधा समां



राष्ट्रीय खबर

**बोकारो** : सेक्टर 2 मिथिला चौक स्थित श्यामा माइ मंदिर में मैथिली कला मंच काली पूजा ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय महाकाली पूजनोत्सव के दौरान बोकारो व मिथिला से आये कलाकारों ने भक्ति गीतों की प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। कटिहार से आयीं लोक गायिका प्रीति मिश्रा, गायक अनीश कुमार, बोकारो के वरिष्ठ तबलावादक पं बच्चनजी महाराज, गायिका करिश्मा प्रसाद, गायक अरुण पाठक, हरेकनाथ गोस्वामी, विश्वनाथ गोस्वामी, रुप नारायण गोस्वामी, शैलेश कुमार आदि ने अपनी प्रस्तुतियों से भक्ति रस की धारा प्रवाहित कर दी। वहीं पूरे पूजनोत्सव के दौरान मिथिला के प्रसिद्ध शहनाई वादक बिलट राम की रसन चौकी भी खूब जमी। गायक अरुण पाठक ने मिथिला वर्णन गीत अपन मिथिला के गाथा हम सुनू एखने सुनाबै छी..., हम गाम आबै छी.., करिश्मा प्रसाद ने विनती सुनिए आदिशक्ति मेरी..., हमरो दिस तकियो भवानी हे..., श्यामल वरण मृगलोचन भवानी के... , मेरी झोपड़ी के भाग आज जाग गए हैं मैया आई हैं..., अनीश कुमार ने माता तेरे चरणों में स्थान जो बन जाए..., मैं तो रटूं सदा तेरा नाम..., प्रीति मिश्रा ने जय जय भैरवि.., मैया श्यामा माइ..., हम मैथिल छी मिथिला हमर... व शिव के नचारी की सुमधुर प्रस्तुति से सभी को आनंदित किया। कलाकारों व पूजन कार्यक्रम में शामिल पंडितों को मैथिली कला मंच, काली पूजा ट्रस्ट के अध्यक्ष के सी झा, महामंत्री सुनील मोहन ठाकुर, पूजा संयोजक अविनाश अवि ने प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मानित किया।

# प्रमुख नें पंचायत समिति के साथ की बैठक

राष्ट्रीय खबर

**बेड़ो** : प्रखंड कार्यालय में मंगलवार को पंचायत समिति सदस्यों की बैठक प्रखंड प्रमुख विनीता कच्छप की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में बारी बारी से एक एक कर सभी विभागों की समीक्षा किया गया। वहीं इस दौरान सभी पंचायत समिति सदस्यों के द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में होने वाली समस्या को लेकर चर्चा की। उपप्रमुख मोद्दसिर हक ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए पंचायत समिति सदस्य होने का दायित्वों को याद कराते हुए प्रखंड में संचालित विभिन्न विभागों के बारे में संक्षेप में सटिकता से जानकारी दिया। उपप्रमुख ने बिजली विभाग में हो रही बिल के संबंध में गड़बड़ी, स्वास्थ्य के क्षेत्र में विभागीय कर्मचारियों द्वारा किया जाने वाले मनमानी, पीडीएस डीलरों द्वारा किया जाने वाले अनाज वितरण में कटौती व साजीस, पशुपालन विभाग में वितरण में गड़बड़ी, थाना में पेंडिंग केस के निबटारा, शिक्षा विभाग में आवंटित राशियों का प्रबंध समितियों द्वारा किये जाने वाले राशि का बंदरबांट, पंचायत में बहुत सारी कल्याणकारी योजनाओं में गड़बड़ी आदि पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए अपने समितियों को उक्त विभागों में हो गड़बड़ी को सुधारने हेतू बेहतर सुझाव दिया। उपप्रमुख ने कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए कहा कि सरकार की एक बहुत ही लाभकारी योजना का क्रियानवयन शुरू होने जा रहा है जिसमें सभी पंचायत समिति गण को अपने अपने पंयायत में बेहतर तरिके से क्रियानवयन हेतू आग्रह किया।

## मरू गांव में सोहराई मेला का आयोजन

राष्ट्रीय खबर

**बुढ़मू** : दीपावली पर्व के अवसर पर बुढ़मू प्रखंड क्षेत्र के मुरु गांव में सोहराई मेला का आयोजन किया गया। मेला में नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मेला मंच का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथी झामुमो पार्टी के रांची जिला उपाध्यक्ष निरंजन कालिंदी ने अपने हाथों से फीता काट कर किया। उद्घाटन के बाद मुख्य अतिथी निरंजन कालिंदी ने दीपावली पर्व की शुभ कामनाएं दी। साथ ही निरंजन कालिंदी ने अपने संबोधन में कहा कि मेला क्षेत्र की पहचान है। मेला में बुढ़मू प्रखंड प्रमुख सत्यनारायण मुंडा, प्रखंड के पश्चिमी क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य रामजीत गंझू, सनोज यादव सहित कई गणमान्य लोग शामिल हुए। इस दौरान मेला में राजकुमार शिखर ग्रुप के उपस्थित कलाकारों ने मेला देखने आए लोगों को मनोरंजन कराया। मेला में ईख खिलौने, मिठाईयों की दुकान में भीड़ देखी गई। और मेला में लोगों ने खरीददारी की। मेला के सफल आयोजन में मेला कमेटी के दारा सिंह समेत ग्रामीणों का सराहनीय भूमिका रहा।

# सीता कुमारी मुंडा ने 18 गोल्ड मेडल जीत करके राज्य व देश का नाम किया रोशन

राष्ट्रीय खबर



**बुढ़मू** : रांची जिले के बुढ़मू प्रखंड के कोटारी गांव के एक आदिवासी महिला ने अब तक कुल 18 मेडल जीत हासिल किया है। बुढ़मू प्रखंड क्षेत्र के कोटारी गांव के स्वः सोनू मुंडा और सोमरी देवी की बेटी सीता कुमारी मुंडा(34) वर्ष ने विभिन्न खेल में भाग लिया। और 18 गोल्ड एवं सिल्वर मेडल जीत हासिल करके बुढ़मू प्रखंड के साथ ही जिला राज्य एवं देश का नाम रोशन किया है। दुबई में आयोजित प्रथम ओपन अंतर्राष्ट्रीय मास्टर्स चैंपियनशिप में भारतीय टीम की ओर से खेल रहे झारखंड की महिला एथलींटो ने अपना परचम लहराया।

दुबई में 27 से 30 अक्टूबर तक आयोजित इस चैंपियनशिप में झारखंड की सीता कुमारी मुंडा ने हिस्सा लिया। परिवार वालों ने बताया कि मास्टर गेम्स फेडरेशन के महासचिव नवीन चंचल ने बताया कि सीता कुमारी मुंडा ने बाधा दौड़ में व ट्रिपल जंप में दो स्वर्ण, शॉट पुट और लंबी कूद में दो सिल्वर मेडल जीत हासिल किया है। साथ ही लोगों ने बताया कि जमशेदपुर में एक मेडल (रजत पदक) केरल में एक गोल्ड मेडल (कांस्य पदक) 2 और हैदराबाद में एक गोल्ड मेडल और एक कांस्य पदक नासिक में दो गोल्ड मेडल और तीन कांस्य पदक, वाराणसी में दो गोल्ड मेडल और एक रजत पदक, दुबई में दो गोल्ड मेडल और दो रजत पदक जीत हासिल किया है। इसके साथ ही कई अन्य जगहों पर भी सीता कुमारी मुंडा ने गोल्ड मेडल एवं सिल्वर मेडल जीत हासिल किया है।

जीत हासिल करने पर खेल के महासचिव के सहित अन्य लोगों ने बधाई दी है। साथ ही लोगों ने बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बिना सरकारी मदद के यह महिला राज्य एवं देश का नाम रोशन कर रही हैं। अगर इन्हें भी सरकारी मदद मिले तो यह राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व करेंगे। बताते चलें कि सीता कुमारी मुंडा(34) वर्ष के एक गरीब आदिवासी महिला हैं। और उसका पिता कुछ वर्ष पहले इस दुनिया को छोड़कर चले गए हैं , और उसकी मां 85 वर्ष की है ,और वह बुजुर्ग अवस्था में है। इधर सीता कुमारी मुंडा को 18 गोल्ड मेडल एवं सिल्वर मेडल जीत हासिल करने पर बुढ़मू प्रखंड के लोगों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

## न्यूज फटाफट

**नारायण आईटीआई में मनाया नेहरू जयंती**



**चांडिल** : नारायण आईटीआई लुपुंगडीह में मंगलवार को भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरु की जयंती मनाई गई। एवं संस्थान के सभी शिक्षकों के द्वारा उनके तस्वीर पर पुष्पअर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर संस्थान के संस्थापक डॉक्टर जटाशंकर पांडे ने कहा की पंडित जवाहर लाल नेहरू का जन्म 14 नवम्बर 1889 को इलाहाबाद में हुआ था। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा अपने घर पर निजी शिक्षकों से प्राप्त की। पंद्रह साल की उम्र में वे इंग्लैंड चले गए और हैरो में दो साल रहने के बाद उन्होंने कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में प्रवेश लिया जहां से उन्होंने प्राकृतिक विज्ञान में स्नातक की डिग्री प्राप्त की। इस अवसर पर सुदीष्ट कुमार, शशि भूषण पांडे, एडवोकेट निखिल कुमार, देव कृष्ण महतो, पवन कुमार महतो, अजय मण्डल, गौरव महतो, कृष्ण पद महतो, आदि मौजूद थे।

**22 वर्षीय क्रिकेटर ने की आत्महत्या**



**बोकारो** : हरला थाना क्षेत्र के सेक्टर 9 ए क्वार्टर नंबर 447 में एक क्रिकेटर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक का नाम अभय कुमार(22) बताया जा रहा है। जो गोमिया प्रखंड महुआटांड़ थाना क्षेत्र का रहने वाला है। मृतक सेक्टर 9 में रहकर क्रिकेट की प्रैक्टिस के साथ-साथ पढ़ाई भी करता था। सोमवार को चास एसडीओ के साथ भी अभ्यास मैच खेला। मैच खेलने के बाद वह अपने कमरे में चला गया। मृतक के साथ रहने वाले सोनू ने बताया कि हम लोग साथ में खाना बनाते थे। खाना खाने को लेकर जब दरवाजा खटखटाया तो अंदर से कोई आवाज नहीं आई। काफी देर तक जब दरवाजा नहीं खुला तो पड़ोसियों एवं अन्य लोगों के सहयोग से दरवाजा तोड़ गया। अंदर देखा तो अभय फंदे से लटका हुआ था। सोनू ने यह भी बताया कि वह किसी लड़की के साथ देर रात तक बातें करता था। इसकी सूचना पुलिस के साथ-साथ उसके पिता शशि भूषण नाग को दी गई। घटना के लेकर पिता का कहना है कि मेरा बेटा पढ़ाई के साथ-साथ क्रिकेट में भी बहुत अच्छा प्रदर्शन करता रहा। किस कारण से आत्महत्या कर ली इसकी कोई जानकारी नहीं है। साथ ही परिवार में कोई विवाद भी नहीं है, जिससे मेरा बेटा इतना बड़ा कदम उठा सकता है। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

**प्रतिनिधि मंडल ने तालाब की दयनीय स्थिति पर जताया रोस**



**चास** : मंगलवार को जन संघर्ष मोर्चा एवं नागरिक चेतना समिति के संयुक्त तत्वाधान में एक प्रतिनिधि मंडल चास स्थित सोलागिडीह तालाब का निरीक्षण संयुक्त रूप से किया। छठ व्रत को लेकर चास नगर निगम द्वारा किए जा रहे तैयारियों के मद्देनजर भ्रमण के दौरान तालाब की दयनीय स्थिति पर रोस जताते हुए, स्थानीय लोगों के साथ विरोध प्रकट किया। सूचना मिलते ही तत्काल नगर निगम के पदाधिकारी पहुंचे। जहां समिति सदस्यों ने उन्हें दिखाया कि तालाब में स्थानीय लोगों के घर का कचरा एवं मल मूत्र विसर्जित जल सीधा नाली बनाकर तालाब में प्रभावित किया जा रहा है। सड़क किनारे बने निगम की नालियां अनुपयोगी है और पूरी तरह जाम व बंद है। साथ ही तालाब में जल बदबूदार व दे हो चुके हैं। इस स्थिति में छठव्रतियों को छठ के लिए वहां सुरक्षित त्यौहार मनाने की व्यवस्था की जाए। तालाब का जल स्वस्थ किया जाए, अन्यथा तालाब में छठ मनाने पर प्रतिबंध घोषित किया जाय। इस निरीक्षण के क्रम में जन संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष विक्रम कुमार महतो, डीके त्रिवेदी, मंजू देवी, गोपाल शाह, नीरज कुमार, प्रदीप सिंह सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**संत मेरी स्कूल में मनाया गया बाल दिवस**

**बोकारो** : संत मेरी स्कूल सेक्टर 4 में बाल दिवस मनाया गया। प्रधानाध्यापक फादर मैथ्यू थामस ने देश के पूर्व प्रधानमंत्री पं.जवाहर लाल नेहरु की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि पं.जवाहर लाल नेहरु को बच्चों से काफी स्नेह था। बच्चे उन्हें प्यार से चाचा नेहरु कहते थे। इनका जन्म 14 नवंबर 1889 को हुआ था। इनकी जयंती को बाल दिवस के रुप में मनाया जाता है। कहा कि पं.जवाहर लाल नेहरु ने स्वतंत्रता संग्राम में भाग लिया। देश की आजादी के बाद प्रधानमंत्री बने। उन्होंने देश व लोगों के उत्थान की दिशा में काम किया। इनके आदर्श को जीवन में आत्मसात करना चाहिए। शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों के लिए विशेष तरीके से वर्ग कक्ष को सजाया। इन्होंने प्रत्येक बच्चे के लिए विशेष संदेश लिखा कार्ड बनाया। शिक्षिकाओं ने बच्चों को कार्ड व उपहार प्रदान किया। शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों को बाल दिवस के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की। शिक्षिकाओं व बच्चों ने आपस में मिलजुल कर बाल दिवस की खुशियां बांटीं।

**दुगदा गोलाई के बिजली उपभोक्ता 26 दुकानों का बिजली कनेक्शन कटे गए**

**चन्द्रपुरा** : दुगदा कोलवाशरी टाउनशिप के दुगदा गोलाई में प्रबंधन के आदेश पर 26 दुकानों का बकाया बिजली बिल को लेकर मंगलवार को बिजली विभाग के अधिकारी एसके मिश्रा एव फोरमेन इंचारक के पासवान के नेतृत्व में बिजली कनेक्शन काटे गए। इन 26 दुकानदार वाशरी के बिजली उपभोक्ता थे। इनके पास बिजली के 7 लाख रुपये बकाये हैं। इन दुकानों के बिजली कनेक्शन काटने से दुगदा गोलाई मार्किट एरिया में अंधेरा छा गया है। आधिकारिक सूत्रों ने जानकारी दी है कि दुगदा मार्किट में करीब एक 100 दुकानदारों के पास करीब 20 लाख रुपए बिजली बिल बकाया है। अगर इन दुकानदार जल्द बकाया बिल भुगतान नहीं किया तो इन सभी दुकानों की बिजली कनेक्शन काट दिए जाएंगे। इन दुकानदारों का बिजली का बिल महीनों से बकाया चला आ रहा है।

**उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने किया छठ घाट का निरीक्षण**

**बोकारो** : आगामी छठ महापर्व को लेकर उपायुक्त कुलदीप चौधरी एवं पुलिस अधीक्षक प्रियदर्शी आलोक सहित अपर नगर आयुक्त सौरव कुमार भुवानिया, अनुमंडल पदाधिकारी चास दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चास पुरुषोत्तम कुमार एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी चास के द्वारा गरगा छठ घाट, कैंप-2 स्थित तिरंगा पार्क छठ घाट, टू टेन गार्डन छठ घाट, सेक्टर-9 स्थित कूलिंग पाउंड, सेक्टर-4 एफ स्थित सूर्य सरोवर, जगरनाथ मंदिर छठ घाट एवं सेक्टर-1 सी छठ घाट का निरीक्षण किया।

संपादकीय

# महुआ मोइत्रा ही बदले के निशाने पर

धीरे धीरे यह साफ होता जा रहा है कि गौतम अडाणी और नरेंद्र मोदी के खिलाफ हमलावर तृणमूल सांसद महुआ मोइत्रा अभी भाजपा के प्रमुख निशाने पर है। कभी इस निशाने पर राहुल गांधी हुआ करते थे। दरअसल लोकसभा की आचार समिति ने जिस तत्परता से तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा को निचले सदन से निष्कासित करने की सिफारिश की, वह निश्चित रूप से नैतिकता या निष्पक्षता के प्रति किसी निष्ठा का संकेत नहीं है। यह सिफारिश सरकार के एक आलोचक को चुप कराने का बेशर्मी से किया गया पक्षपातपूर्ण प्रयास है। यह एक चेतावनी भी है जिसका उद्देश्य सांसदों को कार्यपालिका को जवाबदेह ठहराने का अपना काम करने से डराना है। समिति की न तो प्रक्रिया और न ही निष्कर्ष किसी समझने योग्य सिद्धांत पर आधारित हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की मदद से समिति ने पाया कि संसद पोर्टल तक पहुंचने के लिए सांसद की लॉग इन का दुबई से 47 बार ऑनलाइन उपयोग



किया गया था। संसदीय प्रश्न विदेश से प्रस्तुत किये गये। लेकिन सांसद निशिकांत दुबे का यह आरोप इससे प्रमाणित नहीं हुआ कि इसमें पैसे कहां लिये गये और राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा कैसे पहुंचा। अब अडाणी के खिलाफ सवाल पूछना राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा कैसे हो सकता है। जैसा कि समिति में विपक्षी सदस्यों ने बताया है, प्रश्नों का मसौदा तैयार करना और प्रस्तुत करना नियमित रूप से सांसदों के सहयोगियों द्वारा किया जाता है। और सांसद विभिन्न घटकों के प्रतिनिधित्व के आधार पर संसद में प्रश्न उठाते हैं। बिना ठोस सबूत के यह मान लेना कि कोई भी सवाल भौतिक लाभ के बदले में है और फिर एक निर्वाचित सांसद को निष्कासित करना संसदीय लोकतंत्र पर ही हमला है। समिति सरकार से सुश्री के खिलाफ उसके एक सदस्य द्वारा लगाए गए प्रतिनिधित्व के आरोप की जांच करने का आह्वान कर रही है। मोइत्रा ने उसे दोषी ठहराने के बाद प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत को उल्टा कर दिया। यदि सांसदों को अपने लॉगिन क्रेडेंशियल दूसरों के साथ साझा करने से रोका जाता है, तो नियम सभी पर समान रूप से लागू होना चाहिए। अब जब समिति ने एक निर्वाचित सदस्य को सदन से निष्कासित करने का यह चरम कदम उठाया है, जिससे उसके निर्वाचन क्षेत्र के मतदाताओं को प्रतिनिधित्व से वंचित कर दिया गया है, तो उसे यह भी जांच करनी चाहिए कि अन्य सांसद संसदीय प्रश्न कैसे तैयार करते हैं और प्रस्तुत करते हैं। संकेतों और अनुमानों के आधार पर एक सांसद की चयनात्मक जांच से स्पष्ट रूप से पता चलता है कि यह क्या है - धमकी। यह भारतीय जनता पार्टी के सांसद रमेश बिधूड़ी के खिलाफ एक गंभीर शिकायत पर लोकसभा विशेषाधिकार समिति की धीमी प्रतिक्रिया के बिल्कुल विपरीत है, जिन्होंने लोकसभा में एक साथी सदस्य के खिलाफ अपमानजनक सांप्रदायिक अपशब्दों का इस्तेमाल किया था। यह गंभीर चिंता का विषय है कि कोई सदस्य सदन में दूसरे सदस्य के साथ दुर्व्यवहार कर सकता है और धमकी दे सकता है। ऐसा कहा गया, सुश्री मोइत्रा का ऐसे व्यक्ति को अपनी ओर से आधिकारिक कार्य निष्पादित करने की अनुमति देना, जो उसके द्वारा नियोजित नहीं है, विवेक और निर्णय की कमी को दर्शाता है। यह उन सभी लोगों के लिए एक सबक के रूप में काम करना चाहिए जो सरकार को जवाबदेह ठहराना चाहते हैं। खुद को निंदा से परे रखना। सदन के एक विशेष सत्र के दौरान भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी द्वारा साथी सांसद दानिश अली के खिलाफ सांप्रदायिक अपशब्दों के इस्तेमाल से उत्पन्न आरोपों पर विचार करने के लिए लोकसभा की विशेषाधिकार समिति की बैठक हुए अब एक महीने से अधिक समय हो गया है, और अगली बैठक अभी भी प्रतीक्षित है। इसके विपरीत, एथिक्स कमेटी ने तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा के खिलाफ पक्षपात के आरोपों की जांच करते हुए कार्यवाही समाप्त कर दी और 23 दिनों के भीतर उन्हें निष्कासित करने की सिफारिश की। इस पैनल की पिछली सुनवाई में, 10 अक्टूबर को, बिधूड़ी ने मौखिक साक्ष्य दिया था, जिससे उन्हें 11 अक्टूबर की उपस्थिति को छोड़ने की अनुमति मिल गई थी क्योंकि वह राजस्थान में चुनाव-संबंधी कार्यों में व्यस्त थे। उन्होंने कहा था कि वह इसके बाद पैनल के सामने पेश होंगे। लेकिन, 34 दिन बीत चुके हैं और समिति की दोबारा बैठक नहीं हुई है। स्पष्ट है कि दरअसल इन सभी के पीछे का असली मकसद क्या है। वैसे इसके बीच भाजपा और मोदी समर्थक मीडिया के प्रचार का ममता बनर्जी ने चुप रहते हुए उत्तर दे दिया है। महुआ मोइत्रा को उनके इलाके का जिलाध्यक्ष बनाकर पार्टी ने यह साफ कर दिया है कि पार्टी उनके साथ ही खड़ी है। वरना मीडिया का एक वर्ग यह प्रचारित करने में जी तोड़ कोशिश कर रहा था कि ममता ने महुआ का साथ छोड़ दिया है। वैसे पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव का परिणाम इसके आगे की राजनीति की दिशा तय करेगा, यह साफ हो गया है।

# क्या है तालिबानी सोच ?

वैसे तो इस समय अफगानिस्तान में तालिबानी सरकार सत्ता में है। अमेरिकी सेना से दो दशक की लड़ाई के बाद अफगानिस्तान में 15 अगस्त, 2021 को तालिबान की वापसी हुई। निश्चित रूप से तालिबानों ने वहां की राष्ट्रपति अशरफ गनी सरकार के साथ बिना किसी खून खराबे के हुये संघर्ष के बाद सत्ता पर बलात कब्जा जमाया है। चीन सहित कई देशों ने उसे मान्यता भी दे दी है। परन्तु दरअसल तालिबानों का नाम 1990 के दशक से ही बदनाम है जबकि इसकी लगाम कट्टरपंथी तालिबानी नेता मुल्ला उमर के हाथों में थी। हालांकि पाकिस्तान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात जैसे देशों ने तो 1996 में अफगानिस्तान में मुल्ला उमर की सरकार को भी मान्यता दे दी थी। दरअसल तालिबानी शब्द प्रायः तालिब इल्म के साथ प्रचलित शब्द है। तालिब इल्म का अर्थ विद्यार्थी अर्थात विद्या का चाहने वाला विद्या की तलब रखने वाले इसी तरह इल्म का तलबगार तालिब इल्म कहा जायेगा। परन्तु तालिबान सत्ता से लेकर सत्ता संघर्ष या अमेरिका विरोधी संघर्ष के दौरान धार्मिक मान्यताओं या शरीया कानून के नाम पर



**तनवीर जाफरी**
**पत्रकार**

अपने ही देश के लोगों के साथ बर्बरता से पेश आये। इसी संगठन के लोग सजा के तौर लोगों को सरे आम गोलियों से उड़ा देते थे। लोगों की गर्दनें काट देते। स्कूलों को बमों से उड़ा देते। शिक्षा, खासकर महिला शिक्षा का विरोध करते। अन्य धर्मों व धर्मस्थलों के प्रति असहिष्णुता पूर्ण रवैय्या अपनाते। इसी मानवाधिकार विरोधी क्रूर हरकतों के चलते इन्हें पूरे विश्व में एक कट्टरपंथी जमाअत के रूप में देखा जाने लगा। गोया कट्टरपंथी सोच को ही 'तालिबानी सोच' कहा जाने लगा। कुछ उसी तरह जैसे तानाशाही का पर्यायवाची 'हिटलर शाही ' बन चुका है।

पिछले दिनों राजस्थान के अलवर में एक विधानसभा क्षेत्र की चुनावी सभा में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने स्वभाव के अनुरूप पूरे हिंदुत्ववादी रंग में दिखाई दिये। उन्होंने अयोध्या में राम मंदिर निर्माण से लेकर यूपी में बुलडोजर कार्रवाई का श्रेय लेने तथा उदयपुर में मुस्लिम कट्टरपंथियों द्वारा की गयी कन्हैया लाल की हत्या तक की याद दिलाई। उन्होंने अति उत्साह में यहां तक कहा कि - 'देख रहे हैं न इस समय गाजा में इजरायल, तालिबानी मानसिकता को कैसे कुचलने का काम कर रहा है? उन्होंने अपने भाषण में यह भी कहा कि तालिबानी सोच का इलाज 'बजरंगबली की गदा' ही है। अब सवाल यह है कि योगी आदित्यनाथ की नजरों में 'तालिबानी सोच' के मायने क्या हैं ? धर्म के नाम पर या धर्म का हवाला देकर कट्टरपंथ फैलाना यदि तालिबानी सोच है तो यह तो लगभग सभी धर्मों के किसी न किसी वर्ग में पायी जाती है। क्या सभी तालिबानी सोच रखने वालों का इलाज 'बजरंगबली की गदा' है ? आश्चर्य है कि संत व योगी कहलाने के बावजूद साम्प्रदायिक वैमनस्य व हिंसा का ऐसा चश्मा योगी जी ने अपनी आंखों पर डाल रखा है कि उन्हें गजा में हो रही मासूमों की हत्यायें,अस्पतालों पर हो रही बमबारी,इस्राईल का बलात फिलिस्तीन पर कब्जा,यह सब ह्यबजरंगबली की गदाह्न की कार्रवाई तुल्य प्रतीत हो रही है ?

तालिबानी

यदि बर्बरता पूर्वक लोगों की हत्या करते हैं महिलाओं पर अत्याचार करते हैं शिक्षा के दुश्मन हैं तो निश्चित रूप से वे 'बजरंगबली की गदा' जैसे सख़्त प्रहार के अधिकारी हैं। परन्तु यदि भारत में उसी संकीर्ण धार्मिक मानसिकता के उन्मादी मॉब लिंचिंग करते हैं,मस्जिदों,दरगाहों पर हमले करते हैं, जब स्वयं को साधु संत बताने वाले लोग मुसलमान महिलाओं से बलात्कार करने का आह्वान करते हैं ? जब इसी संकीर्ण व अधर्मी मानसिकता के स्वयंभू संत, धर्म विशेष के लोगों से हथियर रखने की अपील करते हैं,यही नहीं बल्कि चाकू 'तेज' कराकर रखने का आह्वान करते हैं।यह सब तालिबानी सोच नहीं तो और क्या है ? इसी दक्षिणपंथी विचारधारा के एक 'अति उत्साही ' वक्ता ने तो कई वर्ष पूर्व योगी आदित्यनाथ द्वारा गठित संगठन हिन्दू युवावाहिनी की एक सभा में मुसलमान औरतों को कब्र से बाहर निकालकर उनका बलात्कार करने तक का आह्वान किया था। उस समय योगी आदित्य नाथ भी मंच पर मौजूद थे। परन्तु उस वक्ता के इस अति आपत्तिजनक बयान का वहां न किसी ने खण्डन किया न ही उस बयान पर आपत्ति जताई। क्या यह सोच तालिबानी सोच से भी कहीं आगे की खतरनाक सोच नहीं ? क्या इस तरह की अराजकता,आतंकवाद व गुंडागर्दी सभ्य समाज के लिए कलंक नहीं ?

इसी संकीर्ण तालिबानी सोच में परवरिश पाने वाले संदीप दायमा नामक एक वरिष्ठ भाजपा नेता ने राजस्थान में अलवर के तिजारा में एक रैली में कहा कि 'मस्जिद और गुरुद्वारे एक नासूर बन गए हैं और उन्हें उखाड़ दिया जाना चाहिए'। इस रैली में भी उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मौजूद थे। जब उसकी इस टिप्पणी का राष्ट्रीय स्तर पर विरोध हुआ उसके बाद दायमा ने माफी मांगी और माफी में भी यह कहा कि 'उन्होंने मस्जिद और मदरसे के स्थान पर गुरुद्वारे के खिलाफ गलती से कुछ गलत शब्दों का इस्तेमाल किया।' यानी मस्जिद मदरसों के विरुद्ध उनका जहर उगलना उनके अनुसार दुरुस्त था ? उन्होंने वीडीओ में जारी अपने माफीनामे में कहा- कि ह्यमैं हाथ जोड़कर सिख समाज से माफी मांगता हूं। मुझे पता ही नहीं चला ये गलती कैसे हुई। मैं सोच भी नहीं सकता कि मैं उस सिख समुदाय के लिए गलती कर सकता हूं जिसने हमेशा हिंदू और सनातन धर्म की रक्षा की है।' संदीप दायमा को पार्टी से निष्कासित भी कर दिया गया है। क्योंकि पंजाब में भाजपा के वरिष्ठ नेता और पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिन्दर सिंह ने जहां दायमा के खिलाफ सख़्त कार्रवाई की मांग की, वहीं पार्टी की पंजाब इकाई के प्रमुख सुनील जाखड़ ने भी यह कहा था कि इस नेता को उसकी इस टिप्पणी के लिए कभी माफ नहीं किया जा सकता। परन्तु भाजपा ने मस्जिद मदरसों पर की गयी उसकी टिप्पणी के लिये न तो उससे माफी मंगवाई न ही उसने स्वयं इसकी जरुरत महसूस की। जबकि शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने जरूर दायमा के माफीनामे का वीडियो शेयर करते हुये यह जरूर कहा कि -'माफी मांगने पर भाजपा नेता को भी शर्म आनी चाहिए क्योंकि मुसलमानों के धार्मिक स्थलों के खिलाफ बोलना भी गुरुद्वारे जितना ही निंदनीय है।'

अतः मैं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की इस बात से पूर्णतः सहमत हूँ कि 'तालिबानी सोच का इलाज ह्यबजरंगबली की गदाह्न ही है' परन्तु जब उन्हीं के मंच से गुरद्वारे मस्जिद मदरसों को नासूर बताया जाये,मुस्लिम महिलाओं का कब्र से निकालकर बलात्कार करने जैसे अकल्पनीय जहरीले विचार व्यक्त किये जायें तो इसे 'सोच ' को आखिर किस श्रेणी में डालेंगे ? वह बुध की मूर्तियां खंडित करें तो तालिबानी और यह गरुद्वारे मस्जिद मदरसे उखाड़ फेंकने को कहें तो 'राष्ट्रवादी '? जिंदा -मुर्दा मुस्लिम औरतों से बलात्कार की बातें करने वाले 'मानवतावादी '? अतः 'बजरंगबली की गदा' उठाने से पहले 'तालिबानी सोच' का परिभाषित होना भी जरूरी है।

# सत्संग का प्रभाव

प्रेरक-प्रसंग

चित्रांगद, जो मगध के राजा थे। वे अपने प्रजा का विशेष ख्याल रखते थे। उन्होंने अपने राज्य में अनेक चिकित्सालय, विद्यालय, और अनाथालयों का निर्माण करवाया ताकि कोई भी व्यक्ति शिक्षा, चिकित्सा और आश्रय से वंचित ना रहे। एक दिन अपनी प्रजा के सुख-दु:ख का पता लगाने के लिए वे अपने मंत्री के साथ दौरे पर निकले, उन्होंने गाव, शहर और खेतों का भ्रमण करके विभिन्न प्रकार की समस्याओं को जाना, राजा ने सभी को आश्वासन दिलाया की उनकी चिंताओं और समस्याओं का जल्द से जल्द निदान किया जायेगा।

एक दिन राजा किसी जंगल से गुजर रहे थे। तब उनको एक तेजस्वी संत से मिलने का मौका मिला। संत एक छोटी सी कुटिया



में रहते थे और क्षात्रों को पढ़ाते हुए सादगी पूर्ण जीवन व्यतीत करते थे।

राजा ने संत को सोने की मोहरें भेट करनी चाही, संत ने राजा से कहा राजन,,, हम इसका क्या करेंगें? इसे आप गरीबों में बाट दीजिये, राजा ने जानना चाहा कि आश्रम में धन की आपूर्ति कैसे होती है।

संत बोले हम स्वर्ण रसायन से ताम्बें की वस्तुओं को सोना बना देते हैं। राजा आश्चर्य में पड़ गया। उसने कहा अगर आप वह दिव्य रसायन मुझे उपलब्ध करा दें तो मै राज्य को वैभवशाली बना सकता हूँ।

संत ने कहा इसके लिए आपको एक माह तक हमारे साथ सत्संग करना होगा, तभी स्वर्ण रसायन बनाने का तरीका आपको बताया जायेगा।

राजन लगातार सत्संग पर आते रहे। जब एक माह बीत गया तब एक दिन संत ने कहा राजन अब आप स्वर्ण रसायन बनाने का तरीका जान लीजिये।

राजा बोले गुरुदेव, अब मुझे स्वर्ण रसायन की आवश्यकता नहीं है, आपने मेरे हृदय को ही अमृत रसायन बना डाला है।

**सीख** : सत्संग से हमेसा ज्ञान के नए-नए दरवाजे खुलते हैं।

नज़रिया

# कागजी ही रहा एससी का पटाखों पर रोक का आदेश

सर्वोच्च न्यायालय का दीपावली पर आतिबाजी की रोक का आदेश कागजी ही रह गया। दीपावली पूर्व सर्वोच्च न्यायालय ने राजधानी दिल्ली एनसीआर में पूरी तरह आतिशबाजी पर प्रतिबंध लगाया था । सुप्रीम कोर्ट ने सात नवंबर को यह भी कहा था कि बेरियम युक्त पटाखों पर प्रतिबंध लगाने का आदेश हर राज्य पर लागू होता है। आदेश हुआ। आदेश सरकारों को भी गया। आदेश को लागू करने वाली नियामक एसेंसियों को भी गया। किंतु इसका असर कहीं दिखाई नही दिया। दीपावली पर आतिशबाजी के प्रतिबंध के बावजूद राजधानी दिल्ली और एनसीआर में जमकर पटाखे फोड़े गए। अन्य प्रदेशों में तो लगा ही नही कि कहीं कोई आदेश भी है। दिल्ली एनसीआर की रिपोर्ट के अनुसार रविवार (12 नवंबर) को दीपावली के दिन सुबह से ही



**अशोक मधुप**
**वरिष्ठ पत्रकार**

**राजधानी के कमोबेश हरेक इलाके समेत एनसीआर में हर तरफ रात करीब 10 बजे तक चंद सेकेंड के अंतराल पर 90 डेसीबल की आवाज की सीमा को पार कर पटाखों का शोर सुना जाता रहा है।**

कई इलाकों में आतिशबाजी शुरू हो गई थी जो शाम होते ही बड़े पैमाने पर बढ़ती चली गई। राजधानी के कमोबेश हरेक इलाके समेत एनसीआर में हर तरफ रात करीब 10 बजे तक चंद सेकेंड के अंतराल पर 90 डेसीबल की आवाज की सीमा को पार कर पटाखों का शोर सुना जाता रहा है। दस बजे के बाद भी कई जगह से पटाखों के छूटने की आवाज आती रही।इस भारी आतिशबाजी के कारण और इसकी वजह से दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण भी सामान्य से कई गुना बढ़ गया है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी ) के आंकड़े के अनुसार दिल्ली में सोमवार (13 नवंबर) की सुबह ही एयर क्वालिटी इंडेक्स (आईक्यूआई) 296 रहा जो सामान्य से करीब छह गुना अधिक है। सीपीसीबी के मुताबिक झतड़के 2.5 पर और छह बजे लोनी गाजियाबाद में एक्यूआई- 414 था जबकि नोएडा सेक्टर 62 में - 488 , पंजाबी बाग - 500 और रोहिणी में एक्यूआई 456 रहा है। आईक्यूआई के डाटा के मुताबिक सोमवार को दिल्ली दुनिया की सबसे प्रदूषित शहर है. यहां सुबह पांच बजे दिल्ली में वायु गुणवत्ता का स्तर 514 पर है जो खतरनाक रूप में चिन्हित है। मौसम एजेंसी एक्यूआईसीएन.ओआरजी के अनुसार दिल्ली के आनंद विहार क्षेत्र में वायु प्रदूषण सबसे खराब दर्ज किया गया है। यहां सुबह पांच बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक खतरनाक स्तर पर 969 था ।यह सामान्य से 20 गुना अधिक है। हालाकि दीपावली के दिन रविवार को राजधानी दिल्ली में इस साल साफ हवा रही। उसने ने पिछले इठ साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, राजधानी में रविवार सुबह साफ आसमान और खिली धूप के साथ हुई और शहर के वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 218 रहा, जो पिछले आठ साल में दीपावली के दिन सबसे कम था। रिपोर्ट के मुताबिक दिल्ली में पिछले साल दिवाली पर एक्यूआई 2022 में 312, 2021 में 382, 2020 में 414, 2019 में 337, 2018 में 281, 2017 में 319 और 2016 में 431 दर्ज किया गया था। अपने आदेश में वायु प्रदूषण से जूझ रहे दिल्ली एनसीआर के लिए भी सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट कर लिया था की राजधानी में आतिशबाजी नहीं होनी चाहिए। दिल्ली में तो आतिशबाजी रूकी ही नही। पूरे देश में भी ये ही साल रहा। जमकर बेरियम युक्त पटाखे फोड़े गए। देश के अन्य प्रदेशों में तो लगाही नही कि बेरियम से बने पटाखों पर रोक है। वहां तो हर साल जैसा ही माहौल रहा। आतिशबाजी का जमकर प्रयोग हुआ। रात एक बजे तक जमकर आतिशबाजी हुई।

जानकारी

# मनाली लेह यात्रा



सभी एएमएस निवारक दवाएं और वे दवाएं भी अपने पास रखें जो इस यात्रा पर जाते समय आपके काम आ सकती हैं। यदि संभव हो तो बैकपैक में कोई भी दवा रखने से पहले अपने डॉक्टर से सलाह लें। यह सबसे अच्छा तरीका है.

सभी महत्वपूर्ण दस्तावेजों को बैकपैक में रखें और उनकी कई प्रतियां भी प्राप्त करें। यदि आप रोहतांग दर्रे की यात्रा करना चाहते हैं, तो मनाली डीसी कार्यालय से परमिट लेना सुनिश्चित करें।

इस हाईवे पर सवारी को आसान काम न समझें। सतर्क और एकाग्र रहने की जरूरत है. इसलिए अपना पेट भरा रखें. एक और बहुत महत्वपूर्ण बात है अपने शरीर को हाइड्रेटेड रखना। इतनी ऊंचाई और ठंडे तापमान पर लोग आमतौर पर ज्यादा पानी पीना पसंद नहीं करते क्योंकि उन्हें प्यास ही नहीं लगती। ऐसा मत करो. खुद को हाइड्रेटेड रखने के लिए थोड़ा-थोड़ा पानी घूंट-घूंट करके पीते रहें। लेह-मनाली राजमार्ग पर सबसे बड़ी समस्याओं में से एक है पेट्रोल पंप ढूंढना। यह सलाह दी जाती है कि अपने बैग में जेरी कैन (भर कर) रखें ताकि आपको पेट्रोल के बारे में चिंता न करनी पड़े। मनाली के अलावा, आपको केलोंग और फिर सीधे लेह में एटीएम मिलेंगे। पूरे रास्ते में इनके अलावा कोई मशीन नहीं है. इसलिए बेहतर है कि आप जहां भी रुकें, भोजन पर खर्च करने के लिए नकदी अपने पास रखें।

# 20 हजार तक मिलने वाले बेस्ट कैमरा फोन, Samsung से लेकर iQOO तक




सीमित बजट में टॉप-कैमरा स्मार्टफोन ढूंढना आसान नहीं है। आजकल प्रीमियम स्मार्टफोन में बेहतरीन कैमरा फीचर्स तो मिलते हैं, लेकिन इनकी कीमतें काफी ज्यादा होती हैं। कुछ ब्रांड अपने प्रीमियम फीचर को बजट स्मार्टफोन में लाने का भी प्रयास करते हैं ताकि सभी प्रकार के यूजर्स को फोटोग्राफी करना आसान हो सकें। अगर आप ऐसे स्मार्टफोन की तलाश में हैं, तो 20 हजार से कम कीमत वाले कुछ बेहतरीन कैमरा फोन की लिस्ट यहा दी गई है। तो चलिए जानते हैं। Samsung Galaxy A23: स्मार्टफोन में 120Hz रिफ्रेश रेट के साथ 6.6-इंच FHD+ LCD डिस्प्ले है। फोटोग्राफी के लिए, इसमें 10x तक के डिजिटल जूम के साथ 50 MP OIS क्वाड कैमरा है। इसमें क्वालकॉम स्नैपड्रैगन 695 ऑक्टा-कोर प्रोसेसर के साथ 6GB रैम और 128GB इंटरनल मेमोरी है। इसमें 5000 mAh की बैटरी और 25W फास्ट चार्जिंग सपोर्ट है। Honor Magic 6 के फीचर्स लीक, सैटेलाइट कॉम्युनिकेशन और AI चैटबॉक्स से होगा लैस, Lava Agni 2 : इसमें 120Hz रिफ्रेश रेट के साथ 6.78-इंच FHD+ कर्व्ड एमोलेड डिस्प्ले है। लावा अग्नि 2 में 50MP क्वाड कैमरा, 8MP अल्ट्रावाइड, 2MP मैक्रो और 2MP डेप्थ कैमरा के साथ 16MP सेल्फी कैमरा है। यह मीडियाटेक डाइमेंशन 7050 6ल्ले प्रोसेसर के साथ आता है जो 8GB रैम और 256GB इंटरनल स्टोरेज के साथ है। इसमें 4700mAh बैटरी और सुपरफास्ट 66W चार्ज है। iQOO 12 Leaked! ?? #iqoo12 #powertowin iQOO Z7s: स्मार्टफोन में 6.38-इंच FHD+ AMOLED डिस्प्ले है जिसमें 1300 निट्स पीक लोकल ब्राइटनेस और 90Hz रिफ्रेश रेट है। स्मार्टफोन में 64MP OIS अल्ट्रा स्टेबल कैमरा, 2MP बोकेह कैमरा और 16MP का फ्रंट कैमरा है। इसके कैमरा फीचर्स में अल्ट्रा स्टेबिलाइजेशन वीडियो रिकॉर्डिंग, माइक्रो मूवी मोड, डुअल व्यू वीडियो, नाइट मोड, पोर्ट्रेट मोड, डबल एक्सपोजर और बहुत कुछ शामिल हैं।

## टॉप ट्वीट



अविश्वास पत्र को एक्स पर शेयर करते हुए लिखा है- अब बहुत हो गया... ऋषि सुनक के जाने का समय आ गया है...

एंड्रिया जेन्किंस
**कंजरवेटिव पार्टी की सांसद**



राज्य में बालू तस्करों का तांडव सिर चढ़ कर बोल रहा है।ऐसे में सवाल आपके नेतृत्व पर भी उठते हैं की क्या ये सब आपके संरक्षण में हो रहा है?

**जमुई सांसद**
**चिराग पासवान**

## संपादक के नाम पत्र

### दीपावली मनाने मोदी लेप्चा पहुंचे

2014 में नरेंद्र मोदी प्रधनमंत्री बने उसी साल सैनिको के साथ दीपावली मनाई ।हर साल दीपावली के दिन मोदी भारतीय फौज के साथ दीपावली मना रहे है ।सैनिको के साथ हमदर्दी और अपनत्व बरकरार रखने के लिए मोदी सैनिको के साथ दीपावली मनाना नही भूले है ।भारतीय सेना का स्थान की उपमा मन्दिर से की गई ।मोदी के मिले इस संस्कार के कारण ही आज दुनिया उनको पसंद करती है दुनिया उनकी नम्रता और त्याग के समक्ष नतमस्तक है ।दुनिया मे भारत की ताकत का पर्चा बताते के लिए पिछले दस साल से मेहनत कर रहे है ।सैनिको के साथ अपने परिवार जैसा व्यवहार कर उनके प्रति स्नेह और अपनत्व के कारण मोदी विरले प्रतीत हो रहे है ।दस सालों से सैनिक छावनी को अपने घर जैसा महत्व देकर फौजियों के दिलो में अपनापन को बढ़ावा दिया है ।मोदी की इस अदा की दुनिया कायल है ।लेपचा चीनी सरहद दो किमी दूर है ।भारतीय फौज को मिठाई खिलाकर मोदी ने दीपावली मनाई। सैनिको को पहले गोली चलाने की इजाजत नही होती थी। आज केंद्र सरकार ने फौजियों को आधुनिक बनाकर दुश्मनों को धूल चटाने के लिए तैयार किए है ।आधुनिक हथियारों से लैस भारतीय फौज के पास अत्याधुनिक हथियार उपलब्ध है ।सैनिको के पास हर तरह की सुविधा और उपकरणों का भंडार है जिसका श्रेय मोदी की केंद्र सरकार को जाता है ।सैनिक सेल्यूट करके मोदी का आभार व्यक्त करते नजर आए है ।मोदी ने कहा कि मेरी अयोध्या वो है जहा भारतीय सेना के जवान है।

**कांतिलाल मांडोत**

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

## शहर >> अपडेट

### तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन

**बरही**: बरही बाल दिवस के अवसर पर बरही के पंचमाधाव में स्थित आईलेक्स पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय खेल- कूद शिविर की शुरूवात की गई। उससे पहले बच्चों के बीच केक काटा गया और सभी शिक्षक ने बच्चों को गिफ्ट देकर एक दूसरे को बाल दिवस की बधाई दी। प्रतियोगिता में प्रथम दिन क्लास और बच्चों की उम्र के अनुसार ग्रुप में बांटा गया।

## सिटी अपडेट्स >>

### पूर्व विधायक ने जागरण कार्यक्रम का किया उद्घाटन

**बरही** :बरही प्रखंड क्षेत्र के मलकोको पंचायत के कोनिया गांव में काली पूजा के अवसर पर एक दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम सह जागरण का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन पुर्व विधायक सह भाजपा नेता मनोज कुमार यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, विहीप जिला सहमंत्री गुरुदेव गुप्ता, मुखिया संघ के अध्यक्ष सह स्थानीय मुखिया विजय यादव सहित कई जनप्रतिनिधियों ने सामूहिक रूप से फीता काटकर किया। इस मौके पर पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने क्षेत्र के लोगों की सुख, शांति, समृद्धि एवं अमन चैन हेतु माता से प्रार्थना किया। वहीं उन्होंने कहा कि काली माता की पूजा सामाजिक समरसता, भाईचारे और एकता के वातावरण को मजबूत करने का अवसर है। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर ,बरही मुखिया संघ अध्यक्ष विजय यादव, विहिप जिला मंत्री गुरुदेव गुप्ता,फंस सहदेव प्रसाद ,पूजा समिति अध्यक्ष शंकर राणा, सचिव हिरालाल ठाकुर, कोषाध्यक्ष विजय राणा, उपाध्यक्ष रंजीत यादव, उपसचिव वीरेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष तुकलाल राणा, मीडिया प्रभारी केदार राणा, दिनेश राणा, गुलाब दास, शंकर दास, दिनेश यादव, सूरज दास, जाहूर अंसार सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे ।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### बाल दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम

**इचाक**: इचाक मानव विकास द्वारा संचालित विद्यालय कैंपियन बेसिक एकेडमी में बाल दिवस के अवसर पर कई तरह के रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन का किया गया। सर्वप्रथम विद्यालय सचिव बीरबल प्रसाद ,प्रबंधक गणेश शंकर मदन और प्रचार्या सुरभि वर्मा द्वारा संयुक्त रुप से पंडित नेहरु के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हे श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। तत्पश्चात विद्यालय के सभी शिक्षकों के द्वारा पुष्प अर्पित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में कई तरह के सांकृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत बच्चों के द्वारा वाद विवाद, भाषण , नृत्य , खेल-कूद, आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी शिक्षकों का सराहनीय योगदान रहा ।

### लोक सभा चुनाव को लेकर बैठक

**हजारीबाग** :हजारीबाग समाहरणालय सभागार बैठक में उपायुक्त ने कहा की लोकसभा चुनाव की तैयारी के क्रम में सुरक्षित एवं गंभीर बूथों की मैपिंग थाना प्रभारी प्रखंड एवं अंचल अधिकारियों संयुक्त प्रतिवेदन 29 नवंबर तक अनिवार्य रूप से भेज दें। प्रतिवेदन तैयार करने में मतदान केंद्रों एवं संबंधित क्षेत्र में पूर्व की घटनाओं एवं किसी भी अनुचित तरीके से मतदान को प्रभावित करने की संभावना के मद्देनजर तार्किक विश्लेषण के आधार पर आयोग के द्वारा निर्धारित बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए प्रतिवेदन तैयार करें। इसके अलावे संक्षिप्त मतदाता पुर्ननिरीक्षण अभियान 2024 एवं संपन्न, घर-घर मतदाता सर्वेक्षण अभियान के आवेदनों को डिजिटलाइट करने का निर्देश दिया। समीक्षा के क्रम में प्रपत्रों के निष्पादन की गति पर असंतोष जाहिर करते हुए सभी को निर्देशित किया।

**आजादी** अघोर निराशा के आकंड में डूबे झारखंडियों की नजरें अब केंद्र सरकार पर हैं टिकी,

# झारखंड को मिले विशेष राज्य का दर्जा

- पीएम मोदी जी, इधर भी नजरें इनायत करें
- और दलालों, माफियाओं,के एकाधिकार से झारखंड को मुक्ति दिलाएं

राष्ट्रीय खबर



**हजरीबाग** : हजारीबाग 15 नवंबर 2000 को बिहार राज्य से अलग होकर झारखंड देश का 28 वां राज्य बना। तब बिहार में एक गीत बेहद फेमस हुआ अलग भईल झारखंड अब खईह शकरकंद.। बिहारियों के लिए यह दिन भले ही कष्टकारी रहा लेकिन झारखंडवासियों के लिए यह दिन आजादी मिलने से कम नहीं था। आम झारखंडी जो सदियों से अपने आप को शोषित वंचित एवं ठगा महसूस कर रहे थे। उनके लिए यह दिन एक नए सूर्योदय का था। एक नई उम्मीद के साथ आशा की नूतन सबेरा का था। झारखंड के आदिवासी हो या गैर आदिवासी सबके जुबान पर एक ही बात थी कि अब हमारा दिन सुधारने वाला है। गरीबी अशिक्षा शोषण से मुक्ति पाकर अब हम विकास की एक नई गाथा लिखने वाले हैं। झारखंड की भाषा संस्कृति, सभ्यता, यहां के खूबसूरत और रमणीय पर्यटन स्थलों का दिन फिरने वाला है। झारखंड अपने नाम के अनुरूप जंगल और भूभाग से अच्छादित एक बेहद खूबसूरत प्रदेश हैं। और यहां के निवासी की इंसानियत और भोलापन एवं सिधापन का कोई जवाब नहीं है। वनों से परिपूर्ण इस प्रदेश को अगर ईश्वर ने खनिज संपदा से भरपूर बनाया है। तो इसे एक समृद्ध संस्कृति से भी सुसज्जित किया है।

प्रकृति पूजक यहां के वासियों ने हर उस आक्रमण का मुंहतोड़ जवाब दिया है जिसने झारखंड की अस्मिता पर हाथ डालने की कोशिश किया। इतिहास इसका गवाह है कि जब रोहतासगढ़ पर मुगलों ने आक्रमण किया उस समय मुगलों की भारी फौज के सामने आदिवासी संख्या बल में काफी कम थी फिर भी मुगल इनके तीर-धनुष के सामने पानी मांगते नजर आए। मुगल काल के बाद जब अंग्रेजी हुकूमत भारत में आई तब तरह-तरह का कठोर कानून बनाकर पूरे प्रदेश वासियों का शोषण शुरू किया गया। उस वक्त भी पहाड़िया विद्रोह, चेरो विद्रोह, अमर शहीद तिलक मांझी के कुशल नेतृत्व में आदिवासियों ने अंग्रेजों के छक्के छुड़ा दिए। इसके आगे तमाम आंदोलन मुंडा विद्रोह, भूमिज विद्रोह, कोल विद्रोह, खरवार विद्रोह, सिद्धू कानू के नेतृत्व में आदिवासियों का उग्र आंदोलन, लाल विश्वनाथ शाहदेव, शेख भिखारी, गणपत राय, वीर बुधु के नेतृत्व में अंग्रेजों के खिलाफ युद्ध, अबुआ दिशोम राज का सपना लेकर भगवान बिरसा मुंडा के नेतृत्व में की गई लड़ाई, नीलांबर- पीतांबर के नेतृत्व में युद्ध जैसे कई छोटे- बड़े आंदोलन से हमारा इतिहास भरा पड़ा है। अपनी अस्मिता की लड़ाई में हमारे पूर्वजों ने शहादत देने में भी कमी नहीं की। आजादी की लड़ाई से लेकर झारखंड आंदोलन के लिए शहादत देने वालों के परिवार जनों और प्रयासरात करने वालों से लेकर आम झारखंडियों को यह लगा कि हमारा बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा और हमारे सपनों का झारखंड हमें मिलेगा। लेकिन झारखंड की राजनीतिक स्थिरता के भयानक दौर में हरेक झारखंडी का मधुर सपना चकनाचूर हो गया।

झारखंड के साथ ही अलग हुए छत्तीसगढ़ और उत्तराखंड दिन दो गुना- रात चौगुन तरक्की करते रहा और हमारा झारखंड अपनी अस्मिता को बचाने के लिए मशक्कत करता रहा। एक आम झारखंडी की मन की चाहत न सिर्फ झारखंड के हुक्मरानों ने स्वहित के चलते बल्कि झारखंड बनने के बाद यहां आने वाले बाहरी ताकतों ने भी दफन कर दिया। झारखंड प्रदेश को ईश्वर ने वह सब कुछ दिया जिससे यह प्रदेश देश के अग्रणी राज्यों के श्रेणी में आ जाए परंतु प्राकृतिक संसाधन से परिपूर्ण झारखंड में झारखंडी महाकंगाल होते गए और बाहरी महारत्न कंपनियां और बड़े व्यवसाई मालामाल होते गए।

## न्यूज फटाफट

### बुद्ध शिक्षण प्रशिक्षण में याद किए गए चाचा नेहरू



**हजारीबाग**: गौतम बुद्ध शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय मुकुंदगंज, हजारीबाग में मंगलवार को बाल दिवस पर चाचा नेहरू याद किए गए। इस मौके पर सहायक प्राध्यापकों और प्रशिक्षुओं ने देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की तस्वीर पर माल्यार्पण किया और उनकी 134 वीं जयंती मनाई। इस अवसर पर बीएड सेमेस्टर-वन और टू के प्रशिक्षुओं के बीच वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। दोनों टीमों के बीच मैच ड्रॉ रहा। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि विनोबाभावे विश्वविद्यालय अंग्रेजी विभाग के सेवानिवृत्त प्रोफेसर प्रो बीके झा ने कहा कि नेहरू जी भारत के प्रथम प्रधानमंत्री और स्वतंत्रता के पूर्व व पश्चात की भारतीय राजनीति में केन्द्रीय व्यक्तित्व थे। महात्मा गांधी के संरक्षण में, वे भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के सर्वोच्च नेता के रूप में उभरे और उन्होंने 1947 में भारत के एक स्वंत्रत राष्ट्र के रूप में स्थापना से लेकर 1964 अपने निधन तक भारत के प्रधानमंत्री रहे। वे आधुनिक भारतीय राष्ट्र-राज्य एक सम्प्रभु, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष, और लोकतांत्रिक गणतंत्र के वास्तुकार माने जाते हैं। कश्मीरी पंडित समुदाय के साथ उनके मूल की वजह से वे पंडित नेहरू भी बुलाए जाते थे। जबकि बच्चे उन्हें चाचा नेहरू के रूप में जानते हैं। मौके पर आईक्यूएसी की समन्वयक डॉ बसुंधरा कुमारी, सहायक प्राध्यापिका डॉ पुष्पा कुमारी, अंजलि कुमारी, पुष्पा कुमारी, दीपमाला, रचना कुमारी, सहायक प्राध्यापक महेश प्रसाद, एसएस माइटी, गुलशन कुमार, संदीप खलखो, अनिल कुमार, कुणाल कश्यप, दशरथ कुमार, संदीप कुमार सिन्हा आदि मौजूद थे।

### जी.एम. महाविद्यालय इचाक में बाल दिवस मनाया गया

**इचाक** : इचाक भारत में हर साल देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिन 14 नवंबर को बाल दिवस के तौर पर मनाया जाता है। पंडित नेहरू को बच्चों के प्रति बेहद प्रेम और स्नेह था। बच्चे भी उन्हें प्यार से चाचा नेहरू कह कर पुकारते थे। इसलिए उनके जन्मदिन 14 नवंबर को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। बचपन एक बेहद अनमोल खजाना है। इस मौके पर अपने बचपन की यादों को भी ताजा कर सकते हैं। महाविद्यालय प्रभारी पंकज कुमार ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी और उनके उज्जवल भविष्य के लिए कामना करते हुए कहा कि विफलता तभी होती जब हम अपनी आदर्शों और सिद्धांतों को भूल जाते हैं। बाल दिवस बच्चों को समर्पित भारत का एक राष्ट्रीय त्योहार है। बच्चों को संबोधित करते हुए पूर्व संगीत शिक्षक सुबोध कुमार दास गीत सुनाते हुए कहा कि चली जा रही है उम्र धीरे धीरे बचपन भी जाए जवानी भी जाए बुढ़ापे का होगा भैया असर धीरे धीरे आज के बच्चे कल का भारत बनाएगें देश के भविष्य को निर्माण करेंगे। मौके पर महाविद्यालय में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया बच्चों को अपने मंजिल की लगातार बढ़ते रहने की शुभकामनाएं दी गई। बच्चों को मिठाई खिलाकर तथा उन्हें गिफ्ट देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए सभी शिक्षकों ने बाल दिवस की शुभकामनाएं दी। चाचा नेहरू के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों और लोकतांत्रिक देश के लिए उनकी भूमिका को याद किया गया। मंच संचालन अनुबाला ने किया। इस कार्यक्रम में रत्नेश कुमार राणा, दीपक प्रसाद, अजीत हंसदा, रियाज अहमद, आशीष कुमार पांडे, संगम कुमारी, संजीत कुमार यादव, प्रणत कुमार दास, राजकुमार दास, ने बारी बारी से बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दिये। कार्यक्रम को सफल बनाने में बिनोद कुमार मेहता, कृष्ण कुमार मेहता, राजकुमार, प्रिया कुमारी, संजय प्रजापति, सुनीता टोप्पो, सपना देवी का सराहनीय योगदान रहा।

## कांग्रेस कार्यालय में मनाई गई नेहरू जी की जयंती

राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग** : हजारीबाग जवाहरलाल नेहरू के जन्म दिवस के अवसर पर हजारीबाग जिला कांग्रेस के अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार यादव के अध्यक्षता में कृष्ण बल्लभ आश्रम कांग्रेस कार्यलय में कांग्रेसजन के उपस्थित में श्रद्धा सुमन, श्रद्धा फूल माला चढ़ाया गया और गगनभेदी नारों से वातावरण गूंज उठा और इस अवसर पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष श्री शैलेंद्र कुमार यादव ने कहा कि जवाहरलाल नेहरू एक अद्भुत राजनेता, प्रखर वक्ता और राष्ट्रवादी थे। उनका जन्म 14 नवंबर, 1889 को हुआ था। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण योगदान दिया और भारत को 1947 में आजादी दिलाई। वे एक दृढ़ नेता थे जो समाजवादी और गांधीवादी विचारधारा पर अडिग थे। 4-अगस्त1916 में वे महात्मा गांधी से पहली बार मिले जिनसे वे काफी प्रेरित हुए। उन्होंने 1920 में उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में पहले किसान मार्च का आयोजन किया। 1920-22 के असहयोग आंदोलन के सिलसिले में उन्हें दो बार जेल भी जाना पड़ा। पंडित नेहरू सितंबर 1923 में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव बने। जवाहर लाल नेहरू एक भारतीय स्वतंत्रता सेनानी और भारत के पहले प्रधान मंत्री थे।

## समाहणालय भवन में स्तनपान कक्ष का उद्घाटन



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबागः** हजारीबाग 14 नवम्बर, 2023 बाल दिवस के अवसर पर उपायुक्त हजारीबाग नैन्सी सहाय द्वारा समाहरणालय भवन में नवनिर्मित स्तनपान कक्ष का उद्घाटन किया गया। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि स्तनपान कक्ष बनाने का उद्देश्य समाहरणालय भवन में कार्यरत महिला पदाधिकारी/कर्मचारीगण तथा जनता-दरबार एवं अन्य सरकारी कार्यों हेतु जिलान्तर्गत विभिन्न क्षेत्रों से आने वाली महिलाओं के लिए अपने शिशू को स्तनपान कराने हेतु एक सुरक्षित एवं बेहत्तर परिवेश मुहैया कराया जाना है। ताकि वे कार्य के दौरान भी अपने शिशु को नियमित रूप से स्तनपान करा सकें। मौके पर उपस्थित इन्दु प्रभा खलखो, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, हजारीबाग द्वारा जानकारी दी गई कि माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा पारित न्यायादेश के आलोक में विभागीय स्तर से सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं के लिए फीडिंग रूम स्थापित किये जाने का निदेश दिया गया है। उक्त के आलोक में उपायुक्त महोदया के निदेर्शानुसार समाहरणालय भवन में भू-तल एवं प्रथम तल में स्तनपान कक्ष का निर्माण कराया गया है।

## विधायक ने किया क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारम्भ



राष्ट्रीय खबर

**चौपारणः**चौपारण गोविंदपुर पंचायत के लराही में आयोजित रात्रि सर्किल क्रिकेट प्रतियोगिता का पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने शुभारम्भ किया। दुधिया रौशनी से जगमग लराही में आतिशबाजी के बीच पूर्व विधायक ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका मनोबल बढ़ाया। खिलाड़ियो को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि खेल के मैदान में ना कोई दोस्त होता है। ना कोई दुश्मन आपकी प्रदर्शन क्षमता ही आपकी पहचान बनती है। कहा जब खेल कठिन हो जाता है। तब हुनर उजाले की तरह चमकता है। ग्रामीण क्षेत्र में इस प्रकार के आयोजन से खेल व खिलाड़ियो के लिए अवसर प्रदान करता है। स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि दसरथ गोप ने भव्य आयोजन के लिए आयोजको को बधाई दिया। उदघाटन मुकाबला जगदीशपुर बनाम नावागढ़ के बीच खेला गया जिसमे नावागढ़ की टीम विजय रही। वही पेटुला, गोरखवा व टोईया की अपना पहला मुकाबला जीत कर अगले दौर में प्रवेश किया। आयोजक अजय यादव, सुनील यादव, सिंटू यादव, कुलदीप यादव, विकास व दीपक यादव ने बताया कि प्रतियोगिता में कुल 16 टीमो का पंजीयन किया गया है। प्रत्येक मैच का लाइव स्कोरिंग किया जाता है।

## कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज में मनाया गया बाल दिवस



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग** :हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड हॉस्पिटल के बाल चिकित्सा और निवारक दंत चिकित्सा विभाग में दिन मंगलवार को सफलतापूर्वक बाल दिवस और राष्ट्रीय पेडोडॉन्टिस्ट दिवस मनाया गया। इस दौरान बच्चों का डेंटल क्विज प्रतियोगिता हुई। इसमें विभिन्न आयु वर्ग के कई प्रतिभागियों ने भाग लिया। डॉक्टर्स द्वारा बच्चों को ब्रश करने की आदतों और निवारक उपायों के बारे में प्रोत्साहित कर जागरूक किया गया और इसके बाद निःशुल्क दंत जांच भी की गई। बच्चों के साथ-साथ उनके अभिभावकों को ब्रशिंग तकनीक का प्रदर्शन किया गया। मौके पर सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने बच्चों को पुरस्कृत कर उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि बच्चे जवाहर लाल नेहरू को प्यार से चाचा नेहरू कह कर बुलाते थे। और नेहरू भी उनसे बहुत प्यार करते थे। नेहरू जी एक महान व्यक्ति और नेता होने के बाद भी बच्चों से मिलते थे। इस कारण से उनका जन्मदिन बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि बाल दिवस एवं राष्ट्रीय बाल रोग विशेषज्ञ दिवस पर बच्चों के लिए डेंटल क्विज प्रतियोगिता एवं दंत जांच का आयोजन किया गया है। ताकि क्विज के माध्यम से स्वास्थ्य संबंधित बिमारियों के प्रति बच्चे एवं उनके अभिभावक जागरूक होगें। उन्होंने कहा कि समय-समय पर बच्चों को स्वास्थ्य संबंधित देखभाल करना अवश्य जरूरी है। इससे हमारे बच्चे सुरक्षित रहेंगे एवं गंभीर बिमारियों से बचेंगे। कार्यक्रम की रूप रेखा प्राचार्य सह ओरल मेडिसिन और रेडियोलॉजी विभाग के एच.ओ.डी डॉ. के. श्रीकृष्णा, उप प्राचार्य सह ओरल पैथोलॉजी विभाग के एच.ओ.डी डॉ. अंकुर भार्गव एवं एच.ओ.डी.डॉ रचना बहुगुणा की देख रेख में बनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन और समन्वय बाल चिकित्सा और निवारक दंत चिकित्सा विभाग व्यख्याता डॉ. स्वाति सिंह द्वारा किया गया।

**जतरा मेला** सरना समिति आदिवासी कुटुंब जतरा मेला का हुआ आयोजन

## हम सब को अपनी सभ्यता संस्कृति को बचा कर रखना चाहिए :हर्ष अजमेरा

- हम सब आपस में बिना भेदभाव के उल्लासपूर्ण त्योहार मानना चाहिए

राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग** : हजारीबाग कटकमसांडी प्रखंड के डिबल बांध शाहपुर में आज कुटुम्ब जतरा मेले का भव्य आयोजन किया गया. जिसमें बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग समाज सेवी हर्ष अजमेरा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए. हर्ष अजमेरा तथा सभी अतिथियों का आयोजन कर्ता टीम ने बुके देकर सम्मानित किया । उसके बाद हर्ष अजमेरा ने फीता काट कर मेले का उद्घाटन किया, सांस्कृतिक गीतों पर किया नृत्य।इस मौके हर्ष अजमेरा ने लोगों के साथ मांदर बजाया तथा आदिवासी रीति रिवाज से पूजा अर्चना की एवं सांस्कृतिक गीतों पे नृत्य भी किया।

जतरा मेले में लोगों का उत्साह भी देखते बन रहा था तथा लोगों ने भी इस मेले का खूब लुफ्त उठाया तथा मेले में झारखंड की संस्कृति तथा झारखंड की बयांजनों का लुफ्त उठाया.आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हम सब को अपनी सभ्यता संस्कृति को बचा कर रखना चाहिए। आदिवासी समाज प्रकृति पूजक समाज है। हम सब को मिलजुल कर आपस में बिना भेदभाव के उल्लासपूर्ण त्योहार मानना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान हजारीबाग के यूथ आईकोन जानेमाने समाजसेवी हर्ज अजमेरा स्थानीय मुखिया शम्भू यादव, पूर्व जीप सदस्य विजय सिंह भोक्ता, अध्यक्ष किशुन कुजुर, सचिव राजकुमार उरांव, कोषाध्यक्ष चेतन उरांव,कटकमसांडी युवा समाज सेवी पप्पू यादव ,राजद जिलाध्यक्ष चरका यादव, संजय पंडित, सरयू यादव, रंजीत यादव, नर्सिंग प्रजापति, पुनम यादव,कोमल कुमारी,समेत हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।



### महिला ने पुलिस जवान पर मारपीट करने धमकी देने का आरोप को लेकर थाने में दिया आवेदन



राष्ट्रीय खबर

**हजरीबाग** : हजारीबाग जिले के बड़कागांव थाना क्षेत्र के पंचायत हरली गांव से एक मामला प्रकाश में आया है एक महिला ने अपने ही गांव के रांची में रानी एसपी कोठी कार्यरत पुलिस जवान रामचंद्र उर्फ चन्द्रू पासवान के खिलाफ मारपीट करने,धमकी देने व मंगलसुत्र छीनने का आरोप लगाते हुए बड़कागांव थाने में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। बताते चलें कि घटना दिपावली के दिन घर में सजाने वाला सिरिज लाईट खरीदने को लेकर मामूली विवाद से शुरू हुआ और मारपीट तक पहुंच गया । मार-पीट इतनी बढ गई। की स्त्री का लज्जा अंग भंग हो गया। इस संबंध में पीड़ित महिला ने आवेदन में कहा है कि मैं अपने परिवार वालों का जीवन यापन करने के लिए दिवाली में सजाने वाले सिरिंज लाइट बेच रही थी कि चंद्र पासवान मेरा सिरिंज लाइट बिना पैसा दिए ले जा रहा था इसी क्रम में मैंने उसे पैसे की मांग की तो वह अपनी पुलिस की रौब दिखाते हुए हमसे बोलने लगा कि तुम हमसे पैसे लोगी मैं पुलिस वाला हूं मैं तुम्हारा दुकान बंद कर दूंगा तुमको मार दूंगा और बोलते ही बोलते हमसे उलझ गया और मुझे मारने लगा। वहीं मामले को लेकर थाना प्रभारी बिनोद तिर्की ने कहा कि प्राप्त आवेदन के आलोक में केस दर्ज कर लिया है। कांड संख्या 345/23 आईपीसी की धारा 341,323, 379,354,504,506 के तहत केस दर्ज कर लिया गया है और इसपर जांच पड़ताल शुरू कर दिए है।

## शहर >> अपडेट

### जवाहर लाल नेहरु जयंती मनी



**कोडरमा :** देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू जी की 134 वीं जयंती कोडरमा जिला कांग्रेस, ओबीसी नगर कार्यालय मे नगर अध्यक्ष सुभाष प्रसाद सिंह के नेतृत्व में मनायी गयी । इस मौके पर नगर अध्यछ श्री सिंह समेत मौजूद अन्य लोगों ने नेहरु जी की तस्वीर पर फूल अर्पित किए । मौके पर नगर अध्यछ श्री सिंह समेत अन्य सबों ने अपने अपने विचार भी प्रकट किए ।

### मां काली को दी गयी विदाई

**मरकच्चो :** जगत की सुख शांति एवं समृद्धि की कामना के साथ काली पूजा पूरे प्रखंड में शांति और उल्लास के साथ संपन्न हो गया। रविवार दीपावली की रात मरकच्चो प्रखंड मुख्यालय स्थित श्रीनगर में पुजारी जागेश्वर ठाकुर के द्वारा ग्रामीणों की मदद से किया गया।

**पुनर्गठन** सभी राजस्व ग्रामों में वनाधिकार 15 सदस्य समिति का पुनर्गठन

# पुराने दावों का सत्यापन एवं नए दावों का सृजन

राष्ट्रीय खबर

**कुडू:** झारखंड सरकार अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के पत्रांक 04/ वन अधिकार अधिनियम 46/2028 से 2079 दिनांक 20 .9. 2023 एवं जिला कल्याण पदाधिकारी लोहरदगा के पत्रांक 1560/ आईटीडीए लोहरदगा दिनांक 2.11.2023 द्वारा सभी राजस्व ग्रामों में वनाधिकार समिति के पुनर्गठन, पुराने दावों का सत्यापन एवं नए दावों का सृजन हेतु निर्धारित तिथि को विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया जाना है। प्रखंड विकास पदाधिकारी कुडू के ज्ञापांक 1428 / सा. दिनांक 7.11. 2023 के आलोक में आज दिनांक 14.11.2023 को ग्राम बन्दुआ में आंगनवाड़ी,अखाडा में ग्राम प्रधान श्री अंबिका टाना भगत के अध्यक्षता में वन अधिकार समिति का पुनर्गठन हेतु ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसमें निम्न ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित हुए। इस मौके पर ग्राम प्रधान अंबिका टाना भगत,बड़की चाँपि के राजस्व उप निरीक्षक मनीष चंद्र उराँव, बड़की चापि पंचायत की उप मुखिया हेना तिवारी, बंदुवा की वार्ड सदस्य गीता भगत , प्रदान संस्था के देवेंद्र कुमार, कृषक मित्र हरि गोप, सहित ग्रामीण ,राकेश भगत, विद्यावती भगत, सुकर्मनी उराँव,दोवामनी देवी ,किरण उराँव, शिवरत गंझू, रामसेवक गोप,संदीप भगत,अंकित भगत,धर्मेंद्र भगत, तुलसी भगत,लक्ष्मी देवी, गणेश भगत, कृष्णा गोप ,फुलदेव भगत, बालमकुंद गोप, कार्तिक भगत, अनुपम भगत, दिवाकर भगत, बुलकी देवी, अनु भगत, बालमनी भगत, गुलचा देवी, मीना देवी, मंजू देवी, हीरा देवी, सुखमणि देवी, पूनम मिंज, सुशीला देवी ,सुशीला देवी ,फूलमनी देवी, मीना देवी, शांति देवी ,रीमा कुमारी, फूलमनी भगत, शालो कुमारी, मंगरी देवी, बीना देवी, पार्वती देवी, अनीता उरांव, ललिता देवी, लगन देवी, सूत्रमा कुमारी,जिरामनी भगत, देवानंद गोप, अनदीप टाणा भगत, गोपाल भगत,लक्ष्मण टाना भगत, सुमित भगत, रामरति भगत, दामोदर भगत, वासुदेव भगत सहित कई लोग उपस्थित थे। इस मौके पर उपस्थित लोगों के द्वारा सर्वसम्मति से अनु भगत को अध्यक्ष, दिवाकर भगत को सचिव एवं 15 सदस्यों का चयन किया गया। जिनमें निम्नलिखित सदस्यों का चयन सर्वसम्मति से किया गया।जिनमे मंगरी देवी, फुलदेव भगत, गणेश भगत, सतमी देवी, लगन देवी, पार्वती देवी, फुलमनी भगत ,गीता भगत, गोपाल भगत, दामोदर भगत, मंजू देवी, शांति देवी, बुलकी देवी, सुमन भगत, संदीप टाना भगत का चयन किया गया।



## न्यूज फटाफट

### रंगोली प्रतियोगिता एवं बाल संसद का आयोजित



**पेटरवार/कसमार :** बाल दिवस के शुभ अवसर पर मंगलवार को उत्क्रमित उच्च विद्यालय बरईकला में अध्ययनरत छात्राओं के बीच रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को पंचायत के पंचायत समिति सदस्य दिलीप कुमार महतो एवं वार्ड सदस्य प्रकाश कुमार महतो के द्वारा पुरस्कार दे कर प्रोत्साहित किया गया। साथ ही देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू जी की जीवनी एवं कृति पर प्रकाश डालते हुए उनके बताये मार्गों पर चलने के लिए बच्चों को उतप्रेरित किया गया। इस अवसर पर बाल संसद कार्यक्रमका अयोजन किया गया और बच्चों के बीच में मिठाई बाटी गई।बाल संसद एवं रंगोली प्रतियोगिता में द्रोपदी कुमारी, भारती कुमारी, मारिया परवीन, दिव्या कुमारी, रवीना, खुशी कुमारी को पुरस्कार पुरस्कृत किया गया।मौके पर बरईकला पंचायत की मुखिया अनीता देवी के प्रतिनिधि बैजनाथ महतो, स्कूल के प्रधानाध्यापक अमित कुमार, शिक्षक शैलेश कुमार, विनोद कुमार, शांति प्रकाश, नीलकमल वर्मा, उमेश, बसंत, राजेंद्र, मनोहर, मुस्लिम अंसारी, पप्पू कुमार, वंदना कुमारी, सावित्री देवीआदि उपस्थित थे।

### जिप उपाध्यक्ष अनीता देवी आज करेगी विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास

**कुडू :** जिप उपाध्यक्ष के द्वारा आज बालूमाथ प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में कई विकास योजनाओं का शिलान्यास किया जाएगा साथ ही छठ घाटों का भी किया जाएगा निरीक्षण योजनाएं निम्नलिखित है-ग्राम-कोमर मे डाढी कुआ कुप मरम्मती कार्य 12:00बजे,ग्राम-कोमर के टोला पारनदी मे छठ घाट के पास ईट सोलिंग निर्माण कार्य 12:30 बजे,बालूमाथ मे जिला परिषद बस पड़ाव मे शौचालय मरम्मती कार्य 01:00बजे,बालूमाथ के दिवाकर नगर मे नाटो संतोष के घर के पास नाली निर्माण कार्य 01:30 बजे,बालूमाथ के विभिन्न छठ घाट का निरिक्षण 02:00बजे,ग्राम-बालू मे चंडी स्थान के पास चबूतरा निर्माण कार्य 03:00बजे ग्राम-रजवार के टोकरी टोला मे ईट सोलिंग निर्माण कार्य 03:30बजे,ग्राम-रजवार मे पीसीसी पथ निर्माण कार्य 04:00बजे इन सभी योजनाओ का शिलान्यास ग्रामीण जनता की गरिमामयी उपस्थिति मे की जायेगी ।

### पूजा का आयोजन



**बालूमाथ :** लक्ष्मी पूजा के शुभ अवसर पर भागिया पंचायत के सीरम ग्राम पूजा का आयोजन किया गया जिस में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण प्रसाद कुशवाहा का भव्य प्रांपरिक तरीके से उनका स्वागत किया गया। पूजा में आदिवासी लोक नृत्य (मुडमां) के द्वारा प्रतुस्त किया गया। हजारों की संख्या में आस पास के ग्रामीण पूजा समिति के द्वारा लगाए गए मेले में भरपूर आनंद लेते हुए पूजा समिति को दिल से धन्यवाद दिया और मेले को सांति पूर्वक सफल बनाया। भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा ने पूजा समिति को आभार प्रकट करते हुए कहा कि अपनी संस्कृति एवं आस्था को इसी तरह और खूबसूरती से निभाने का धन्यवाद दिया। मौके पर पूजा समिति के अध्यक्ष अखिलेश यादव सचिव लालमोहन मुंडा कोसाध्यच सुरेंद्र मुंडा हुलश यादव बीरेंद्र मुंडा उपेंद्र यादव प्रकाश मुंडा कैलाश राणा जगन्नाथ यादव अशोक यादव मंजू मुंडा फुलदेवराव रूस उरांव कैलाश उरांव मुन्ना यादव सुखदेव यादव मंटू मुंडा पूजा कमेटी की सभी सदस्य गण उपस्थित थे।

वीर हवलदार अब्दुल हमीद के स्मारक पर होगी माल्यार्पण

## झारखंड स्थापना दिवस समारोह आज




राष्ट्रीय खबर

**कुडू:** आज दिनांक 15/ 11/ 2023 दिन बुधवार को समय 11:00 बजे झारखंड स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर परमवीर चक्र विजेता हवलदार वीर अब्दुल हमीद की स्मारक स्मृति पर ब्लॉक चौक कुडू स्थित माल्यार्पण का कार्यक्रम किया जा रहा है,इस इस मौके पर प्रखंड क्षेत्र के तमाम लोगों को आमंत्रित किया जाता है की समय मे ब्लॉक चौक स्थित कार्यक्रम स्थल पर पहुंच कर कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी भागीदारी निश्चित करें ।उक्त आशय की जानकारी अल्पसंख्यक कोंग्रेस जिला उपाध्यक्ष कमरुल इस्लाम ने दी ।बिरसा मुण्डा जयंती-सह-झारखण्ड राज्य स्थापना दिवस (15 नवंबर) के अवसर समाहरणालय के समीप स्थित मैदान में होनेवाले जिला स्तरीय मुख्य समारोह स्थल का आज उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त द्वारा स्थल पर विभिन्न विभागों की ओर से लगाये जानेवाले स्टॉल और मुख्य मंच निर्माण का अवलोकन किया गया। साथ ही, विभाग के पदाधिकारियों अपने स्टॉल में विभागीय योजनाओं का प्रचार-प्रसार, स्टॉल की सजावट और आवेदन प्राप्त किये जाने का निदेश दिया गया।आज इस मौके पर पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमाँ, उप विकास आयुक्त जय ज्योति सामंता, अपर समाहर्ता सौरभ कुमार, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार समेत संबंधित विभागों के पदाधिकारी व अन्य कर्मी उपस्थित थे।

रात की बेला में भक्ति के सागर में डुबकी लगाते रहे भक्त

## डॉ लंबोदर महतो ने जागरण कार्यक्रम का किया उद्घाटन



राष्ट्रीय खबर

**पेटरवार :** पेटरवार के आसपास क्षेत्र में श्री श्री महालक्ष्मी पूजा धूमधाम से मनाया गया ।महालक्ष्मी पूजा के मौके पर सोमवार की रात्रि में मेला टांड़ स्थित वीणा परिषद के रंगमंच पर स्टार ग्रुप मेला टांड़ की ओर से भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। भक्ति जागरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो ने पूजा -अर्चना कर व फीता काटकर जागरण कार्यक्रम का उद्घाटन किया। अपने उद्घाटन संबोधन में विधायक लंबोदर महतो ने कहा कि जहां पर इस तरह का आयोजन होता है वहां भगवान का वास होता है। कहा कि अपलोग सुखी रहे, निरोग रहे और ईश्वर की कृपा अपलोगो पर बनी रहे यही हमारी कामना है। उन्होंने इस तरह के आयोजन के लिए स्टार ग्रुप के सदस्यों को शुभकामनाएं दी।धनबाद से आए मां भवानी जागरण ग्रुप के सिमरन, रवि कुमार, पूजा प्रियंका, सरोज लख्खा सहित अन्य कलाकारों ने देर रात्रि तक एक से बढ़कर एक भक्ति गीत प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। भक्ति जागरण सुनने के लिए महिला - पुरुष श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी थी और देर रात तक भक्ति के सागर में डुबकी लगाते रहे। जागरण कार्यक्रम को सफल बनाने में स्टार ग्रुप के सदस्यों का सराहनीय प्रयास रहा।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### चित्रांश परिवार ने जताया शोक

**मरकच्चो :** अखिल भारतीय कायस्थ चित्रांश महा परिवार मरकच्चो के सदस्यों ने एकीकृत बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री स्व कृष्ण बल्लभ सहाय के पौत्र व सोमेश्वर प्रसाद सहाय के पुत्र पूर्व फुटबॉलर व समाज सेवी झुमरी तिलैया निवासी पंकज सहाय (70 वर्ष) के निधन पर चित्रांश परिवर मरकच्चो के सदस्यों ने गहरा शोक व्यक्त किया है। शोक व्यक्त करने वालो में गौरी शंकर प्रसाद, रामचंद्र प्रसाद, धरणीधर प्रसाद, मुकुल चन्द्र प्रसाद, दिलीप कुमार सिन्हा,रणजीत कुमार सिन्हायशवंत कुमार सिन्हा समेत कई सदस्यों के नाम शामिल हैं।

## किसान मिलन समारोह का आयोजन

▸▸ कम लागत में बेहतर फसल की पैदावार होगी:अमरदीप विश्वकर्मा

राष्ट्रीय खबर



**पेटरवार :** पेटरवार प्रखंड के उतासारा पंचायत के अंबाडीह गांव में मंगलवार को सी टी सीड की ओर से किसान मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता अजीत लोहनी ने की। किसान मिलन समारोह में बोकारो, रामगढ़ और हजारीबाग जिले के विभिन्न प्रखंडों से किसान और सीड वितरक शामिल हुए।इस मौके पर क्षेत्र के किसान तालेश्वर महतो, राजू कुमार महतो, निरंजन महतो, निलेश कुमार महतो सहित अन्य किसानों ने वैदेही 99 शंकर सीड की चर्चा की। चर्चा करते हुए किसानों ने कहा कि वैदेही 99 सीड धान फसल के लिए काफी अच्छी है और जिन किसानों ने इस सीड का इस्तेमाल किया है उसकी धान की फसल काफी बेहतर है।सी टी कंपनी के रीजनल मैनेजर अमरदीप विश्वकर्मा ने कहा कि आने वाले समय में बेहतर सीड किसानों को उपलब्ध कराया जाएगा और हमारा मानना है कि कम लागत में बेहतर फसल की पैदावार होगी।इस मौके पर पूर्व मुखिया पंकज कुमार सिन्हा, स्वरूप सहाय, अजीत लोहानी ने किसानों की ओर से किए गए बेहतर कार्य के लिए सम्मानित किया गया।

## मनुष्य कर्म से बनाता है भाग्य : पांडेय

राष्ट्रीय खबर



**सतगावां:** प्रखण्ड के मरचोई गांव स्थित लक्ष्मी मंदिर परिसर में सोमवार को दीपावली के उपलक्ष्य में दो दिवसीय श्री राम कथा का आयोजन किया गया। श्रीराम कथा से पहले मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम जी का आरती हुआ। जिसमें पूजा समिति के अध्यक्ष संजीव कुमार,सचिव सुधीर सिंह व समाजसेवी बालमुकुंद सिंह व गिरिडीह से चलकर आए कथावाचक विजय पांडेय के द्वारा भगवान मयार्दा पुरूषोत्तम राम जी व माता सीता जी का आरती किया गया। उसके बाद थोड़ी देर के बाद गिरिडीह से चलकर आये प्रवचन में कथावाचक विजय पांडेय ने कहा कि कहा कि कर्म करते समय व्यक्ति को सतर्क रहने की आवश्यकता है। धर्म की रक्षा करने वालों की रक्षा धर्म से मनुष्य को मिलती है आध्यात्मिक रक्षा करने वालों की रक्षा धर्म करता है। उसके बाद श्रीमद बाल्मीकि रामायण कथा सुनाई। कथा के दौरान उन्होंने ने कहा कि जन्म चाहे कभी भी हो वह कर्म से अपने भाग्य का निर्माण कर लेता है। कथावाचक ने रामलीला से लेकर अन्य प्रसंगों पर भी चर्चा की गई।

### चिल्ड्रन पार्क में चिल्ड्रन डे का आयोजन



**झुमरीतिलैया :** ऑक्सब्रिज के द्वारा बाल दिवस का आयोजन बहुत ही धूमधाम के साथ चिल्ड्रन पार्क में किया गया। जहां विभिन्न बैच से लगभग 100 से भी ज्यादा बच्चे उपस्थित हुए एवं बच्चों ने विभिन्न गेम्स का आनंद उठाया जिसमें रस्सा-कसी; जहां लड़के बाजी मार गए, कबड्डी; जिसमें लड़के एवं लड़कियां दोनों ही पारी को संभाले रखा एवं कोई निर्णय नहीं हो पाया, पासिंग द पेपर; जहां चैंपियंस बैच के बच्चों ने लोगों का दिल जीत लिया। चाइनीज व्हिस्पर (कानाफूसी), हैंड एंड लेग कोऑर्डिनेशन गेम; जहां लड़कियों ने लड़कों को मात दी, क्लिक एंड रन गेम एवं माइंड गेम्स भी कराए गए। आयोजन की शुरूआत बच्चों ने केक काटकर किया। फिर विभिन्न गानों पर बच्चों ने डांस लुत्फ उठाया एवं आकांक्षा ने अपने मनमोहक गीत से लोगों का मन मोह लिया। चिल्ड्रन डे आयोजन में शिवरतन सिंह, राहुल राणा, साहिल खान, शुभम पांडे, रिचा, रिया, आकांक्षा, अर्चना चहक जैन, पविका कपसीमे, नेहा,काजल,युग, प्रशांत, सिद्धू, खुशी, अमृता इन सभी प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

### वार्षिक उत्सव सह खेल कूद का आयोजन संपन्न

**सतगावां :** प्रखंड मंगलवार को कैरी मैदान में बी एस नेशनल पब्लिक स्कूल के द्वारा वार्षिक उत्सव सह खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुखिया संघ अध्यक्ष उत्तम सिंह, मुखिया प्रतिनिधि श्रीकांत यादव, दीपेश अग्रवाल, प्रवीण गुप्ता शामिल हुए। कार्यक्रम में सर्वप्रथम देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्म दिवस पर मुख्य अतिथियों एवं उपस्थित शिक्षक और बच्चों के द्वारा उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। खेल में कबड्डी में आलोक कुमार, अश्विनी कुमार, निवेश कुमार, रेस में रश्मि कुमारी, मुस्कान कुमारी, रितेश कुमार, पूजा कुमारी, अंकित कुमार वही बैडमिंटन में पूनम कुमारी, शुक्रिया कुमारी, निधि कुमारी ने खेलों का अच्छा प्रदर्शन किया। उपस्थित मुख्य अतिथियों के द्वारा अच्छा प्रदर्शन करने वाले बच्चों को ट्रॉफी देकर सम्मानित की गई। मुखिया संघ अध्यक्ष उत्तम सिंह ने कहा कि खेल से बच्चों में छिपी प्रतिभा का उजागर होता है तथा शारीरिक क्षमता भी बढ़ती है। पढ़ाई के साथ-साथ खेल भी जरूरी है खेलों से भी अच्छे मुकाम हासिल कर सकते हैं। मौके पर विद्यालय के डायरेक्टर सतीश मिश्रा, प्रधानाचार्य कौशल कुमार राणा, इंद्रदेव चौधरी आदि मौजूद थे।

**धरना** सरना धर्म कोड की घोषणा नहीं किये तो आत्म दाह की घोषणा

# 10 बजे से 1.00बजे तक बिरसा मुंडा के प्रतिमा प्रांगण के समक्ष धरना

4 बजे आत्म दाह की घोषणा

नेताओं को 13 नवंबर को किया गिरफ्तार

राष्ट्रीय खबर




**पेटरवार :** पेटरवार आदिवासी सेंगेल अभियान की ओर से पेटरवार तेनूचौक एन एच 23 सड़क को एक घंटे के लिए जाम कर दिया। नेतृत्व कर रहे आदिवासी सेंगेल अभियान के झारखण्ड प्रदेश अध्यक्ष देवनारायण मुर्मू ने कहा कि कल15 नवंबर को भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बिरसा मुंडा जयंती सह झारखण्ड स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर बिरसा मुंडा के गांव उलिहातु खूंटी पहुंच रहे हैं। झारखण्ड और आदिवासी हित में वे अनेकों घोषणा कर सकते हैं।हम आदिवासी सेंगेल अभियान की ओर से उनका स्वागत करते हैं,साथ ही मांग करते हैं कि लाम्बे समय से जो हम प्रकृति पूजक आदिवासियों के लिए सरना धर्म कोड का मांग है, उसकी घोषणा करें।इसी मांग को लेकर हमारे आदिवासी सेंगेल अभियान के बीर योद्धा चंद्र मोहन मार्डी पेटरवार बोकारो जिला, कान्हू राम टुडू सोनवा प्रखंड पश्चिम सिंहभूम जिला, बिक्रम हेम्ब्रम और पृथ्वी मुर्मू बागबेड़ा थाना पूर्वी सिंहभूम जिला झारखंड, ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा यदि सरना धर्म कोड की घोषणा नहीं किए जाने पर 15 नवंबर को 4 बजे आत्म दाह का घोषणा किया है। लेकिन प्रशासन के द्वारा इन नेताओं को 13 नवंबर को रात 12.00 बजे ही गिरफ्तार किया गया।हम आदिवासी सेंगेल अभियान इसका पुरजोर विरोध करते हैं। चूंकि प्रशासन के द्वारा सरना धर्म कोड की मांग को कमजोर करना और आन्दोलन को प्रभावित करना चाहते हैं। एक तरफ हमें स्वतंत्र धार्मिक मान्यता नहीं दे कर धार्मिक गुलाम बनाया जा रहा है, वहीं दूसरी तरफ हमें आन्दोलन, आत्म दाह भी नहीं करने देना चाहते हैं।हम लोगों के द्वारा कल दिनांक 15 नवंबर को सभी जिला/प्रखंड मुख्यालयों में बिरसा मुंडा एवं अन्य शहीदों के प्रतिमा के समक्ष दिन 10 बजे से 1.00 बजे तक धरना दिया जाएगा।आज के चक्का जाम कार्यक्रम में मुख्य रूप से असम प्रदेश अध्यक्ष सोहन हेम्ब्रम, बोकारो जोनल संयोजक जयराम सोरेन, जोनल युवा मोर्चा अध्यक्ष विजय टुडू, बोकारो जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष ललिता सोरेन, रामगढ़ जिला अध्यक्ष भुनेश्वर हेम्ब्रम महिला मोर्चा अध्यक्ष उलेश्वारी हेम्ब्रम जिला अध्यक्ष भुनेश्वर हेम्ब्रम, युवा मोर्चा अध्यक्ष मनिश्याम टुडू, हजारीबाग जिला अध्यक्ष बाहाराम हांसदा, राजकिशोर मुर्मू,रीझू मुर्मू,कोमल किस्कू, रामसुंदर बेसरा, संपत्ति टुडू, रामप्रसाद सोरेन, संजय टुडू, निखिल बास्के, धनीराम मरांडी, नेमचंद्र मरांडी, मंगेश्वर बेसरा,काली बेसरा,सोमरी बेसरा, बसमति टुडू, सुकुरमनी मुर्मू,राहुल हांसदा,विभा हांसदा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## न्यूज फटाफट

### हॉकी इंडिया ने हॉकी पुरुष जूनियर विश्वकप टीम की घोषणा की



**नयी दिल्ली** : हॉकी इंडिया ने मलेशिया के कुआलालंपुर में पांच से 16 दिसंबर तक होने वाले एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप के लिए मंगलवार को भारतीय टीम घोषणा की। हॉकी इंडिया ने आज यहां बताया कि भारत पूल सी में कनाडा, कोरिया और स्पेन के साथ है। भारत पांच दिसंबर को कोरिया के खिलाफ मुकाबले की शुरुआत करेंगा, उसके बाद क्रमश: सात और नौ दिसंबर को स्पेन और कनाडा के खिलाफ भिड़ंत होगी। टूर्नामेंट के पूल ए में ऑस्ट्रेलिया, चिली और मेजबान देश मलेशिया के साथ मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना शामिल हैं। पूल बी में मिस्र, फ्रांस, जर्मनी और दक्षिण अफ्रीका हैं। पूल डी बेल्जियम, नीदरलैंड, न्यूजीलैंड और पाकिस्तान है। क्वार्टरफाइनल 12 दिसंबर को होगा। 14 दिसंबर को सेमीफाइनल तथा 16 दिसंबर को ग्रैंड फाइनल मुकाबला खेला जायेगा। उल्लेखनीय है कि टूर्नामेंट के पिछले संस्करण में भारत चौथे स्थान पर रहकर कांस्य पदक हासिल करने से चूक गया था। इस अवसर भारतीय पुरुष जूनियर टीम के कोच सीआर कुमार ने कहा, ''मौजूदा एशियाई चैंपियन के रूप में वैश्विक मंच पर अपने कौशल का प्रदर्शन करने की संभावना हमें अत्यधिक उत्साह से भर देती है। पिछले जूनियर पुरुष टूर्नामेंटों में हमारे ट्रैक रिकॉर्ड ने सकारात्मक परिणाम दिए हैं, जिससे उच्च स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने की हमारी क्षमताओं में आत्मविश्वास पैदा हुआ है।'' उन्होंने कहा, ''इस बार, हम एक अच्छी तरह से तैयार, मजबूत टीम पेश करते हैं, जो जूनियर विश्व कप के प्रति हमारे दृष्टिकोण में एक महत्वपूर्ण बदलाव का प्रतीक है। इसके अलावा, हम 2016 जूनियर विश्व कप विजेता टीम द्वारा बनाई गई विरासत से प्रेरणा लेते हैं और इसे पूरा करने की इच्छा रखते हैं। इसने जो अपेक्षाएँ स्थापित की हैं।'' उन्होंने कहा, ''इस प्रयास में हमारी सहायता करने के लिए, हम भाग्यशाली हैं कि हमारे पास अनुभवी खिलाड़ियों का एक समूह है, जो भुवनेश्वर में पिछले जूनियर विश्व कप का हिस्सा थे। वे नेतृत्व की भूमिका निभाएंगे और अपने साथियों को मार्गदर्शन देंगे। हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता विश्व कप में जीत हासिल करना है। जूनियर विश्व कप, और हम इस लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में नपे-तुले कदम उठाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।'' घोषित की गई टीम इस प्रकार है :- कप्तान उत्तम सिंह और अरिजीत सिंह हुंदल उपकप्तान है। टीम में गोलकीपर मोहित एच एस और रणविजय सिंह यादव हैं। डिफेंडर शारदानंद तिवारी, अमनदीप लाकड़ा, रोहित, सुनील जोजो और आमिर अली है। मिडफील्ड विष्णुकांत सिंह, पूवन्ना सी बी, राजिंदर सिंह, अमनदीप और आदित्य सिंह है।

### ब्राजील ने बेंटो क्रेपस्की को टीम में किया शामिल




**रियो डी जनेरियो** :अनकैप्ड एथलेटिको पैरानेंस के गोलकीपर बेंटो क्रेपस्की को कोलंबिया और अर्जेंटीना के खिलाफ फीफा विश्व कप क्वालीफायर के लिए ब्राजील की टीम में शामिल किया गया है। ब्राजील फुटबॉल परिसंघ (सीबीएफ) ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि क्रेपस्की को कोलंबिया और अर्जेंटीना के खिलाफ मुकाबले के लिए टीम में बुलाया गया है और उन्हें मैनचेस्टर सिटी के एडर्सन की जगह टीम में शामिल किया गया है। एडर्सन रविवार को प्रीमियर लीग के मुकाबले में पैर में चोट लग गई थी। क्रेपस्की को पहली बार सितंबर में बोलीविया और पेरू के खिलाफ विश्व कप क्वालीफायर के लिए ब्राजील की राष्ट्रीय टीम में बुलाया गया था, लेकिन उन्होंने अभी तक अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी शुरुआत नहीं की है। ब्राजील गुरुवार को बैरेंक्विला में कोलंबिया से और 21 नवंबर को रियो डी जनेरियो के माराकाना स्टेडियम में अर्जेंटीना से खिलाफ खेलेगा। पांच बार के विश्व चैंपियन वर्तमान में अपने पहले चार क्वालीफायर से सात अंकों के साथ दक्षिण अमेरिकी समूह में तीसरे स्थान पर हैं।

क्रिकेट

### भारतीय टीम की असली परीक्षा आज होगी

# सेमीफाइनल में रोहित-कोहली की खुद से होगी लड़ाई!

एजेंसियां

**मुंबई** : भारतीय टीम ने वर्ल्ड कप के स्टेज मैचों को बड़े ही आसानी के साथ जीतने में कामयाबी हासिल की। लगातार 9 मैच जीत कर प्वाइंट्स टेबल में भारतीय टीम 18 अंकों के साथ पहले नंबर पर है। लेकिन भारतीय टीम की असली परीक्षा 15 नवंबर को होगी। भारत के सामने सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड की टीम होगी। पिछली बार न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत को वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में हार का सामना करना पड़ा था।





भारत के लिए इस वर्ल्ड कप में कप्तान रोहित शर्मा और पूर्व कप्तान विराट कोहली बल्ले से लगातार रन बनाने का कारनामा कर रहे हैं। इन दोनों ही खिलाड़ियों ने भारत की तरफ से 500 से अधिक रन बनाने का काम किया है। इस वर्ल्ड कप में भारत पहली टीम है जिसके दो खिलाड़ियों ने 500 से अधिक का आंकड़ा छुआ है। विराट कोहली, रोहित शर्मा से सेमीफाइनल में भी बड़े रनों की उम्मीद होगी।

रोहित शर्मा और विराट कोहली के सेमीफाइनल के आंकड़े डराने वाले हैं। भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने अब तक वनडे वर्ल्ड कप में दो बार सेमीफाइनल मुकाबलों में हिस्सा लिया है। लेकिन इन दोनों ही मुकाबले में वह बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे हैं। साल 2015 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल मैच में रोहित शर्मा 34 रन बनाकर आउट हो गए थे। जबकि न्यूजीलैंड के खिलाफ साल 2019 के वर्ल्ड कप सेमीफाइनल में वह सिर्फ एक ही रन बना सके थे। ऐसे में रोहित शर्मा का औसत 17.50 का ही है। कोहली ने भी किया है निराश: वहीं अब तक इस वर्ल्ड कप में 594 रन बनाने वाले विराट कोहली भी सेमीफाइनल में फ्लॉप ही रहे हैं। कोहली ने अब तक तीन वर्ल्ड कप सेमीफाइनल में हिस्सा लिया है। साल 2011, साल 2015 और 2019 इन तीनों ही मौके पर वह बड़ी पारी नहीं खेल सके हैं। साल 2011 में पाकिस्तान के खिलाफ विराट कोहली सिर्फ 9 बन सके थे। साल 2015 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक रन और न्यूजीलैंड के खिलाफ भी वह एक रन बनाकर पवेलियन लौट गए थे। ऐसे में उनका सेमीफाइनल का औसत 3.66 का रहा है। इस भारतीय ने वो कर दिखाया, जो धोनी भी नहीं कर सके, क्या अब चैंपियन बनना पक्का!

भारतीय टीम उम्मीद कर रही होगी कि इस साल रोहित शर्मा और विराट कोहली सेमीफाइनल में बड़ा स्कोर बनाने का काम करें। इन दोनों ही बल्लेबाजों पर टीम काफी हद तक निर्भर है। ऐसे में अगर सेमीफाइनल मुकाबले में भारत को बेहतर प्रदर्शन करना है तो रोहित शर्मा, विराट कोहली को रन बनाने होंगे।

## एटीपी फाइनल्स में मेदवेदेव ने रुबलेव और ज्वेरेव ने अल्कराज को हराया



एजेंसियां

**रोम** : रूस के डेनियल मेदवेदेव ने पिछले साल की एटीपी फाइनल्स की हार का बदला लेते हुए साल के आखिरी टूर्नामेंट के ग्रुप मैच में अपने करीबी दोस्त आंद्रे रुबलेव को 6-4, 6-2 से हराया। वहीं रेड ग्रुप के एक अन्य मैच में स्पेन के कार्लोस अलकराज को जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने 6-7 (3), 6-3, 6-4 से हरा दिया। सोमवार को हुए मुकाबले में मेदवेदेव ने अपने रूसी हमवतन रुबलेव के खिलाफ अपने रिकॉर्ड को 7-2 तक सुधार लिया। उन्होंने कहा कि कोर्ट पर कोई दोस्त या दुश्मन नहीं होता है। उन्होंने कहा कि ईमानदारी से कहूं तो, कोर्ट पर, मुझे नहीं पता कि यह उसके लिए कैसा है कोर्ट पर मेरे लिए कोई दोस्त और दुश्मन नहीं। मैं सिर्फ मैच जीतने की कोशिश करता हूं। मैं किसी और चीज के बारे में नहीं सोचता। वहीं दो बार के चैंपियन ज्वेरेव ने स्पर्धा में दुनिया के नंबर दो अल्कराज के खिलाफ मजबूत शुरुआती प्रदर्शन किया, उन्होंने 2021 में ट्यूरिन और 2018 में लंदन में अपने पिछले दोनों मुकाबलों में खिताब जीता था। ज्वेरेव ने कहा, ''मेरी सर्विस से मुझे काफी मदद मिली। दूसरे सेट के पहले गेम में ब्रेक प्वाइंट बचाने से मुझे मदद मिली।'' उन्होंने कहा, '''आप दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी के खिलाफ एक सेट या ब्रेक नहीं गंवाना चाहेंगे, इसलिए मैं खुश हूं।'' युगल स्पर्धा में वेस्ले कूलहोफ़ और नील स्कुपस्की ने ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी रिंकी हिजिकाटा और जेसन कुबलर को 6-3, 6-4 से हराया। राजीव राम और जो सैलिसबरी ने रोहन बोपन्ना और मैथ्यू एब्डेन के खिलाफ समान स्कोर के साथ जीत हासिल की। मंगलवार को दोपहर के सत्र में स्टेफानोस त्सित्सिपास होल्गर रूण मुकाबला करेंगे, इससे पहले नोवाक जोकोविच ग्रीन ग्रुप मैचों के दूसरे दौर में जननिक सिनर से भिड़ेंगे।

## एचएस प्रणॉय कुमामोटो मास्टर्स जापान टूर्नामेंट में कोर्ट पर करेंगे वापसी

एजेंसियां

**कुमामोटो** ; भारत के स्टार शटलर एचएस प्रणॉय, चिराग शेट्टी-सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी, किदांबी श्रीकांत और लक्ष्य सेन आज से शुरु हो से कुमामोटो मास्टर्स जापान 2023 बीडब्ल्यूएफ सुपर 500 टूर्नामेंट में प्रतिस्पर्धा करेंगे। एचएस प्रणॉय मंगलवार से शुरू हो रहे बैडमिंटन टूर्नामेंट में बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर पर वापसी करने के लिए तैयार हैं। बैडमिंटन रैंकिंग के शीर्ष 10 में शामिल भारत के प्रणॉय एकमात्र पुरुष एकल खिलाड़ी हैं। उन्हें पीठ की चोट के कारण डेनमार्क और फ्रेंच ओपन से बाहर होना पड़ा था। सातवीं वरीयता प्राप्त भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पुरुष एकल के शुरुआती दौर में हांगकांग के गैरवरीयता प्राप्त ली चेउक युई से भिड़ेंगे। बैडमिंटन के लिए क्वालिफिकेशन विंडो इस वर्ष एक मई को शुरू हुई और अप्रैल 2024 तक रहेगी। विश्व नंबर 17 लक्ष्य सेन और विश्व नंबर 23 किदांबी श्रीकांत भी पुरुष एकल में पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए अपनी संभावनाओं को बेहतर बनाने के लिए महत्वपूर्ण रैंकिंग अंक की तलाश में होंगे। लक्ष्य सेन को तीसरी वरीयता प्राप्त जापान के कोडाई नाराओका से भिड़ना होगा जबकि श्रीकांत को बेहतर ड्रा मिला है। पूर्व विश्व नंबर एक खिलाड़ी श्रीकांत क्वालीफायर में से एक का सामना करेंगे। दुनिया के 30वें नंबर के खिलाड़ी प्रियांशु राजावत को क्वालीफायर से बाई मिला है और मुख्य ड्रॉ में उनका सामना चीनी ताइपे के लिन चुन-यी से होगा। प्रोटेक्टिव रैंकिंग पाने का विकल्प चुनने वाली पीवी सिंधु बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर सुपर 500 टूर्नामेंट में प्रतिस्पर्धा नहीं करेंगी। पुरुष एकल में, शीर्ष वरीयता प्राप्त सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की दुनिया के पांचवें नंबर की जोड़ी, चीनी ताइपे की दुनिया की 21वें नंबर की जोड़ी चिंग याओ लू और पो हान यांग के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। महिला एकल, महिला युगल और मिश्रित युगल स्पर्धा में कोई भारतीय शटलर हिस्सा नहीं ले रहे है।

## खेल जगत अपडेट्स »

### इन दो टीमों के बीच होगा वर्ल्ड कप 2023 का फाइनल



**मुंबई** :हाशिम अमला की भविष्यवाणी, इस समय 4 टीमें सेमीफाइनल में पहुंच गई है। भारतीय टीम 15 नवंबर को न्यूजीलैंड के साथ सेमीफाइनल मैच खेलने वाली है। वहीं, ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका का सेमीफाइनल मैच 16 नवंबर को खेला जाएगा। पहला सेमीफाइनल मुंबई में तो वहीं दूसरा सेमीफाइनल कोलकाता में खेला जाएगा। भारतीय टीम मुंबई में न्यूजीलैंड के खिलाफ सेमीफाइनल मैच खेलने वाली है।साउथ अफ्रीका के पूर्व दिग्गज हाशिम अमला ने वर्ल्ड कप फाइनल को लेकर भविष्यवाणी की है। पूर्व दिग्गज क्रिकेटर ने वर्ल्ड कप के फाइनल को लेकर अपनी बात रखी है और दो टीमों को फाइनल में खेलने का प्रबल दावेदार माना है। रिपोर्ट के अनुसार पूर्व साउथ अफ्रीकी क्रिकेटर ने अपनी बात कही है। बता दें कि इस समय 4 टीमें सेमीफाइनल में पहुंच गई है। भारतीय टीम 15 नवंबर को न्यूजीलैंड के साथ सेमीफाइनल मैच खेलने वाली है। वहीं, ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका का सेमीफाइनल मैच 16 नवंबर को खेला जाएगा। पहला सेमीफाइनल मुंबई में तो वहीं दूसरा सेमीफाइनल कोलकाता में खेला जाएगा।भारतीय टीम मुंबई में न्यूजीलैंड के खिलाफ सेमीफाइनल मैच खेलने वाली है। फाइनल मैच 19 नवंबर को अहमदाबाद में खेला जाएगा। सेमीफाइनल मैच से पहले हाशिम अमला ने उन दो टीमों का नाम बताया है जो फाइनल खेल सकते हैं। पूर्व साउथ अफ्रीकी क्रिकेटर ने भारत और साउथ अफ्रीका को फाइनल मैच खेलने का प्रबल दावेदार माना है। बता दें कि दोनों ही टीमों ने इस वर्ल्ड कप में शानदार परफॉर्मेंस किया है। भारत लीग स्टेज में एक भी मैच नहीं हारा है तो वहीं साउथ अफ्रीका को दो मैचों में हार नसीब हुई थी।

# फिल्म 'एनिमल' का गाना पापा मेरी जान रिलीज



एजेंसियां

**मुंबई** : फिल्म 'एनिमल' का गाना पापा मेरी जान रिलीज हो गया है। संदीप रेड्डी वांगा निर्देशित एनिमल में रणबीर कपूर,अनिल कपूर, रश्मिका मंदाना, बॉबी देओल और तृप्ति डिमरी जैसे कलाकार प्रमुख भूमिका में हैं।फिल्म 'एनिमल' का गाना पापा मेरी जान रिलीज कर दिया गया है,जिसमें बाप-बेटे के बीच का प्यार देखने को मिल रहा है। एनिमल का यह नया गाना रणबीर के किरदार और अनिल कपूर द्वारा निभाए गए उनके पिता-बेटे के बीच के खूबसूरत रिश्ते की एक झलक को पेश करता है। गाने की शुरुआत रणबीर कपूर के बचपन से होती है। पूरे गाने में अनिल कपूर और रणबीर कपूर के बीच की केमेस्ट्री को दिखाया गया है। गाने में दिखाया गया है कि कैसे बचपन से रणबीर का पिता के साथ बॉन्ड ज्यादा स्ट्रॉन्ग नहीं रहा। वह पिता के प्यार के लिए तरसता रहा है। बड़े होने तक भी अपनी जिंदगी के अहम मोमेंट्स के दौरान उसके पिता साथ नहीं थे।इस गाने को सोनू निगम ने गाया है।लिरिक्स राज शेखर ने लिखे हैं। वहीं म्यूजिक डायरेक्टर हर्षवर्द्धन रामेश्वर हैं। फिल्म एनिमल 01 दिसंबर को रिलीज होगी।फिल्म एनिमल भूषण कुमार और कृष्ण कुमार की टी-सीरीज, मुराद खेतानी की सिने1 स्टूडियोज़ और प्रणय रेड्डी वांगा की भद्रकाली पिक्चर्स द्वारा निर्मित है।

## प्रियंका तिवारी और श्वेता यादव का छठ गीत 'छठ घाट लोग जाय लागल' रिलीज



एजेंसियां

**मुंबई** : गायिका प्रियंका तिवारी और अभिनेत्री श्वेता यादव का छठ गीत 'छठ घाट लोग जाय लागल' रिलीज हो गया है छठ गीत 'छठ घाट जाय लागल' वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज हुआ है।इस गाने को प्रियंका तिवारी ने गाया है और इसके वीडियो में छठ माता की परम भक्त के रूप में श्रद्धा यादव ने अभिनय किया है। छठ माता पर आधारित इस गीत में दिखाया गया है कि किस तरह से छठ पूजा की तैयारी की जा रही है। कैसे विधि विधान के लिए सामाग्रियों की व्यवस्था की गई है। लोग छठ घाट की तरफ दउरा सजाकर चले जा रहे हैं। यही सब मनोरम दृश्य को देखते हुए श्रद्धा यादव छठ घाट पर जाने की तैयारी करते हुए अपनी सहेलियों से कहती है कि गाँवे गाँवे गितिया गवाइ लागल, कोसिया भराइ लागल, मथवा पर दउरा सजाय लागल, छठी घाट लोग जाय लागल...वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत छठ गीत ह्यछठ घाट लोग जाय लागल के संगीतकार शम्स जमील हैं। वीडियो निर्देशक आर्यन देव, कोरियोग्राफर विक्रम राजपूत, एडिटर मीत जी हैं।

## शाहरुख और थलपति विजय अब एक साथ सिल्वर स्क्रीन पर मचाएंगे धमाल



एजेंसियां

**मुंबई** : एटली और शाहरुख खान की जोड़ी ने 'जवान' जैसी मेगा ब्लॉकबस्टर फिल्म दी है।वहीं अब डायरेक्टर ने किंग खान और विजय सेतुपति के साथ अपनी नई फिल्म की अनाउंसमेंट कर दी है।

## छठ के अवसर पर 20 नवंबर को बिहार में रिलीज होगी विवाह 3

एजेंसियां

**मुंबई**: भोजपुरी अभिनेता प्रदीप पांडेय चिंटू और अभिनेत्री आम्रपाली दुबे की फिल्म विवाह 3 छठ के अवसर पर 20 नवंबर को बिहार में रिलीज होगी,वहीं, 24 नवंबर को यह फिल्म सम्पूर्ण भारत में रिलीज होगी। यशी फिल्म्स ,अभय सिन्हा और रेणु विजय फिल्म्स एंटरटेनमेंट प्रस्तुत फिल्म विवाह 3 के निर्माता निशांत उज्जवल हैं।निशांत उज्जवल ने बताया कि विवाह 3 को लोग राजश्री स्टाइल वाली फिल्म बता रहे हैं। लोगों का मानना है कि इस फिल्म के जरिए बड़े परदे पर परिवार वापस आएगा।उन्होंने कहा कि हिंदी और साउथ की फिल्मों में सब एक्शन रोमांस सब कुछ मिलता है। नहीं मिलता है तो परिवार और संस्कार। उस चीज को मेंहदी लगा के रखना 1, मेंहदी लगा कें रखना 3, डोली सजा के रखना, मैं सेहरा बांध के आऊंगा, डार्लिंग, माई, दुल्हन वही जो पिया मन भाए जैसी फिल्मों के निर्देशक रजनीश मिश्रा लेकर आ रहे हैं।



## प्रदेश >> अपडेट

### सड़क हादसे में दो की मृत्यु

**सतना :** मध्यप्रदेश के सतना जिले के सिंहपुर थाना क्षेत्र के करसरा गांव में तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार कल रात बाइक से घर जा रहे शिवम और भूपेंद्र कौल नाम के व्यक्तियों को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार दोनों युवकों की मौत हो गई। पुलिस ने मामला जांच में ले लिया है।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### मिर्जापुर में युवक गंगा में डूबा

**मिर्जापुर :** उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर जिले में मां विंध्यवासिनी देवी के दर्शन के लिए आए एक दर्शनार्थी की मंगलवार सुबह स्नान के दौरान गंगा नदी में डूब जाने से मृत्यु हो गई। पुलिस के अनुसार आजमगढ़ जिले के कप्तानगंज थाना क्षेत्र के हरईया गांव से कुछ लोग विंध्याचल मंदिर में दर्शन पूजन के लिए आए थे। आज सुबह अंगद यादव का पुत्र रामजन्म यादव (36) स्थानीय अखाड़ा घाट पर स्नान कर रहा था कि पांव फिसलने से वह डूब गया। घाट पर लोगों ने पुलिस को सूचना दी तथा शोर मचाने लगे। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की सहायता से युवक को गंगा नदी से बाहर निकला और उसे विंध्याचल अस्पताल ले गए जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### आसियान देशों के रक्षा मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लेंगे राजनाथ

**नयी दिल्ली :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आसियान देशों के रक्षा मंत्रियों की 10वीं बैठक में हिस्सा लेने के लिए 16 से 17 नवंबर तक इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता के आधिकारिक दौरे पर रहेंगे। गुरूवार को शुरू होने वाली इस महत्वपूर्ण बैठक के दौरान रक्षा मंत्री क्षेत्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दों पर अपने विचार रखंगे।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### सड़क हादसे में दो मरे

**हरदोई :** उत्तर प्रदेश में हरदोई जिले के पिहानी कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार सुबह एक सड़क हादसे में बाइक सवार दो लोगों की मौत हो गई जबकि तीसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि यह हादसा पिहानी जहानी खेड़ा मार्ग पर हरैया गांव के पास सुबह करीब 11 बजे हुआ।यहां तेज रफ्तार से जा रहे पिकअप डाला और बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस टक्कर में बाइक पर सवार तीन लोगों में से दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। पंडरवा गांव निवासी शिवम (24 ) अपनी दवा लेने के लिए बाइक से अपने साथी नंदराम (27) व एक अन्य के साथ पिहानी आया था। सीएचसी पिहानी से दवा लेकर वह तीनों एक बाइक से वापस जा रहे थे कि उसी समय यह हादसा हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस सभी को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंची जहां शिवम व नंदराम को मृत घोषित कर दिया गया जबकि तीसरे को इलाज के लिए जिला मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया।

### तेलंगाना में 20 नवंबर को बारिश होने के आसार

**हैदराबाद :** तेलंगाना में अलग-अलग स्थानों पर 20 नवंबर को हल्की से मध्यम बारिश या गरज के साथ बौछारें पड़ने के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र ने मंगलवार को यह जानकारी दी। यहां दैनिक मौसम रिपोर्ट में कहा गया है कि अगले छह दिनों के दौरान राज्य में शुष्क मौसम रहने के अनुमान हैं। पिछले 24 घंटों के दौरान तेलंगाना में शुष्क मौसम बना रहा। रिपोर्ट में कहा गया है कि सोमवार और मंगलवार की दरमियानी रात को आदिलाबाद में तापमान 14.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

---

**यूक्रेनी झंडा** > ग्रे जोन में कई बस्तियाँ प्रभावी रूप से यूक्रेनी सशस्त्र बलों के नियंत्रण में है

# टोपोली गांव पर कब्जा कर झंडा फहराया यूक्रेन सेना ने

- चुनौतियाँ बनी हुई है
- यूक्रेनी सेना क्षेत्र में एक सक्रिय रक्षा रणनीति का उपयोग कर रही है



**एजेंसियां**

**कियेब:** यूक्रेनी सेना ने टोपोली गांव पर कब्जा करने के बाद वहां झंडा फहराया है। 11 नवंबर को यूक्रेन की स्टेट बॉर्डर गार्ड सर्विस (डीपीएसयू) के अनुसार, यूक्रेनी सीमा रक्षकों ने खार्किव ओब्लास्ट के टोपोली गांव पर नियंत्रण कर लिया और वहां यूक्रेनी झंडा फहराया, हालांकि बस्ती की पूर्ण मुक्ति अनिश्चित बनी हुई है। सैन्य विशेषज्ञ और जनरल स्टाफ के पूर्व प्रवक्ता, व्लादिस्लाव सेलेज्नोव ने कहा कि ग्रे जोन में कई बस्तियाँ प्रभावी रूप से यूक्रेनी सशस्त्र बलों के नियंत्रण में हैं। उन्होंने कहा कि संभावित खतरों की पहचान करने के लिए डीपीएसयू कर्मचारी नियमित रूप से क्षेत्रों में जांच करते हैं।

टोपोली में राज्य ध्वज फहराने के कार्य को सेलेज्नोव ने क्षेत्र में यूक्रेनी सेना की उपस्थिति की पुष्टि के रूप में वर्णित किया था। हालाँकि, चुनौतियाँ बनी हुई हैं, और युद्धक कार्रवाइयां अभी भी हो सकती हैं, संभावित खतरों से निपटने के लिए पूरी तरह से निकासी अभियान की आवश्यकता होगी।

सेंटर फॉर मिलिट्री-लीगल रिसर्च के प्रमुख ऑलेक्जेडर मुसियेंको ने बताया कि यूक्रेनी बलों ने गांव पर आग पर नियंत्रण स्थापित कर लिया है, हालांकि उन्होंने सेलेज्नोव की बात दोहराते हुए कहा कि इसका मतलब क्षेत्र में युद्ध और निकासी अभियानों का अंत नहीं है।वास्तव में, ऐसा हमेशा होता है क्योंकि ऐसे मामले होते हैं जब दुश्मन बेसमेंट या भूमिगत में कुछ रक्षात्मक संरचनाओं को सुसज्जित करता है; स्कूल भवनों, ग्राम परिषदों, प्रशासनिक भवनों में, मुसियेंको ने कहा।और यह सुनिश्चित करने में समय लगता है कि सब कुछ मुक्त और नष्ट हो गया है।विशेषज्ञों ने समय से पहले जश्न मनाने के प्रति आगाह किया, चल रही लड़ाइयों और कब्जाधारियों द्वारा खोई हुई स्थिति को पुनः प्राप्त करने के प्रयास की संभावना पर प्रकाश डाला। दरअसल, हमारी सेनाएं यह कहने के लिए पूरी तरह से एकजुट नहीं हुई हैं कि सब कुछ पहले से ही नियंत्रण में है। मुसियेंको ने कहा, लड़ाई अभी भी जारी है।मुसियेंको ने कहा कि खार्किव ओब्लास्ट में यूक्रेनी सेना लगातार दुश्मन के हमलों को नाकाम कर रही है, और कभी-कभी सफल स्थानीय जवाबी हमले करने में भी बदलाव करती है। उनके अनुसार, यूक्रेनी सेना क्षेत्र में एक सक्रिय रक्षा रणनीति का उपयोग कर रही है, जिसमें रणनीतिक युद्धाभ्यास और कभी-कभी आगे बढ़ना शामिल है। उन्होंने कुप्यांस्क और लिमन दोनों दिशाओं में उन्नति के अवसरों पर भी प्रकाश डाला।

विशेषज्ञ के अनुसार, ऐसे जवाबी हमलों के दौरान पकड़े गए रूसी सैनिक अक्सर यूक्रेनी सफलताओं के सामने अपने सैन्य नेतृत्व के प्रति निराशा व्यक्त करते हैं। नवगठित रूसी 25वीं संयुक्त शस्त्र सेना की एक इकाई की उपस्थिति को ध्यान में रखते हुए, उन्होंने सुझाव दिया कि दुश्मन अग्रिम पंक्ति के उस क्षेत्र में हमला जारी रख सकता है, जो सिंकिव्का, लिमन पर्शी और रेलवे लाइन के साथ-साथ कुप्यांस्क की ओर अन्य बस्तियों की ओर बढ़ रहा है।उन्होंने बताया कि पुतिन का लक्ष्य ओस्किल नदी के बाएं किनारे तक खार्किव ओब्लास्ट के हिस्से पर कब्जा करना है, जिसमें कुपयांस्क का पूर्वी भाग, विशेष रूप से कुपयांस्क जंक्शन भी शामिल है। यह खार्किव ओब्लास्ट के उस हिस्से में रेलवे कनेक्शन को नियंत्रित करने के लिए है।

## जनता तय करेगी उसे कैसा प्रदेश चाहिए: कमलनाथ

**एजेंसियां**

**मुरैना :** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने आज कहा कि 17 तारीख को होने वाला चुनाव मध्यप्रदेश के भविष्य का चुनाव है, यह किसी प्रत्याशी या पार्टी का चुनाव नहीं है, इसलिए मतदाता को तय करना है कि उसे प्रदेश को किस ओर ले जाना है। कमलनाथ ने जिले के जौरा और दिमनी में कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में चुनावी सभाओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि अब केवल दो दिन बचे हैं और 17 तारीख को होने वाले मतदान में आपको तय करना है कि कैसा प्रदेश आपको चाहिए है। आज आपके बीच में आकर उन्हें बहुत खुशी है और आपके जो उम्मीदवार है वो मेरे प्रीतिनिधि भी है। वे पुलिस, प्रशासन और भाजपा के लोगों को बताना चाहते हैं कि कमलनाथ अब 2018 के मॉडल नहीं हैं अब 2023 का मॉडल हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि आज प्रदेश की तस्वीर आपके सामने है आज प्रदेश को चौपट प्रदेश बनाकर रख दिया है। आज प्रदेश में स्वास्थ्य और शिक्षा व्यवस्था चौपट है। वे नौजवानों को देखते हैं तो उन्हें बड़ी चिंता होती है, क्योंकि इन नौजवानों से पूरे मध्यप्रदेश का निर्माण होना है। लेकिन अगर इन्हीं का भविष्य अंधकार में रहा तो किस तरह से निर्माण होगा। आज मध्यप्रदेश में एक करोड़ नौजवान बेरोजगार हैं। आज प्रदेश में पैसे दो और रोजगार लो की व्यवस्था चल रही है, प्रदेश में 250 से अधिक घोटाले हुए हैं।

## खड़गे- राहुल ने किया नेहरू को जयंती पर नमन



**एजेंसियां**

**नई दिल्ली:** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू को आज जयंती पर नमन करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। खडगे ने पंडित जवाहर लाल नेहरू के इस वाक्य ''नागरिकता, देश की सेवा में होती है।'' को उद्धृत करते हुए कहा ''भारत को शून्य से शिखर तक पहुँचाने वाले, आधुनिक भारत के निर्माता, लोकतंत्र के निर्भीक प्रहरी तथा हमारे प्रेरणास्त्रोत पंडित जवाहर लाल नेहरू जी की जयंती पर विनम्र श्रद्धांजलि।'' उन्होंने कहा '' पंडित नेहरू के प्रगतिशील विचारों ने तमाम चुनौतियों के बावजूद भारत के सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक विकास को आगे बढ़ाया और हर पल देश की जनता को बिना किसी भेदभाव के, हमेशा देश को आगे रखकर, साथ मिलकर रहने के लिए प्रोत्साहित किया।'' खड़गे ने इसके साथ ही पंडित नेहरू के पर बना एक वीडियो भी पोस्ट किया है जिसमें वह डर को इंसानियत का सबसे बड़ा दुश्मन बता रहे हैं।खड़गे इससे पहले यहां पंडित नेहरू को श्रद्धांजलि अर्पित करने उनके समाधि स्थल शांति वन भी गए। गांधी ने कहा ''पंडित जवाहर लाल नेहरू एक सोच हैं-स्वतंत्रता की, प्रगति की, न्याय की। भारत माता को आज अपने 'हिंद के जवाहर' के इन्हीं मूल्यों की ज़रूरत है, एक विचारधारा की तरह, हर दिल में।''

## राजस्थान में 63 हजार मतदाता आज से डाल सकेंगे घर से अपना वोट



**एजेंसियां**

**जयपुर :** राजस्थान में आगामी 25 नवंबर को होने वाले विधानसभा आम चुनाव में पहली बार शुरू की गई घर बैठे मतदान सुविधा के तहत इस बार मंगलवार से लगभग 63 हजार मतदाता (वरिष्ठ नागरिक एवं दिव्यांग) घर बैठे मतदान कर सकेंगे। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि राजस्थान निर्वाचन विभाग समावेशी एवं निष्पक्ष चुनाव के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है और भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 80 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों एवं 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग श्रेणी के विशेष योग्यजन मतदाताओं के लिए प्रदेश में पहली बार विधानसभा आम चुनावों में घर बैठे मतदान की पहल की गई है। गुप्ता ने बताया कि मंगलवार से पूरे प्रदेश में होम वोटिंग के पहले चरण की शुरुआत की गई है। होम वोटिंग के लिए सबसे ज्यादा 1401 बायतु विधानसभा क्षेत्र से, 855 वल्लभनगर, 819 डूंगरपुर, 652 मालवीय नगर, 666 सिविल लाइंस एवं 553 वोटर होम वोटिंग के लिए शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र से है। वही प्रदेश में सबसे कम करौली विधानसभा क्षेत्र से 15 वोटर, इसके बाद पीपल्दा से 65, हिंडोली से 81 और तिजारा से 109 वोटर है जिन्होंने इस सुविधा के लिए आवेदन किया है।

### जालंधर की मंडियों से अब तक 10.25 लाख टन से अधिक धान की खरीद हुई

**जालंधर :** पंजाब के जिला जालंधर में धान की खरीद 10 लाख टन के आंकड़े को पार करते हुए निर्धारित लक्ष्य के करीब पहुंच गई है। जिला उपायुक्त विशेष सारंगल ने मंगलवार को बताया कि मौजूदा मंडीकरण सीजन दौरान जिले में 10.58 लाख टन धान की सरकारी तौर पर खरीद का लक्ष्य निर्धारित किया गया है और 13 नवंबर तक विभिन्न खरीद एजेंसियों द्वारा 10.25 लाख टन से अधिक धान की खरीद हो चुकी है।

---

**बर्खास्त** > सोमालिया के बुलो मारेर एटमिस बेस पर हमले में

# कायरता के आरोप में दो सैन्य अधिकारी बर्खास्त किये गये



**एजेंसियां**

**कंपाला:** सोमालिया के बुलो मारेर एटमिस बेस पर हमले में कायरता के आरोप में युगांडा के सैन्य अधिकारियों को बर्खास्त कर दिया गया है। युगांडा की एक सैन्य अदालत ने दो अधिकारियों को कायरता का दोषी पाया है क्योंकि इस्लामी लड़ाकों ने मई में सोमालिया में अफ्रीकी संघ के अड्डे पर हमला किया था। राजधानी मोगादिशू के दक्षिण में बुलो मारेर में अल-शबाब के हमले के बाद मेजर जडॉक अबोर और जॉन ओलुका भाग गए। अधिकारियों का कहना है कि युगांडा के कम से कम 50 सैनिक मारे गए। युगांडा अफ्रीकी संघ बल का हिस्सा है जो सोमालिया की सरकार को अल-कायदा से संबद्ध अल-शबाब से लड़ने में मदद कर रहा है।बुलो मारेर पर हमला अफ्रीकी संघ बल, एटमिस के लिए सबसे घातक हमलों में से एक था, क्योंकि इसने पिछले साल अल-शबाब के खिलाफ एक नया हमला शुरू किया था। युगांडा के राष्ट्रपति योवेरी मुसेवेनी ने इस प्रतिक्रिया के लिए अपनी सेना की आलोचना की। मोगादिशू में बैठी युगांडा की सैन्य अदालत ने सुना कि अधिकारियों को आसन्न हमले की चेतावनी दी गई थी, लेकिन वे इसे रोकने के लिए कार्रवाई करने में विफल रहे। जैसे ही अल-शबाब बंदूकधारियों ने बेस पर हमला किया, वे अपने सैनिकों को इकट्ठा करने में विफल रहे और इसके बजाय दूसरे बेस पर भाग गए। दोनों अधिकारियों को सेना से बर्खास्त कर दिया गया है. चार गैर-कमीशन अधिकारियों को भी सैन्य उपकरणों की सुरक्षा में विफल रहने का दोषी पाया गया। 19,000-मजबूत अफ्रीकी संघ बल को 2007 में सोमालिया भेजा गया था और उसने अल-शबाब को कई शहरों से बाहर निकालने में मदद की। सोमालिया के सरकारी बलों को सुरक्षा जिम्मेदारियाँ हस्तांतरित करने और अगले वर्ष देश छोड़ने की योजना है।

हालाँकि, अल-शबाब के खिलाफ आक्रामक अभियान रुक गया है और समूह अभी भी देश के कई ग्रामीण हिस्सों पर नियंत्रण रखता है। सोमालिया में सारंग और फ्लिप-फ्लॉप पहने पुरुषों की बंदूकें लेकर दौड़ती हुई तस्वीरें संघर्ष की सबसे स्थायी रूढ़ियों में से एक हैं। टूटे-फूटे शहरों में घूमते, बेतहाशा गोलीबारी करते इन स्कर्टधारी लड़ाकों की फुटेज बार-बार दिखाई जाती है, जिससे सोमालियाई लोग काफी नाराज होते हैं और कहते हैं कि यह उनके समाज का उचित या सटीक प्रतिनिधित्व नहीं है।सोमालियाई लोग इन सारंगों को मावी कहते हैं। वे आम तौर पर हल्के रंगों में आते हैं, जो इंडोनेशिया में उत्पन्न होने वाले अमूर्त डिजाइनों से सजाए जाते हैं। कई पुरुष इन्हें रोज पहनने के लिए इस्तेमाल करते हैं, जबकि अन्य इन्हें शाम को आराम करने के लिए या नशीली पत्ती खाट चबाते समय अधिक आराम से लेटने के लिए पहनते हैं। अब देश में 15 साल से जारी इस्लामी विद्रोह को खत्म करने की लड़ाई में सारंग या मावीस्ले पहने लोग एक शक्तिशाली नया हथियार बन गए हैं। कबीले लड़ाकों के ये समूह बड़े पैमाने पर अल-शबाब के तहत रहने वाले खानाबदोश और कृषक समुदायों से उभरे हैं, जो दक्षिणी और मध्य सोमालिया में विशाल क्षेत्र को नियंत्रित करता है और वहां रहने वालों पर सख्त नियम लागू करता है।

---

## न्यूज फटाफट

### जापानी प्रधानमंत्री 15 से 19 नवंबर तक अमेरिका दौरे पर रहेंगे

**टोक्यो :** जापान के प्रधान मंत्री फुमियो किशिदा एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (एपीईसी) के शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए 15 से 19 नवंबर तक अमेरिका का दौरा करेंगे। जापान के मुख्य कैबिनेट सचिव हिरोकाजू मात्सुनो ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मात्सुनो ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''जापानी प्रधान मंत्री फुमियो किशिदा एपीईसी शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए 15-19 नवंबर तक सैन फ्रांसिस्को का दौरा करेंगे। एपीईसी शिखर सम्मेलन में वह स्वतंत्र और खुले विदेशी व्यापार को बढ़ावा देने के अलावा, आपूर्ति श्रृंखला, डिजिटल प्रौद्योगिकियों और जलवायु व्यापार और निवेश कार्रवाई को मजबूत करने पर व्यापक चर्चा करेंगे।'' मात्सुनो ने कहा कि किशिदा यूक्रेन की स्थिति के संबंध में रूस पर जापान की स्थिति को ''स्पष्ट रूप से व्यक्त'' करेंगे। उन्होंने कहा कि इसके अलावा, जापानी प्रधान मंत्री इंडो-पैसिफिक इकोनॉमिक फ्रेमवर्क के शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। सचिव ने कहा कि किशिदा के स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय में बोलने और गूगल और सेमीकंडक्टर निर्माताओं के प्रतिनिधियों से मिलने की भी उम्मीद है।

### ट्यूनीशिया ने मानवीय सहायता के साथ गाजा में दूसरा विमान भेजा

**ट्यूनिस :** ट्यूनीशिया ने सोमवार को गाजा पट्टी के लिए 13 टन मानवीय सहायता से भरा दूसरा विमान भेजा। यह जानकारी ट्यूनिस अफ्रीक प्रेस (टीएपी) की एक रिपोर्ट में दी गयी। रिपोर्ट में कहा गया है कि विमान ने राजधानी ट्यूनिस में ट्यूनिस-कार्थेज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से गाजा की सीमा से लगे मिस्र के प्रांत उत्तरी सिनाई में एल-अरिश अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के लिए उड़ान भरी थी। टीएपी ने ट्यूनीशियाई रेड क्रिसेंट के अध्यक्ष अब्देलातिफ चाबौ के हवाले से कहा, ''मानवीय सहायता में चिकित्सा उपकरण, दवाएं, तैयार भोजन, व्हीलचेयर, कंबल के साथ-साथ शिशु फार्मूला जैसे खाद्य उत्पाद शामिल हैं।'' ट्यूनीशिया ने एन्क्लेव के लोगों के लिए लगभग 12 टन मानवीय और चिकित्सा सहायता से भरा पहला विमान 15 अक्टूबर को भेजा था।

### हिजबुल्लाह और इजरायल के बीच संघर्ष में 4 की मौत, कई घायल

**बेरूत :** इजरायल सेना और हिजबुल्लाह लड़ाकों बीच टकराव में सोमवार को चार लेबनानी मारे गए। लेबनानी सैन्य सूत्रों ने 'शिन्हआ' को बताया कि सोमवार को इजरायल भारी तोपखाने ने देश के दक्षिण -पश्चिम के 18 और दक्षिण पूर्व के 10 शहरों समेत कुल 28 शहरों में बमबारी जिसमे 450 से अधिक विस्फोटकों और आग लगाने वाले गोले का इस्तेमाल किया गया। उन्हीं सूत्रों ने बताया कि इजरायली ड्रोन और युद्धक विमानों ने सिलसिलेवार छापे मारे, जिनमें 15 शहरों के बाहरी इलाकों को निशाना बनाकर किए गए 18 हमले शामिल है। इस बीच हिजबुल्लाह ने कहा कि उसके लड़ाकों ने प्रणित बैरक के पास एक इजरायली पैदल सेना पर मिसाइलों से हमला किया और एक अन्य पर सीमा के पास अल-धाहिरा साइट पर हमला किया। हिजबुल्लाह ने रुवैसत अल-आलम और अल-मर्ज में इजरायली ठिकानों को भी निशाना बनाया, जिससे इजरायली सेना के हताहत होने की पुष्टि हुई। सुरक्षा रिपोर्टों के अनुसार, 8 अक्टूबर से अब तक हताहतों की कुल संख्या 101 लोगों तक पहुँच गई है, जिनमें हिज्बुल्लाह के 78 सदस्य भी शामिल हैं। पिछले दिन इजरायल पर हमास के हमलों के समर्थन में 8 अक्टूबर को लेबनानी सशस्त्र समूह हिजबुल्लाह द्वारा इज़रायल की ओर दर्जनों रॉकेट दागे जाने के बाद लेबनान-इज़रायल सीमा पर चार सप्ताह से अधिक समय तक तनाव बढ़ गया था, जिसके जवाब में इजरायली सेना ने दक्षिणपूर्वी लेबनान के कई क्षेत्र में भारी तोपखाने से गोलीबारी की।

### यूक्रेन को स्थायी समर्थन की जरुरत : स्टोल्टेनबर्ग

**कीव :** उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) महासचिव जेन्स स्टोलटेनबर्ग ने मंगलवार को यूक्रेन को स्थायी समर्थन की जरुरत पर बल देते हुए उसके लिए सैन्य सहायता बढ़ाने का आ''ान किया। स्टोल्टेनबर्ग ने ब्रूसेल्स में रक्षा मंत्रियों के साथ यूरोपीय संघ की विदेश मामलों की परिषद की बैठक से पहले कहा मुझे उम्मीद है कि बैठक में हम यूक्रेन की स्थिति पर भी चर्चा करेंगे, तीव्र लड़ाई जारी है, युद्ध के मैदान में स्थिति कठिन है और इससे यह और भी महत्वपूर्ण हो जाता है कि हम यूक्रेन के लिए अपना समर्थन बनाए रखें और बढ़ाएं।नाटो महासचिव ने यह भी कहा कि रूस के साथ संभावित शांति वार्ता आयोजित करने के लिए स्वीकार्य शर्तों पर यूक्रेन खुद फैसला करेगा। फरवरी 2022 में रूस द्वारा देश में अपना सैन्य अभियान शुरू करने के तुरंत बाद पश्चिमी सहयोगियों ने कीव को वित्तीय सहायता प्रदान करना और यूक्रेन में हथियार और गोला-बारूद भेजना शुरू कर दिया, जिसमें यूक्रेन के लिए वित्तीय, मानवीय और सैन्य सहायता के लिए आवंटित धन की राशि 150 अरब डॉलर से अधिक थी। यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर ज़ेलेंस्की ने अक्टूबर 2022 में एक डिक्री पर हस्ताक्षर किए जिसमें कहा गया था कि जब तक श्री व्लादिमीर पुतिन रूस के राष्ट्रपति हैं, उनका देश शांति वार्ता नहीं कर सकता।

### अर्मेनिया के शिखर सम्मेलन में भाग नहीं लेने पर रूस ने व्यक्त किया खेद

**मॉस्को :** रूस ने अर्मेनिया के प्रधानमंत्री निकोल पशिन्यान के सामूहिक सुरक्षा संधि संगठन (सीएसटीओ) शिखर सम्मेलन में शामिल न होने के फैसले पर खेद व्यक्त किया है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इससे पहले दिन में, पशिन्यान ने बेलारूस के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको को सूचित किया कि वह 23 नवंबर को मिन्स्क में सीएसटीओ शिखर सम्मेलन में भाग नहीं ले पाएंगे।

## आज का इतिहास

- 1830 : समाज सुधारक राजा राम मोहन राय इंग्लैंड के लिए रवाना हुए।
- 1866 : भारत की प्रथम महिला बैरिस्टर कार्नेलिया सोराबजी का जन्म हुआ।
- 1920 : जिनेवा में लीग ऑफ नेशंस की पहली बैठक आयोजित की गई।
- 1932 : जर्मनी में मुद्रा स्फीर्ति की दर अत्यधिक उच्चतम स्तर पर जा पहुँची।
- 1947 : विश्व स्वास्थ्य संगठन संयुक्त राष्ट्र का विशिष्ट अभिकरण बन गया।
- 1949 : महात्मा गांधी की हत्या के दोषी नाथूराम गोडसे और नारायण दत्तात्रेय आप्टे को फाँसी दी गई थी।
- 1955 : पोलैंड और यूगोस्लाविया के बीच व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किये गये थे।
- 1961 : संयुक्त राष्ट्र ने परमाणु हथियारों पर रोक लगाई।
- 1982 : सामाजिक कार्यकर्ता विनोबा भावे का निधन हुआ।
- 1986 : प्रसिद्ध भारतीय टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्जा का जन्म हुआ।
- 1989 : पाकिस्तान के कराची में वकार यूनुस और सचिन तेंदुलकर ने टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया।
- 1998 : अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने अपना एशियाई देशों भारत एवं पाकिस्तान का दौरा रद्द किया।
- 2000 : झारखंड भारत का 28वां राज्य बना।
- 2004 : अमेरिकी विदेश मंत्री कोलिन पावेल ने अपने पद से इस्तीफ़ा दिया।
- 2007 : चिली में 7.7 तीव्रता का भीषण भूकम्प आया था।
- 2008 : भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गर्वनर वाई वेणुगोपाल रेड्डी को वैश्विक वित्तीय प्रणाली में सुधार की जाँच के लिए संयुक्त राष्ट्र द्वारा गठित टास्क फोर्स में शामिल किया गया।
- 2012 : शी जिनपिंग चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव बने थे।
- 2017 : हिन्दी के सम्मानित कवियों में गिने जाने वाले कुंवर नारायण का निधन हुआ।

राष्ट्रीय ख़बर
हमारी नज़र
प्रथम पृष्ठ 2
रांची बुधवार 12
web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rastriyakhabar.com
15.11.2023

## 19 स्थान सुरक्षा दस्ता तैनात

रांचीः स्थापना दिवस और पीएम के झारखंड आगमन को ध्यान में रखकर जिला प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त कर दी है। शहर में पीएम की उपस्थिति और 15 नवंबर स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कोई परेशानी ना हो इसको लेकर शहर के 19 स्थान पर दो पहिए सुरक्षा दस्ता की तैनाती की गई है। जिसमें इंस्पेक्टर स्तर के दो अधिकारी और चार कांस्टेबल की टीम बनाई गई है ।

स्थापना दिवस

### आगवानी राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने की

# जनजातीय गौरव दिवस में भाग लेंगे प्रधानमंत्री

राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रात करीब 9.30 बजे बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुचें। प्रधानमंत्री का कारकेड एसपीजी और झारखंड पुलिस के विशेष सुरक्षा में बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से राजभवन की ओर रवाना हुए। एयरपोर्ट पर प्रधानमंत्री की आगवानी झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हिनू चौक पर रुककर लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। इस अवसर पर लोगों ने उनपर पुष्पवर्षा की। लोगों में गजब का उत्साह था।

राजभवन के रास्ते में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का अभिनंदन करने के लिए काफी संख्या में आम लोगों के साथ बीजेपी के कार्यकर्ता भी मौजूद थे। लोगों ने फुलों की बारिश कर के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का अभिनंदन किया। प्रधानमंत्री ने भी आमलोगों का अभिनंदन का जवाब हाथ हिलाकर दिया। लोगों की भीड़ काफी अधिक होने के कारण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को कारकेड को राजभवन पहुंचने में निर्धारित समय से काफी अधिक समय लगा। प्रधानमंत्री आज की रात राजभवन में ही गुजारेंगे।

15 नवंबर को सुबह करीब 9.30 बजे प्रधानमंत्री भगवान बिरसा मुंडा मेमोरियल पार्क और स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालय का दौरा करेंगे। अपने दौरे के अगले क्रम में प्रधानमंत्री। बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातू गांव पहुंचेंगे, जहां वह भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। नरेद्र मोदी सुबह करीब 11.30 खूंटी में जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम



में भाग लेगें। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' और 'प्रधानमंत्री विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह मिशन' का शुभारंभ करेंगे। इसी कार्यक्रम में प्रधानमंत्री प्रधानमंत्री-किसान योजना की 15वीं किस्त भी जारी करेंगे। झारखंड में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास और उन्हें राष्ट्र को समर्पित करेंगे।

## आत्मदाह की धमकी देनेवाले सेंगेल के चार कार्यकर्ता गिरफ्तार

राष्ट्रीय खबर

**रांची**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के झारखंड दौरे के दौरान आत्मदाह की धमकी देनेवाले आदिवासी सेंगेल अभियान के चार कार्यकर्ताओं को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार लोगों में चंद्र मोहन मार्डी, पृथ्वी मुर्मू, विक्रम हेंब्रम और कान्हूराम टुडू शामिल है। गिरफ्तार लोगों ने कुछ दिनो पूर्व कहा था कि अगर 5 नवंबर को शाम चार बजे तक केंद्र सरकार सरना कोड देने की घोषणा नहीं करती है तो वे लोग शहीद बिरसा मुंडा के खूंटी स्थित गांव उलीहातु में जाकर आत्मदाह कर लेंगे। सेंगेल अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सालखन मुर्मू ने तब विज्ञप्ति जारी कर कहा था कि अभियान इन लोगों की बलिदानी भावना की सराहना करता है। उन्होंने यह भी कहा था कि यह इन लोगों का निजी फैसला है। इस बीच सेंगेल अभियान की महिला मोर्चा की कोल्हान क्षेत्र की अध्यक्ष प्रेमशिला मुर्मू ने भी आत्मदाह करने की धमकी दी है। प्रेमशिला ने कहा कि वह जमशेदपुर में बिरसा मुंडा की प्रतिमा के सामने आत्मदाह कर लेंगी। आदिवासी



सेंगेल अभियान के प्रमुख सालखन मुर्मू ने कहा कि बिरसा जयंती (15 नवंबर को सभी जिला मुख्यालयों में सुबह दस बजे से एक बजे तक सरना धर्म कोड और आदिवासी राष्ट्र के मुद्दे पर अनशन जारी रहेगा। सालखन मुर्मू और सुमित्रा मुर्मू जमशेदपुर में साकची गोल चक्कर के पास नशन पर बैठेंगे। सालखन मुर्मू ने कहा कि कार्यकर्ताओं की गिरफ्तार का पता उन्हें आज 14 नवंबर को चला है जबकि पुलिस ने गिरफ्तार 13 नवंबर को ही की थी। गौरतलब है कि चंद्रमोहन मार्डी को पेटरवार थाना पुलिस, पृथ्वी मुर्मू और विक्रम हेंब्रम को पूर्वी सिंहभूम की बागबेड़ा थाना पलिस ने गिरफ्तार किया है। कान्लूराम टुडू को गम्हरिया थाना की पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सालखन मुर्मू ने कहा कि देश के लगभग 5 करोड़ आदिवासियों को धार्मिक आजादी नहीं देना संविधान कानून का गला घोंटने के जैसा है। अगर आदिवासियों को अपना धर्मकोड नहीं मिला तो इसे सबको जबरन हिंदू, मुसलमान, ईसाई आदि बनने पर मजबूर करना माना जायेगा। गिरफ्तार को लेकर उन्होंने कहा कि हमारे लोगों ने बलिदानी साहस दिखाया है। उनकी गिरफ्तार बलिदानी भावना को कुचलने के जैसा है। आदिवासी सेंगेल अभियान इसकी निंदा करता है। आनेवाले दिनों में सेंगेल बड़े आंदोलन की घोषणा करेगा।

## अलर्ट पर रिम्स व सदर अस्पताल

राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** प्रधानमंत्री के जनजातीय गौरव दिवस पर आयोजित दौरे को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने अपनी तैयारियां पूरी कर ली है। पीएम के कार्यक्रम को लेकर सदर अस्पताल के उपाधीक्षक की ओर से स्वास्थ्य टीम का गठन किया गया है। इसके लिए खूंटी सिविल सर्जन ने विशेष रूप से आग्रह किया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ब्लड ग्रुप ए-पॉजिटिव है। स्वास्थ्य विभाग ने फुलप्रूफ तैयारी की है। आपात स्थिति के लिए छह रक्तदाता तैयार किये हैं। प्रधानमंत्री के भोजन जांच के लिए भी एक टीम को लगाया गया है। एक टीम बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर लगाया गया है, जो उनके आगमन से प्रस्थान तक एयरपोर्ट पर ही रहेगा। वहीं, ब्लड बैकों को भी अलग से निर्देश दिए गये हैं। प्रतिनियुक्ति को लेकर टीम ने सोमवार को खूंटी का दौरा कर कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया। पीएम के प्रस्थान होने तक सदर अस्पताल के वरिष्ठ डाक्टरों की टीम कारकेड व अन्य प्रमुख जगहों पर तैनात रहेगी। टीम में रिम्स और सदर के विशेषज्ञ चिकित्सकों को प्रतिनियुक्त किया गया है। इसका नेतृत्व मेडिसीन स्पेशियलिस्ट डॉ हरिश चंद्रा, ऐनेस्थिस्ट डॉ जयवंत, जेनरल सर्जन डॉ अखिलेश कुमार झा, ऑथोर्पेडिक सर्जन डॉ शेरन अली,आई स्पेश्लिस्ट डॉ वत्सल लाल साथ ही रिम्स से ह्दय रोग विशेषज्ञ शामिल रहेंगे। एक टीम में छह डॉक्टरों को लगाया गया है।

## रांची से खूंटी तक सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज (14 नवंबर) को झारखंड दौरे पर आ रहे हैं। पीएम मोदी रात करीब 8.40 बजे रांची एयरपोर्ट पहुंचेगे। इसके बाद एयरपोर्ट से राजभवन तक रोड शो करेंगे। पीएम के कार्यक्रम को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। पीएम की सुरक्षा में रांची एयरपोर्ट से लेकर खूंटी तक 2856 जवान तैनात रहेंगे। इनमें 100 इंस्पेक्टर, 552 एसआई और एएसआई, 400 सशस्त्र बल, 1727 लाठी बल और 77 महिला लाठी बल शामिल हैं। पांच आईपीएस अफसर के साथ छह डीएसपी को राजधानी में होने वाले रोड शो की सुरक्षा की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। पीएम मोदी आज शाम (14



नवंबर) करीब 8.40 बजे नई दिल्ली से अपने विशेष विमान से रांची पहुंचेंगे। 15 नवंबर की सुबह पीएम बिरसा चौक पर भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे और फिर यहां से एयरपोर्ट के लिए निकल जायेंगे। पीएम अपने विशेष हेलीकॉप्टर से खूंटी के लिए रवाना हो जायेंगे। रांची एयरपोर्ट से लेकर राजभवन और राजभवन से लेकर खूंटी तक प्रधानमंत्री की तीन लेयर की सुरक्षा व्यवस्था तैयार की गयी है। रांची और खूंटी दोनों ही शहरों की निगरानी सीसीटीवी से की जायेगी। इसके लिए कंट्रोल रूम में एक टीम तैनात की गयी है। साथ ही ड्रोन से भी नजर रखी की जायेगी। एयरपोर्ट से लेकर राजभवन तक सड़क किनारे वाहन की पार्किंग पर रोक लगा दी गयी है। सड़क किनारे लगने वाले ठेले-खोमचे को बंद करने का निर्देश दिया गया है।

## प्रिंस खान को पैसा ट्रांसफर करने वाला बीर सिंह गिरफ्तार

**रांचीः** कुख्यात अपराधी प्रिंस खान और उसके गिरोह के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। इस अभियान में पुलिस को कई सफलता हाथ लगी है। जिला पुलिस लगातार गुप्त सूचना तंत्र के माध्यम से अपराधियों के खिलाफ सफलता हासिल कर रही है। इसी कड़ी में प्रिंस खान को दुबई पैसे भेजने वाले बीर सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। यह जानकारी आज धनबाद के एसएसपी संजीव कुमार ने दी। प्रेस कांफ्रेंस में उन्होंने बताया कि प्रिंस खान के लिए बीर सिंह खासम खास था। उसे गाजियाबाद से गिरफ्तार किया गया है। यह दिल्ली से ही सारे ट्रांजैक्शन करता था और सैकड़ों की संख्या में अकाउंट को मैनेज करता था। धनबाद पुलिस के द्वारा इससे पहले भी 100 से ज्यादा अकाउंट को फ्रीज किया गया है और आज भी 40 अकाउंट को भी फ्रीज किया गया। धनबाद पुलिस द्वारा प्रिंस खान के गुर्गों को लगातार ढूंढ ढूंढ कर गिरफ्तार किया जा रही है। वह दिन भी दूर नहीं जब प्रिंस खान धनबाद पुलिस की गिरफ्तार में होगा। एसएसपी ने कहा कि प्रिंस खान के पूरे नेटवर्क को अब तक धनबाद पुलिस ने समाप्त कर दिया है। गिरफ्तार अपराधी के पास से दो सिमयुक्त मोबाईल, दो अतिरिक्त सिम कार्ड, संयुक्त अरब अमिरात की मुद्रा-65 दिरहम और 1200 रुपये नकद बरामद किये गये।

## सहायक आचार्य नियुक्ति के विज्ञापन पर रोक लगाने से हाईकोर्ट का इनकार

राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** सहायक आचार्य नियुक्ति के विज्ञापन को चुनौती देने वाली मनी लांग एवं अन्य की याचिका पर सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति राजेश शंकर की कोर्ट ने प्रार्थी की हस्तक्षेप याचिका (आईए) पर सुनवाई करते हुए सहायक आचार्य के विज्ञापन 13 /2023 पर रोक लगाने से इनकार कर दिया।दरअसल झारखंड स्टाफ सेलेक्शन कमीशन ने प्राथमिक स्कूलों में सहायक आचार्य के 26001 पदों के लिए विज्ञापन निकाला है। मामले में कोर्ट ने झारखंड एकेडमिक काउंसिल( जैक) के सचिव को प्रतिवादी बनाते हुए चार सप्ताह में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई जनवरी 2024 के दूसरे सप्ताह में होगी। सहायक आचार्य के विज्ञापन संख्या 13/ 2023 को चुनौती देते हुए प्रार्थी ने सहायक आचार्य के पे स्केल एवं अन्य बातों को उठाया है। दाखिल याचिका में प्रार्थी का कहना है कि राज्य सरकार ने जो टेट परीक्षा ली थी वह सहायक शिक्षक पद के लिए ली थी। सहायक शिक्षक के पद की बजाय सहायक आचार्य पद के लिए कैसे विज्ञापन निकाला गया? वर्ष 2016 में सरकार ने टेट परीक्षा आयोजित की थी लेकिन यह परीक्षा सहायक शिक्षक पद के लिए थी। बाद में पद का नाम सहायक आचार्य कर दिया गया और इसका पे स्केल भी सहायक शिक्षक के पे स्केल से कम कर दिया गया। अब सहायक आचार्य का नया पद बनाकर नियुक्ति प्रक्रिया की जा रही है। इसलिए सहायक आचार्य के नियुक्ति विज्ञापन पर रोक लगाई जाए।

## राजधानी में रूट लाइन समेत कई स्थान नो फ्लाई जोन घोषित



राष्ट्रीय खबर

**रांचीः**प्रधानमंत्री मोदी के आगमन को लेकर रांची डीसी और एसएसपी ने जॉइंट आर्डर जारी किया है। इस ऑर्डर के जरिए कई बदलाव किया गया है। इसको लेकर शहर के लिए प्रयोग किए जानेवाले रूट लाइन, बिरसा मुंडा विमानपत्तन, राजभवन एवं बिरसा मुंडा पुरानी जेल क्षेत्र को ड्रोन के लिए नो फ्लाई जोन घोषित किया गया है। यानी जिन स्थानों से पीएम मोदी गुजरेंगे या जहां भी वह ठहरेंगे उस स्थान को नो फ्लाइ जोन घोषित किया गया है। इन स्थानों पर ड्रोन नहीं उड़ाये जा सकेंगे।

आयोजन

### हरमू रोड काली पूजा समिति का वार्षिक आयोजन संपन्न

# महाआरती में शामिल हुई एक हजार महिलाएं

- सांसद संजय सेठ थे मुख्य अतिथि
- विधायक सीपी सिंह भी शामिल हुए
- अनेक श्रद्धालु देखने भी आये हुए थे

राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** हरमू रोड काली पूजा समिति का वार्षिक महाआरती कार्यक्रम कल रात धूमधाम से संपन्न हुआ। हर साल की भांति इस साल भी महिलाएं पारंपरिक धार्मिक रीति रिवाज से इस आयोजन में शामिल हुईं। उल्लेखनीय बात यह रही कि इस बार के आयोजन में शामिल होने के लिए सिमडेगा से भी पचास महिलाओं का जत्था आया था जबकि इस आयोजन की बात सुनकर रोहतक (हरियाणा) से भी एक महिला ने इसमें भाग लिया।





महाआरती के पूर्व आयोजित स्थानीय क्राउन पब्लिक स्कूल में सभी महिलाएं और अन्य श्रद्धालु एकत्रित हुए थे। वहां पर आने वाले महिलाओं ने अपने अपने घर से ही आरती की थाल सजाकर लाये थे। यहां आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि और स्थानीय सांसद संजय सेठ ने इस आयोजन की सराहना की और कहा कि अयोध्या में श्रीराम मंदिर के उदघाटन के आनंद में ऐसा आयोजन वाकई धन्यवाद के काबिल है। उन्होंने पूजा कमेटी के मुख्य संरक्षक प्रेम वर्मा से अपने पुराने संबंधों का उल्लेख करते हुए कहा कि ऐसे लोग हमेशा ही सामाजिक कार्यों में आगे बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं, यह अपने आप में प्रशंसनीय है। उन्होंने इस मंच से तमाम नागरिकों को प्रधानमंत्री के रांची आगमन पर उनके रोड शो में भाग लेने का अनुरोध भी किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित दौरे की वजह से ही इस कार्यक्रम के समय में तब्दीली की गयी थी और प्रशासनिक व्यस्तताओं को देखते हुए कार्यक्रम को संक्षिप्त भी किया गया था। क्राउन पब्लिक स्कूल से निकलकर पूजा पंडाल की तरफ महिलाओं के आने के मौके पर सावधानी के लिए सड़क पर यातायात भी रोक दिया गया था। आयोजन के बारे में जानने वाले हजारों लोग भी इस मौके पर वहां उपस्थित हो गये थे।

महिलाओं ने हरमू बाई पास सड़क पर ही आरती की थाल में लगे दीपों को जलाकर इस आरती में भाग लिया जबकि इस आरती के दौरान वहां मंगलाचरण भी गाया गया। महाआरती में सांसद संजय सेठ के अलावा स्थानीय विधायक सीपी सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग भी शामिल हुए। जिन्होंने काली पूजा समिति के सदस्यों की मेहनत की प्रशंसा की।




